
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 331 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 09 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# साइबर ठगी पर सरकार का बड़ा वार, एफआरआई ने बचाए 5,000 करोड़ से अधिक

## पैसा निकलने के बाद वापसी नहीं, संदिग्ध लेनदेन को स्रोत पर रोककर बचाई रकम




समाज जागरण

नई दिल्ली। साइबर ठगी के बढ़ते खतरे के बीच दूरसंचार विभाग की वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) व्यवस्था आम नागरिकों के लिए बड़ा सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। 22 मई 2025 को शुरू किए गए एफआरआई ने 15 महीनों में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित साइबर धोखाधड़ी को रोकने में मदद की है। खास बात यह है कि यह रकम धोखाधड़ी के बाद बरामद नहीं की गई, बल्कि संदिग्ध लेनदेन को समय रहते पहचानकर पैसा खातों से निकलने से पहले ही रोकने में मदद मिली।

दूरसंचार विभाग के अनुसार, अगस्त 2025 में एफआरआई के जरिए रोकी गई संभावित धोखाधड़ी की संचयी रकम 139.16 करोड़ रुपये थी, जो अगस्त 2026 तक बढ़कर 5,043.73 करोड़ रुपये हो गई। अप्रैल 2026 से शुरू हुए केवल चार महीनों में ही 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित वित्तीय धोखाधड़ी रोकने में मदद मिली।

### रियल टाइम में पहचान, तुरंत कार्रवाई

एफआरआई दूरसंचार विभाग के डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के तहत विकसित जोखिम आकलन व्यवस्था है। यह वित्तीय संस्थानों को वास्तविक समय में यह आकलन करने में मदद करती है कि कोई मोबाइल नंबर साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ा होने की कितनी संभावना रखता है।

एफआरआई मोबाइल नंबरों को मध्यम, उच्च और बहुत उच्च जोखिम की श्रेणियों में वर्गीकृत करता है। इसके लिए संचार साथी पर नागरिकों की रिपोर्ट, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, दूरसंचार कंपनियों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से प्राप्त जानकारी का इस्तेमाल किया जाता है।

### बैंक और यूपीआई प्लेटफॉर्म भी जुड़े

जोखिम संबंधी जानकारी डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के माध्यम से बैंकों, भुगतान सेवा प्रदाताओं, बीमा कंपनियों, प्रतिभूति मध्यस्थों और पेंशन क्षेत्र की संस्थाओं तक पहुंचाई जाती है। उच्च और बहुत उच्च जोखिम वाले मोबाइल नंबरों से जुड़े लेनदेन को बैंक और यूपीआई सेवा प्रदाता वास्तविक समय में रोक या चिह्नित कर सकते हैं।

### चार महीने में 2,000 करोड़ से ज्यादा की रोकथाम

एफआरआई के इस्तेमाल का दायरा बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता भी तेजी से बढ़ी है। विभाग के मुताबिक अप्रैल से अगस्त 2026 के बीच केवल चार महीनों में ही 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित धोखाधड़ी रोकने में मदद मिली। विभाग का कहना है कि साइबर ठगी सफल होने के बाद रकम को कुछ ही मिनटों में कई खातों में भेज दिया जाता है। इसके बाद उसे ट्रैक कर वापस लाना कठिन होता है। ऐसे में ठगी के बाद वसूली के बजाय ठगी से पहले रोकथाम अधिक प्रभावी उपाय है।

### 5,000 करोड़ का आंकड़ा केवल प्रत्यक्ष बचत

विभाग के अनुसार 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचाई गई रकम केवल प्रत्यक्ष वित्तीय बचत को दशार्ती है। इसमें उन शिकायतों, एफआईआर, जांच, बैंक खातों पर रोक और रकम को ट्रैक करने जैसी प्रक्रियाओं से बची लागत और नागरिकों की परेशानी शामिल नहीं है, जो ठगी सफल होने की स्थिति में सामने आती। (इनपुट : पीआईबी)

पेज-3 : विस्तार से खबर

# UPI के बाद दुनिया के पेमेंट सिस्टम से जुड़ने का लक्ष्य : मोदी

### ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में बोले प्रधानमंत्री- अब भुगतान से आगे बढ़कर क्रेडिट, बीमा, बचत, निवेश और पेंशन तक पहुंच बढ़ानी होगी



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की फिनटेक यात्रा अब अगले चरण में प्रवेश कर रही है। मुंबई में ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यूपीआई भारत की फिनटेक सफलता का बड़ा चैंपियन है, लेकिन अब अगला लक्ष्य दुनिया के अलग-अलग देशों के पेमेंट सिस्टम को भारत के सिस्टम से जोड़ना होना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीआई अब भारत तक सीमित नहीं है और 11 देशों में लाइव हो चुका है। सिंगापुर के साथ पेमेंट सिस्टम को जोड़ने का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि दूसरे देशों के साथ भी ऐसी कनेक्टिविटी विकसित करने की जरूरत है। इससे विदेशों से भारत पैसा भेजने वाले लोगों की ट्रांजैक्शन लागत कम होगी और रकम तेजी से परिवारों तक पहुंच सकेगी।

उन्होंने कहा कि अगस्त में यूपीआई के जरिए 2,400 करोड़ से अधिक लेनदेन हुए। औसतन 10 मिनट में देशभर में 50 लाख से अधिक यूपीआई लेनदेन होने की क्षमता भारत के डिजिटल भुगतान तंत्र की व्यापकता को दशार्ती है।

### पेमेंट से आगे बढ़े फिनटेक

पीएम मोदी ने कहा कि फिनटेक का भविष्य केवल डिजिटल भुगतान तक सीमित नहीं होना चाहिए। क्रेडिट, बीमा, बचत, निवेश और पेंशन जैसी वित्तीय सेवाओं को भी आम लोगों के लिए उतना ही आसान और सुलभ बनाना होगा।

उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना का उदाहरण देते हुए कहा कि यूपीआई ने स्ट्रीट वेंडर्स को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। योजना के लाभार्थियों की औसत वार्षिक आय में 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का भी उन्होंने उल्लेख किया।

### साइबर सुरक्षा और उपभोक्ता संरक्षण पर जोर

प्रधानमंत्री ने फिनटेक क्षेत्र से साइबर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और अपने एथिकल डेटा प्रोटेक्शन मानक विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने नियामकों और उद्योग के बीच मजबूत नवाचार तंत्र बनाने तथा फिनटेक कंज्यूमर प्रोटेक्शन इंडेक्स तैयार करने का सुझाव भी दिया।

उन्होंने कहा कि एजेंटिक एआई, टोकनाइजेशन और क्वांटम जैसी नई तकनीकें वित्तीय क्षेत्र में बड़े अवसर पैदा कर रही हैं। इनका वास्तविक लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाना फिनटेक क्षेत्र की अगली बड़ी चुनौती है। (इनपुट : पीआईबी)

# अमेरिका से बढ़ी पाकिस्तान की नजदीकी, चीन ने कसी निवेश की लगाम

### फैसलाबाद बिजली कंपनी की खरीद से पीछे हटी चीनी कंपनी, पाकिस्तान में चीन के पुराने निवेश पर उठने लगे सवाल



समाज जागरण

नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ चीन की वर्षों पुरानी दोस्ती अब आर्थिक मोर्चे पर नई चुनौतियों का सामना करती दिखाई दे रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर निवेश करने वाली चीनी कंपनियां अब नए निवेश को लेकर अधिक सतर्क हो रही हैं और मौजूदा परियोजनाओं में भी लाभ तथा निवेश की सुरक्षा का हिसाब-किताब करने लगी हैं।

जापानी समाचार संस्था निक्केई एशिया की रिपोर्ट के अनुसार, पावर चाइना की एक सहायक कंपनी ने पाकिस्तान की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी फैसलाबाद इलेक्ट्रिक सप्लाई कंपनी (फेस्को) को खरीदने की योजना से अचानक कदम पीछे खींच लिए हैं। यह घटनाक्रम पाकिस्तान में चीनी निवेश की स्थिति को लेकर सवाल खड़े करता है।

### सीपीईसी में चीन ने लगाया बड़ा दांव

चीन ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत पाकिस्तान में सड़क, राजमार्ग, बंदरगाह और ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। बिजली उत्पादन के क्षेत्र में भी चीनी कंपनियों ने कई बड़ी परियोजनाएं स्थापित की हैं।

इनमें साहीवाल का 1,320 मेगावाट कोयला बिजलीघर, पोर्ट कासिम का 1,320 मेगावाट संयंत्र, हब का 1,320 मेगावाट संयंत्र, करोट का 720 मेगावाट जलविद्युत संयंत्र और सुकी किनारी का 884 मेगावाट जलविद्युत संयंत्र शामिल हैं।

### अब निवेश के बदले लाभ पर जोर

पाकिस्तान में आर्थिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों के बीच चीनी कंपनियों के लिए अपने निवेश पर पर्याप्त लाभ और उसकी सुरक्षा महत्वपूर्ण मुद्दा बन गए हैं। ऐसे में नए निवेश से पहले परियोजनाओं की व्यवहार्यता और संभावित लाभ का अधिक सावधानी से आकलन किया जा रहा है। पाकिस्तान लंबे समय से चीन को अपना 'सदाबहार मित्र' बताता रहा है, लेकिन बदलते वैश्विक समीकरणों में उसके अमेरिका के साथ बढ़ते संपर्क और चीन की ओर से निवेश संबंधी सतर्कता ने इस रिश्ते की आर्थिक दिशा पर बहस तेज कर दी है।

### पाकिस्तान के लिए चुनौती

सीपीईसी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण परियोजना रही है। ऐसे में यदि चीनी कंपनियां नए निवेश को सीमित करती हैं या मौजूदा परियोजनाओं से पीछे हटने लगती हैं तो पाकिस्तान के लिए विदेशी निवेश जुटाना और बड़े बुनियादी ढांचा प्रकल्पों को आगे बढ़ाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

हालांकि, किसी एक परियोजना से पीछे हटने को चीन-पाकिस्तान संबंधों के पूरी तरह टूटने का संकेत मानना जल्दबाजी होगी। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और रक्षा क्षेत्र में व्यापक सहयोग अब भी जारी है। फिर भी चीनी कंपनियों का बढ़ता सतर्क रुख पाकिस्तान की आर्थिक मुश्किलों के बीच महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है।

# रूस से भारत का ऊर्जा आयात रिकॉर्ड स्तर पर, हर महीने बन रहा नया कीर्तिमान

## क्रेमलिन का दावा- ऊर्जा व्यापार में नहीं आई कमी, भुगतान व्यवस्था और रेयर अर्थ्स पर भी बढ़ रहा सहयोग



समाज जागरण

नई दिल्ली। रूस ने कहा है कि भारत को उसके ऊर्जा निर्यात में किसी तरह की कमी नहीं आई है और दोनों देशों के बीच ऊर्जा व्यापार लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने भारतीय पत्रकारों के साथ वर्चुअल बातचीत में कहा कि सुरक्षा कारणों से सटीक आंकड़े साझा नहीं किए जा सकते, लेकिन लगभग हर महीने भारत को रूसी ऊर्जा निर्यात का नया रिकॉर्ड बन रहा है।

पेस्कोव ने भारत-रूस व्यापार में लंबे समय से चर्चा में रहे रुपए भुगतान के मुद्दे पर भी सकारात्मक संकेत दिए। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार में जमा हुई रुपए की राशि से जुड़ी समस्याओं को धीरे-धीरे सुलझाया जा रहा है और दोनों देश भुगतान व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के विकल्पों पर काम कर रहे हैं।

### रेयर अर्थ्स और एसयू-57 पर भी बातचीत

क्रेमलिन के अनुसार भारत और रूस दुर्लभ मृदा खनिजों यानी रेयर अर्थ्स की खोज और विकास के क्षेत्र में सहयोग को लेकर बातचीत कर रहे हैं। आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा, रक्षा और उच्च तकनीक उद्योगों में इन खनिजों का महत्व तेजी से बढ़ रहा है।

इसके अलावा रूस के अत्याधुनिक एसयू-57 स्टेल्थ लड़ाकू विमान की संभावित बिक्री का मुद्दा भी दोनों देशों के बीच बातचीत के एजेंडे में शामिल है।

### राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर जोर

पेस्कोव ने कहा कि राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाना किसी 'डी-डॉलराइजेशन अभियान' का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह रूस के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप भुगतान व्यवस्था विकसित करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि डॉलर और यूरो के इस्तेमाल पर प्रतिबंधों के बाद रूस ने वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों और राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ाया है।

### ब्रिक्स सम्मेलन में पुतिन होंगे शामिल

क्रेमलिन ने पुष्टि की है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन से इतर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी होगी। इसमें व्यापार, आर्थिक सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। वर्ष 2026 में भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। विस्तारित ब्रिक्स समूह के बढ़ते प्रभाव के बीच भारत-रूस ऊर्जा और आर्थिक सहयोग को लेकर इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। (इनपुट : आईएएनएस)

# सेक्टर-63ए में जूस कॉर्नर को लेकर हंगामा



समाज जागरण


नोएडा। सेक्टर-63ए ब्लॉक में हिमाचल जूस कॉर्नर लगाए जाने को लेकर मंगलवार को हंगामा हो गया। स्थानीय लोगों और आसपास की कंपनियों के कर्मचारियों ने सड़क पर जगह घेरकर जूस कॉर्नर लगाए जाने का विरोध किया। लोगों का कहना है कि सड़क पर कब्जा कर दुकान लगाने से आवागमन प्रभावित होगा। विरोध कर रहे लोगों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक मार्ग पर किसी भी तरह का अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। मौके पर लोगों की भीड़ जुटने से कुछ देर तक स्थिति तनावपूर्ण रही।

### पहले भी उठ चुके हैं आवंटन को लेकर सवाल

गौरतलब है कि सेक्टर-63, सेक्टर-63ए और सेक्टर-106 में पराग डेयरी तथा एचपीएमसी के नाम पर आवंटित कियोस्क और स्थानों को लेकर स्थानीय वेंडरों ने हाल में नोएडा प्राधिकरण से शिकायत कर जांच की मांग की थी। शिकायत में आवंटित स्थानों के उपयोग और आवंटन की शर्तों के पालन की जांच की मांग की गई थी।

# DFC से तेज आर्थिक विकास की मजबूत नींव तैयार कर रहा भारत

## 2,843 किमी का फ्रेट नेटवर्क पूरा; रोजाना 443 से अधिक मालगाड़ियां, उद्योग, किसान और निर्यातकों को मिलेगा बड़ा फायदा




समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में माल की तेज, सस्ती और भरोसेमंद आवाजाही के लिए तैयार किए गए समर्पित माल ढुलाई गलियारे (डीएफसी) ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति देने की मजबूत आधारशिला तैयार कर दी है। 2,843 किलोमीटर लंबे पूर्वी और पश्चिमी माल ढुलाई गलियारे का निर्माण पूरा हो चुका है और दोनों पर नियमित रूप से मालगाड़ियों का संचालन हो रहा है।

पूर्वी माल ढुलाई गलियारा लुधियाना से सोननगर तक 1,337 किलोमीटर, जबकि पश्चिमी माल ढुलाई गलियारा दादरी से जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह तक 1,506 किलोमीटर लंबा है। दोनों गलियारों पर प्रतिदिन औसतन 443 से अधिक मालगाड़ियां चल रही हैं।

### माल ढुलाई तेज, यात्री ट्रेनों को भी राहत

अब तक व्यस्त रेल मार्गों पर मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों को एक ही रेल पटरी का उपयोग करना पड़ता था। अलग माल ढुलाई गलियारा मिलने से मालगाड़ियों के लिए स्वतंत्र मार्ग उपलब्ध हुआ है। इससे पुराने रेल मार्गों पर दबाव कम हुआ है और यात्री ट्रेनों के संचालन के लिए अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होने की संभावना बढ़ी है।

### उद्योग, किसान और निर्यातकों को लाभ

डीएफसी के कारण कच्चे माल और तैयार वस्तुओं को उत्पादन केंद्रों से बाजारों तथा बंदरगाहों तक पहुंचाने में समय कम होने की उम्मीद है। इससे परिवहन लागत घटाने और भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

पश्चिमी गलियारे का जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से सीधा जुड़ाव निर्यात और आयात के माल की आवाजाही के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। वहीं किसानों के लिए भी बेहतर माल परिवहन व्यवस्था कृषि उत्पादों को दूर के बाजारों तक तेजी से पहुंचाने में सहायक हो सकती है।

### एक ही रेलगाड़ी में अधिक माल

पश्चिमी माल ढुलाई गलियारे पर दोहरी परत वाले माल कंटेनर वाली रेलगाड़ियों के संचालन की सुविधा है। इससे एक रेलगाड़ी में अधिक माल ले जाना संभव होता है और माल ढुलाई की क्षमता तथा कार्यकुशलता बढ़ती है।

विद्युतीकृत और अधिक क्षमता वाले इस नेटवर्क से लंबी दूरी तक माल परिवहन में रेल की भूमिका मजबूत होने की उम्मीद है। सड़क परिवहन की तुलना में रेल से बड़े पैमाने पर माल ढुलाई ऊर्जा की दृष्टि से भी अधिक दक्ष मानी जाती है।

### 2047 के विकसित भारत की तैयारी

डीएफसी को केवल रेल परियोजना नहीं, बल्कि देश की व्यापक माल परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। गति शक्ति योजना, राष्ट्रीय माल परिवहन नीति, माल भंडारण केंद्रों, बंदरगाहों और विभिन्न परिवहन साधनों को जोड़ने वाली व्यवस्था के साथ इसका उपयोग देश की आपूर्ति श्रृंखला को अधिक प्रभावी बनाने में मदद कर सकता है।

# जर्मनी में कट्टरपंथी एएफडी की छोटी जीत के बड़े मायने

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

आजकल जर्मनी में अल्टरनेटिव फॉर डॉयचलैंड (एएफडी) की एक छोटी-सी जीत की बड़ी चर्चा हो रही है। एएफडी की छोटी-सी जीत से पूरे यूरोप और खासकर इस्लामी जगत में बेचैनी नजर आ रही है। यह जर्मनी की



एक ऐसी धुर दक्षिणपंथी राजनीतिक पार्टी है, जिसने हाल के वर्षों में जर्मन राजनीति में भूचाल ला दिया है। 2013 में स्थापित हुई इस पार्टी ने प्रवासियों के विरोध, यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रति अविश्वास और जर्मन राष्ट्रवाद के दम पर देश के चुनावी परिदृश्य को बदलकर रख दिया है। अल्टरनेटिव फॉर डॉयचलैंड की स्थापना 6 फरवरी 2013 को हुई थी। शुरूआत में, इस पार्टी का गठन अर्थशास्त्रियों और बुद्धिजीवियों द्वारा किया गया था, जो मुख्य रूप से यूरोपीय संघ की आर्थिक नीतियों, विशेष रूप से यूरो क्षेत्र के आर्थिक सहायता पैकेज के खिलाफ थे। हालांकि, 2015 के यूरोपीय शरणार्थी संकट के दौरान पार्टी की विचारधारा में एक बड़ा बदलाव आया। पार्टी ने अपना रुख पूरी तरह से धुर दक्षिणपंथी और लोकलुभावन बना लिया। इस विचारधारा के तहत पार्टी का सबसे प्रमुख एजेंडा देश में शरणार्थियों और प्रवासियों के आने पर पूर्ण विराम लगाना है। पार्टी अवैध शरणार्थियों को तेजी से निर्वासित करने की वकालत करती है। उनका मानना है कि प्रवासियों के आने से जर्मनी की पारंपरिक और सांस्कृतिक पहचान खतरे में है। वे स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान गाने जैसी नीतियों को बढ़ावा देते हैं। इसके साथ ही पार्टी खुले तौर पर जर्मनी में बढ़ते इस्लामीकरण और बहुसंस्कृतिवाद का विरोध करती है। जर्मनी की खुफिया एजेंसी की रिपोर्टों के अनुसार, इसके नेताओं द्वारा कई बार जनविरोधी और नस्लवादी बयान दिए गए हैं। पार्टी यूरोपीय संघ की मौजूदा व्यवस्था में बड़े बदलाव या उससे पूरी तरह बाहर निकलने की बात भी करती है।

धार्मिक रुख की बात करें तो आधिकारिक तौर पर एएफडी स्वयं को ईसाई-यहूदी संस्कृति और पश्चिमी सभ्यता का रक्षक मानती है। पार्टी का राजनीतिक दर्शन पारंपरिक यूरोपीय ईसाई मूल्यों पर आधारित है। पार्टी पारंपरिक पारिवारिक संरचनाओं, जैसे एक पुरुष और एक महिला का विवाह, और रूढ़िवादी ईसाई सामाजिक मूल्यों का पुरजोर समर्थन करती है। वे प्रगतिशील या आधुनिक उदारवादी विचारों, जैसे स्कूलों में इंद्रधनुषी झंडे लगाने, का विरोध करते हैं। इसके विपरीत, पार्टी का रुख इस्लाम के प्रति बेहद सख्त है। पार्टी का स्पष्ट मानना है कि इस्लाम जर्मनी का हिस्सा नहीं है और वे मस्जिदों के मीनारों तथा अजान के सार्वजनिक लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते रहे हैं। हालांकि पार्टी ईसाई धर्म की रक्षक बनती है, लेकिन जर्मनी के मुख्यधारा के चर्च, जिनमें कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट दोनों शामिल हैं, अक्सर एएफडी की नस्लवादी और विभाजनकारी नीतियों की सार्वजनिक रूप से निंदा करते हैं। इसके बावजूद, देश के पारंपरिक ईसाई और रूढ़िवादी मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग इस पार्टी की तरफ आकर्षित हुआ है।जर्मनी की पारंपरिक राजनीतिक व्यवस्था के विपरीत एएफडी में कोई एक अकेला सर्वोच्च नेता नहीं है। यह पार्टी सह-नेतृत्व के मॉडल पर चलती है। वर्तमान में ऐलिस विडेल पार्टी की सबसे प्रमुख और प्रभावशाली चेहरा हैं। वे संसद में पार्टी की संसदीय समूह की नेता और राष्ट्रीय सह-अध्यक्ष हैं। एक पूर्व निवेश बैंकर होने के नाते, वे पार्टी को एक आधुनिक और आर्थिक रूप से सक्षम छवि देने का प्रयास करती हैं। उनके साथ टिनो क्रुपाल्ला पार्टी के राष्ट्रीय सह-अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। क्रुपाल्ला मुख्य रूप से पार्टी के जमीनी कार्यकताओं और पूर्वी जर्मनी के कामकाजी वर्ग के बीच मजबूत पकड़ रखते हैं। प्रांतीय स्तर पर उलरिच सीगमंड का नाम बेहद तेजी से उभरा है, जिन्होंने सैक्सनी-अनहाल्ट के चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इन नेताओं के अलावा ब्योर्न होके थुरिंगिया राज्य में एएफडी के नेता हैं। इन्हें पार्टी के भीतर सबसे कट्टरपंथी और विवादित धड़े का जनक माना जाता है, और जर्मन खुफिया एजेंसियां इन्हें आधिकारिक तौर पर एक दक्षिणपंथी चरमपंथी मानती हैं।

जर्मनी के संघवाद में 16 राज्य हैं, और एएफडी की विस्तारवादी नीति देश के भीतर बेहद आक्रामक रही है। भूतपूर्व पूर्वी जर्मनी के राज्यों जैसे सैक्सनी-अनहाल्ट, थुरिंगिया, सैक्सनी और ब्रांडेनबर्ग में एएफडी इस समय सबसे बड़ी और सबसे शक्तिशाली राजनीतिक शक्ति बनकर उभरी है। सैक्सनी-अनहाल्ट के हालिया चुनावों में पार्टी ने करीब 44 प्रतिशत वोट हासिल कर मुख्यधारा की सभी पार्टियों को पछाड़ दिया है। शुरूआत में पश्चिमी राज्यों के अमीर और उदारवादी मतदाता इस पार्टी से दूर थे, लेकिन हालिया औद्योगिक मंदी, ऊर्जा संकट और बढ़ती महंगाई के कारण पार्टी ने पश्चिमी जर्मनी के राज्यों में भी अपनी पैठ मजबूत की है। वर्तमान में, जर्मनी के 16 में से 15 राज्यों की विधानसभाओं में पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद हैं। जर्मनी की राष्ट्रीय संसद में यह मुख्य विपक्षी दलों में से एक है। इसके अलावा, यूरोपीय संसद के चुनावों में भी यह जर्मनी की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिससे साबित होता है कि इसका प्रभाव केवल कुछ राज्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैल चुका है।अल्टरनेटिव फॉर डॉयचलैंड यानी एएफडी आज जर्मनी की राजनीति में उस मोड़ पर आ खड़ी हुई है, जहां उसे नजरअंदाज करना नामुमकिन है। जहां इसके समर्थक इसे देश की संस्कृति, सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को बचाने वाला एकमात्र विकल्प मानते हैं, वहीं जर्मनी की मुख्यधारा की पार्टियां और खुफिया एजेंसियां इसे देश के लोकतांत्रिक ढांचे और सामाजिक ताने-बाने के लिए एक गंभीर खतरा मानती हैं। जर्मनी की राजनीति में इस पार्टी का उभार आने वाले समय में पूरे यूरोप की दिशा तय करेगा।

जर्मनी को हमेशा से यूरोपीय संघ को एक सूत्र में पिरोकर रखने वाली धुरी माना गया है। यदि जर्मनी के भीतर एएफडी जैसी यूरो-संदेहवादी पार्टी सत्ता में या उसके करीब आती है, तो बर्लिन की घरेलू राजनीति पूरी तरह बिखर जाएगी। इसके परिणामस्वरूप यूरोपीय संघ के केंद्रीय मुख्यालय (ब्रसेल्स) में सामूहिक निर्णय लेना बेहद कठिन हो जाएगा। जलवायु परिवर्तन की नीतियों (हरित समझौते) और वित्तीय सुधारों पर सहमति बनाना लगभग नामुमकिन हो जाएगा, जिससे पूरा यूरोपीय संघ नीतिगत रूप से पंगु हो सकता है।इसके अलावा यूरोप के अन्य देश, जो वर्तमान में प्रवासियों की समस्या से जूझ रहे हैं, अपनी सीमाओं को पूरी तरह सील करने पर मजबूर हो जाएंगे। एएफडी की कट्टर आव्रजन-विरोधी नीतियों को देखते हुए पड़ोसी देश (जैसे ऑस्ट्रिया, पोलैंड, फ्रांस और डेनमार्क) भी अपनी आंतरिक सुरक्षा को कड़ा करेंगे। इससे यूरोपीय संघ के भीतर बिना वीजा या पासपोर्ट के स्वतंत्र रूप से आने-जाने की जो 'शेंगेन व्यवस्था' है, वह खतरे में पड़ जाएगी और देशों के बीच आपसी मतभेद और सीमा विवाद बढ़ेंगे।

# हनुमान अंशः वह फिल्म जिसने दर्शकों को श्रद्धालु बना दिया


महेन्द्र तिवारी

भारत में समय समय पर ऐसी फिल्में आती रही हैं जो केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं बनतीं, बल्कि समाज की भावनाओं, संस्कृति और आस्था से गहरा संवाद स्थापित करती हैं। वर्ष 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल हनुमान अंश भी ऐसी ही एक कृति है। संत नीम करौली बाबा के जीवन, उनकी करुणा, सेवा और हनुमान भक्ति से प्रेरित यह फिल्म शुरूआत में साधारण मानी गई, लेकिन कुछ ही सप्ताह में इसने करोड़ों दर्शकों के हृदय में विशेष स्थान बना लिया। आश्चर्य की बात यह है कि न इसमें बड़े सितारों की चमक थी, न भारी भरकम प्रचार और न ही विशाल बजट। इसके बावजूद यह फिल्म लगातार चर्चा में रही और दर्शकों की जुबानी प्रचार के सहारे अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करती गई।

इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी कहानी है। कथा किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि एक बालक के गहरे दुख से आरंभ होती है। माँ के वियोग के बाद वह जीवन, मृत्यु और ईश्वर के प्रश्नों से जूझता है। यही खोज धीरे धीरे उसे सेवा, प्रेम और त्याग के मार्ग पर ले जाती है। फिल्म दर्शाती है कि सच्ची आध्यात्मिकता मंदिरों की दीवारों में नहीं, बल्कि भूखे को भोजन कराने, दुखी को सहारा देने और हर व्यक्ति में ईश्वर का अंश देखने में है। यही संदेश दर्शकों को भीतर तक छूता है और फिल्म को सामान्य जीवनी से कहीं अधिक एक मानवीय यात्रा बना देता है।

फिल्म की सफलता के पीछे जितनी रोचक इसकी कहानी है, उतनी ही प्रेरक इसकी निर्माण यात्रा भी है। निर्देशक विशाल चतुर्वेदी और युवा निमार्ता अनुप्रिया नागर ने सीमित संसाधनों के साथ इस परियोजना को शुरू किया। बताया जाता है कि अनुप्रिया को विदेश में अध्ययन के दौरान नीम करौली बाबा के जीवन पर फिल्म बनाने का विचार आया। उन्होंने लंबे समय तक बाबा के जीवन, आश्रमों और उनसे जुड़ी लोक स्मृतियों का अध्ययन किया। यही कारण है कि फिल्म में आध्यात्मिक वातावरण बनावटी नहीं, बल्कि सहज और विश्वसनीय दिखाई देता है।

सबसे दिलचस्प अनसुनी कहानी उन कलाकारों से जुड़ी है जो किसी अभिनय विद्यालय से नहीं आए थे। भीड़ वाले दृश्यों के लिए निर्माण दल गाँव गाँव घूमता था और लाउडस्पीकर पर घोषणा करता था कि जो लोग पारंपरिक वेशभूषा पहनकर आएँगे, वे फिल्म का हिस्सा बन सकते हैं। ग्रामीणों ने इसे रोजगार से अधिक पुण्य का कार्य माना और सैकड़ों लोग बिना किसी दिखावे के शूटिंग में शामिल हुए। इसीलिए फिल्म के मेले, आश्रम और जनसमूह वाले दृश्य अत्यंत स्वाभाविक प्रतीत होते हैं।




एक और प्रेरक प्रसंग मुख्य कलाकार से जुड़ा है। प्रारंभिक योजना में शोभिनो सत्य केवल सहायक निर्देशक के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन परिस्थितियाँ ऐसी बनीं कि उन्हें स्वयं नीम करौली बाबा की भूमिका निभानी पड़ी। उनके शांत चेहरे, सरल अभिनय और संयमित अभिव्यक्ति ने दर्शकों को इतना प्रभावित किया कि अनेक लोगों ने उन्हें वास्तविक बाबा की स्मृति से जोड़कर देखा। यह घटना भारतीय सिनेमा में उन दुर्लभ अवसरों में गिनी जा रही है जब पर्दे के पीछे काम करने वाला व्यक्ति अचानक पूरी फिल्म का केंद्र बन गया।

फिल्म के निर्माण के दौरान आध्यात्मिक अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। पूरी इकाई के लिए सात्विक भोजन की व्यवस्था थी। मांसाहार और मदिरा पर पूर्ण प्रतिबंध रखा गया। निर्देशक ने स्वयं कई महीनों तक केवल फलाहार करने और प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने का संकल्प लिया। उनका विश्वास था कि जिस संत के जीवन पर फिल्म बन रही है, उसकी गरिमा केवल कैमरे से नहीं, बल्कि निर्माण प्रक्रिया की पवित्रता से भी बनी रहती है। यह अनुशासन आज फिल्म की सबसे चर्चित परदे के पीछे की कहानियों में शामिल है।

फिल्म की शुरूआत आसान नहीं थी। अनेक प्रदर्शन स्थलों ने इसे सीमित शो दिए क्योंकि उसी समय बड़े बजट की व्यावसायिक फिल्में भी प्रदर्शित हो रही थीं। स्वयं निर्देशक ने स्वीकार किया कि उन्हें डर था कहीं फिल्म पहले सप्ताह में ही सिनेमाघरों से हट न जाए। लेकिन दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया ने पूरा समीकरण बदल दिया। छोटे शहरों में अतिरिक्त प्रदर्शन जोड़े गए, कई स्थानों पर टिकट पहले ही बिक गए और धीरे धीरे महानगरों में भी इसकी माँग बढ़ने लगी। यह सफलता इस बात का प्रमाण बनी कि अच्छी कहानी का सबसे प्रभावी प्रचार स्वयं दर्शक करते हैं।

फिल्म से जुड़ी एक अत्यंत भावुक कहानी इसके संगीत की भी है। लोकप्रिय भजन "मैंने तेरे ही भरोसे" को दृष्टिबाधित लोकगायक सुनील लोधी ने स्वर दिया है। वे पहले अपने गाँव में भजन गाते थे और सामाजिक माध्यमों पर उनकी आवाज धीरे धीरे लोगों तक पहुँची। निर्माण दल ने जब उनका गायन सुना तो उन्हें सीधे फिल्म में अवसर दिया। केवल तंबूरे की सरल संगति और उनकी आत्मीय आवाज ने इस भजन को देश भर में लोकप्रिय बना दिया। आज अनेक श्रद्धालु इस गीत को मंदिरों और भजन संध्याओं में गा रहे हैं।

फिल्म की प्रामाणिकता पर भी चर्चा हुई। कुछ लोगों ने प्रश्न उठाया कि क्या इसमें दिखाई गई घटनाएँ वास्तव में बाबा के जीवन से जुड़ी हैं। इस पर नीम करौली बाबा के परिवार के सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से कहा कि फिल्म में दिखाए गए अधिकांश प्रसंग लोक स्मृतियों और पारिवारिक परंपराओं से जुड़े हैं तथा उन्हें इसमें कुछ भी कृत्रिम नहीं लगा। परिवार की इस प्रतिक्रिया ने फिल्म की विश्वसनीयता को और मजबूत किया तथा दर्शकों का विश्वास बढ़ाया।

फिल्म के प्रदर्शन के बाद देश के अनेक सिनेमाघरों से असाधारण दृश्य सामने आए। कई स्थानों पर दर्शक फिल्म समाप्त होने के बाद खड़े होकर "सीताराम" का सामूहिक उच्चारण करने लगे। कहीं प्रसाद बाँटा गया, कहीं लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और कई दर्शक भावुक होकर आँसू पोंछते दिखाई दिए। यह दुर्लभ दृश्य बताता है कि हनुमान अंश केवल एक फिल्म नहीं रही, बल्कि अनेक लोगों के लिए आध्यात्मिक अनुभव बन गई।
सबसे आश्चर्यजनक तथ्य इसकी आर्थिक सफलता है। लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस फिल्म ने अपनी लागत से कई गुना अधिक कमाई की और लंबे समय तक सिनेमाघरों में टिके रहने का रिकॉर्ड बनाया। व्यापार विश्लेषकों के अनुसार इसने छोटे बजट की फिल्मों के प्रति उद्योग का दृष्टिकोण बदल दिया है। अब अनेक निमार्ता संतों, लोक परंपराओं और भारतीय आध्यात्मिक विरासत पर आधारित फिल्मों की योजना बना रहे हैं। इसकी सफलता के बाद बाबा खाटू श्याम, साईं बाबा और अन्य भक्तिपरक विषयों पर नई फिल्मों की घोषणाएँ भी होने लगी हैं।

हनुमान अंश की सबसे बड़ी उपलब्धि यह नहीं है कि उसने कितनी कमाई की, बल्कि यह है कि उसने दर्शकों को यह विश्वास दिलाया कि सादगी भी प्रभावशाली हो सकती है। चमक दमक से भरे दौर में यह फिल्म हमें याद दिलाती है कि करुणा, सेवा, त्याग और प्रेम जैसी मानवीय संवेदनाएँ कभी पुरानी नहीं होतीं। नीम करौली बाबा का संदेश भी यही था कि ईश्वर तक पहुँचने का सबसे सरल मार्ग मनुष्य की सेवा है। यही संदेश इस फिल्म की आत्मा बनकर उभरता है और शायद यही कारण है कि हनुमान अंश आज केवल सफल फिल्म नहीं, बल्कि जन आस्था की सांस्कृतिक विरासत के रूप में याद की जा रही है।

### हवा की परीक्षा में शहर टॉप, साँसों की कॉपी कौन जाँचेगा?

# हवा का हिसाब कागज पर, दर्द का हिसाब फेफड़ों में

## लखनऊ ने हवा सुधार ली, अब नागरिक अपनी साँस सुधारें



लखनऊ ने करोड़-प्लस आबादी वाले शहरों में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण का नंबर-एक तमगा हासिल कर लिया है। बधाई! अब शायद हवा भी सरकारी प्रमाणपत्र लेकर चलेगी—देखिए, मैं देश की सबसे साफ हवा हूँ। खबर खुशी देती है, मगर पीछे एक कड़वी हँसी भी सुनाई देती है। हमारे यहाँ रैंकिंग का बड़ा जलवा है। नंबर मिलते ही उपलब्धि, प्रमाणपत्र मिलते ही समस्या खत्म! लखनऊ स्वच्छ वायु का सम्राट घोषित है। मगर असली सवाल दरबार के बाहर खड़ा है—यह ताज हवा के लिए है या रिपोर्ट के लिए? नागरिक हवा साँस में भरता है, व्यवस्था उसे आंकड़ों में।

एक समय था जब शहर अपनी तहजीब, संस्कृति और पहचान से जाने जाते थे। अब महानगरों की नई पहचान है—कौन कितनी जहरीली हवा देता है। दिल्ली इस दौड़ में लंबे समय से चर्चित रही, मुंबई, कोलकाता और कानपुर भी पीछे नहीं रहे। ऐसे माहौल में लखनऊ का नंबर-एक पर पहुँचना सुखद है। विशेषज्ञों के अनुसार साफ परिवहन, धूल नियंत्रण, बेहतर कचरा प्रबंधन और हरियाली बढ़ाने के प्रयासों ने यह उपलब्धि दिलाई है। इन प्रयासों का स्वागत होना चाहिए। लेकिन सड़क पर निकलते ही एक दूसरा विशेषज्ञ मिलता है—आम नागरिक। उसकी आँखों में धूल, नाक में धुआँ और साँस में जलन है। वह पूछता है—अगर हवा सचमुच साफ हो गई है, तो मेरा अनुभव अब भी इतना धुँधला क्यों है?

सरकारों को रैंकिंग से बड़ा प्रेम है। नंबर-एक मिलते ही भाषणों के फूल खिलते हैं, कैमरे चमकते हैं और उपलब्धियों की सूची लंबी हो जाती है। लगता है, जैसे प्रदूषण ने खुद आत्मसमर्पण कर दिया हो। मगर शहर की असली परीक्षा सभागार में नहीं, रिक्शा खींचते आदमी की साँस में होती है। स्कूल जाते बच्चे के सीने में होती है। उस बुजुर्ग की सुबह की सैर में होती है, जिसे थोड़ी दूर चलते ही खाँसी घेर लेती है। सवाल सीधा है—क्या उनकी साँस अब आसान हुई? अगर नहीं, तो रैंकिंग खुशी की खबर जरूर है, पर सफलता की मुहर अभी बाकी है।

हमारी व्यवस्था की अद्भुत कला है—बीमारी मिटाने से पहले उसकी रिपोर्ट सुधार देना। आदमी बीमार हो तो दवा चाहिए, मगर थर्मामीटर बदल देने से कागज पर बुखार जरूर उतर सकता है। प्रदूषण के मामले में खतरा यही है। आंकड़े सुधरें, अच्छी बात है; मगर हवा सुधरे, असली बात यह है। जिस बच्चे को अस्थमा की दवा चाहिए, उसके सामने नंबर-एक की रैंकिंग रख देने से सीना स्वस्थ नहीं होगा। जिस माँ को बच्चे को स्कूल भेजते समय मास्क पहनाना पड़े, उसके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार कोई पदक नहीं, बच्चे की बेफिक्र साँस है। आंकड़ा तभी सार्थक है, जब उसका असर इंसान की जिंदगी में दिखे।

हरियाली बढ़ाने की घोषणाएँ हुईं, पेड़ लगाए गए। मगर सवाल है—कितने पेड़ बने और कितने सिर्फ तस्वीरों में खड़े रह गए? धूल रोकने के लिए सड़कों पर पानी छिड़का जाता है। पानी सूखते ही धूल फिर नाचने लगे तो यह इलाज नहीं, धूल को थोड़ी देर की छुट्टी है। कचरा प्रबंधन के वाहन दौड़ते हैं, मगर नाले कचरे से पटे रहें तो सफाई अधूरी है। इलेक्ट्रिक बसें प्रदूषण घटाने की अच्छी पहल हैं, लेकिन पूरा शहर ट्रैफिक जाम में फँसा हो तो समस्या सिर्फ बस के इंजन की नहीं, पूरी यातायात व्यवस्था की है। हवा साफ करनी है तो एक स्रोत नहीं, प्रदूषण की पूरी श्रृंखला पर प्रहार करना होगा।

हमने जीवन को आंकड़ों में बदलने की ऐसी आदत डाल ली है कि अब खुशहाली का सूचकांक है और हवा की भी रैंकिंग। संख्या जरूरी है, क्योंकि मापे बिना सुधार का पता नहीं चलता। मगर संख्या को जीवन का पर्याय मान लेना भूल है। लखनऊ का नागरिक अखबार में पढ़ता है कि उसके शहर की हवा नंबर-एक है और उसी सुबह धूल से बचकर सड़क पार करता है। रात को खाँसी आए तो अखबार की वह खबर गले नहीं उतरती। यहीं आंकड़े और अनुभव आमने-सामने खड़े होते हैं। शहर सेंसर और सर्वेक्षण से नहीं, उसमें बसने वाले लोगों की साँस से सचमुच साफ साबित होता है।

फिर भी लखनऊ की उपलब्धि को कमतर आँकना उचित नहीं। किसी शहर ने प्रदूषण के विरुद्ध कदम उठाए हैं तो उसकी सराहना होनी चाहिए। साफ परिवहन, धूल नियंत्रण, कचरा प्रबंधन और हरियाली की दिशा में हुए कामों को और मजबूत करना होगा। मगर नंबर-एक को मंजिल मान लेना सबसे बड़ी भूल होगी। यह पुरस्कार उत्सव से अधिक जिम्मेदारी का प्रमाण बने। ताज मिल गया है तो अब उसे चमकाने से ज्यादा उसके नीचे के सिर को सुरक्षित रखने की चिंता होनी चाहिए। वरना तस्वीर वही रहेगी—सिर पर सोने का मुकुट और फेफड़ों में धूल।

स्वच्छ वायु का सबसे सच्चा सर्वेक्षण किसी कार्यालय में नहीं, हर नागरिक के सीने में होता है। जब बच्चा बिना खाँसे खुले मैदान में खेल सके, बुजुर्ग बिना साँस फूले सुबह टहल सके, मजदूर दिनभर मेहनत करके भी हवा को अपना दुश्मन न समझे—तभी मानिए लखनऊ सचमुच नंबर-एक है। रैंकिंग उपलब्धि है, लेकिन असली परीक्षा अब शुरू हुई है। लखनऊ ने कागज पर पहला स्थान पा लिया; अब उसे यह स्थान लोगों की साँस में दर्ज करना है। कागज की जीत पर तालियाँ बज सकती हैं, मगर दिल तभी खुश होता है जब साँस बेखौफ हो। शहर की सबसे बड़ी रैंकिंग यही है—उसके नागरिक कितनी आजादी से साँस लेते हैं।

**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**
**शिक्षाविद् बड़वानी (मप्र)**

## किसका हक, कौन खा रहा है?

आजकल सवाल बड़ा सीधा है—
किसका हिस्सा किसने खा
लिया?
मगर मजेदार बात यह है कि
हिस्से की लड़ाई में सवाल
अक्सर योग्यता से नहीं, जाति की
पहचान से पूछा जाता है।
अगर किसी वंचित वर्ग के भीतर
ही उसका हिस्सा किसी ताकतवर
वर्ग या प्रभावशाली व्यक्ति तक
पहुंच जाए, तो सवाल व्यवस्था
से नहीं पूछा जाता।
पिछड़े के नाम पर मिलने वाला
लाभ अगर किसी और पिछड़े को
ही पीछे छोड़ दे, तब भी बहस
नहीं होती।
लेकिन जैसे ही कोई सामान्य वर्ग
का व्यक्ति अपनी योग्यता, मेहनत
और प्रतिभा के दम पर आगे
निकल जाए, सवाल तुरंत खड़ा
हो जाता है—
"इसका हक किसने मार लिया?"
***भाई, योग्यता भी कोई***
***अपराध है क्या?***
इतिहास उठाकर देखिए। चंद्रगुप्त
को सम्राट बनाने वाला चाणक्य
था। उसने चंद्रगुप्त की जाति नहीं,
उसकी क्षमता पहचानी थी।
क्योंकि राष्ट्र निर्माण में सवाल
यह नहीं होना चाहिए कि कौन
किस जाति का है, सवाल यह
होना चाहिए कि कौन कितना
योग्य है और किसे अवसर मिल
रहा है।
आरक्षण हो, प्रतिनिधित्व हो या
अवसर—जरूरतमंद तक पहुंचना
चाहिए।
लेकिन अगर व्यवस्था का उद्देश्य
कमजोर को मजबूत करना है, तो
फिर यह भी देखना होगा कि
कमजोर कौन है और लाभ
वास्तव में किसे मिल रहा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे। न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

## डीआईपी पर 1,600 से ज्यादा संगठन जुड़े, 1,500 से अधिक संस्थानों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित

# कैसे काम करता है एफआरआई, मोबाइल नंबर से पहचानता है ठगी का जोखिम



समाज जागरण

नई दिल्ली। साइबर धोखाधड़ी से निपटने की रणनीति अब केवल ठगी के बाद रकम की वसूली तक सीमित नहीं है। दूरसंचार विभाग ने ऐसी व्यवस्था विकसित की है, जिसमें संदिग्ध मोबाइल नंबर और लेनदेन की जानकारी पहले ही वित्तीय संस्थानों तक पहुंचाकर संभावित धोखाधड़ी को रोकने का प्रयास किया जाता है। वित्तीय धोखाधड़ी जोखिम संकेतक (एफआरआई) इसी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### दूरसंचार खुफिया जानकारी पर आधारित है व्यवस्था

एफआरआई को 22 मई 2025 को डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (ड-ीआईपी) के तहत शुरू किया गया था। यह मोबाइल नंबर से जुड़े जोखिम का आकलन करता है और वित्तीय संस्थानों को कार्रवाई योग्य जानकारी उपलब्ध कराता है।

एफआरआई के तहत मोबाइल नंबरों को मध्यम, उच्च और बहुत उच्च जोखिम की श्रेणियों में रखा जाता है। जोखिम का आकलन नागरिकों की शिकायतों, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, बैंकों और वित्तीय संस्थानों से प्राप्त सूचनाओं सहित विभिन्न स्रोतों के आधार पर किया जाता है।

### डीआईपी पर 1,600 से अधिक संगठन

डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म पर 1,600 से अधिक संगठन जुड़े हुए हैं। यह दूरसंचार कंपनियों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सरकारी विभागों के बीच साइबर धोखाधड़ी से संबंधित कार्रवाई योग्य जानकारी साझा करने और समन्वय का सुरक्षित माध्यम है।

इसके जरिए संदिग्ध मोबाइल नंबरों से संबंधित एफआरआई जानकारी, मोबाइल नंबर निरस्तीकरण सूची और अन्य डिजिटल पहचानकताओं से जुड़ी सूचनाएं विभिन्न संस्थानों तक पहुंचाई जाती हैं।

### निरस्त मोबाइल नंबरों पर भी नजर

मोबाइल नंबर निरस्तीकरण सूची में साइबर अपराध में संलिप्तता, पुनः सत्यापन में विफलता, दूरसंचार कंपनियों के आंतरिक विश्लेषण और निर्धारित कनेक्शन सीमा के उल्लंघन जैसे कारणों से बंद किए गए नंबर शामिल किए जाते हैं।

इन नंबरों की जानकारी लगभग वास्तविक समय में साझा होने से बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान ऐसे नंबरों से जुड़े संभावित जोखिमों की पहचान कर सकते हैं।

### आरबीआई, एनपीसीआई और सेबी के साथ समन्वय

एफआरआई आधारित सुरक्षा व्यवस्था को बैंकिंग क्षेत्र से आगे प्रतिभूति, बीमा और पेंशन क्षेत्र तक ले जाया जा रहा है। ट्रेडिंग और डीमैट खातों से जुड़ी धोखाधड़ी, बीमा पॉलिसी और दावों से जुड़े लेनदेन तथा पेंशन खातों की सुरक्षा में भी जोखिम संकेतों का इस्तेमाल बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

इस व्यवस्था में भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड सहित विभिन्न संस्थाओं का सहयोग महत्वपूर्ण है।

### 1,500 से अधिक संस्थानों को प्रशिक्षण

एफआरआई से मिलने वाले जोखिम संकेतों पर तेजी से कार्रवाई के लिए दूरसंचार विभाग ने क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया है। विभाग की ओर से 1,500 से अधिक बैंकों, वित्तीय संस्थानों और नियामकों के लिए 25 से अधिक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं।

### नागरिकों की रिपोर्टिंग से मजबूत होता सिस्टम

एफआरआई की सफलता में नाग रिकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। संचार साथी पोर्टल या मोबाइल एप्लिकेशन पर संदिग्ध कॉल और संदेशों की रिपोर्ट करने से साइबर धोखाधड़ी से संबंधित खुफिया जानकारी का नेटवर्क मजबूत होता है। नागरिक 'चक्षु' सुविधा के जरिए संदिग्ध कॉल, एसएमएस और व्हाट्सऐप संदेशों की रिपोर्ट कर सकते हैं।

### ठगी हो जाए तो तुरंत 1930 पर करें फोन

वित्तीय साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने पर नागरिकों को तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करने या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई है। शुरूआती समय में शिकायत करने से रकम को रोकने और उसकी वसूली की संभावना बढ़ सकती है।


### भुगतान से पहले चेतावनी को न करें नजरअंदाज

बैंक या यूपीआई एप्लिकेशन पर किसी भुगतान को लेकर जोखिम चेतावनी दिखाई दे तो उसे नजर-अंदाज नहीं करना चाहिए। भुगतान रोककर संबंधित व्यक्ति या संस्था की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना अधिक सुरक्षित है।

नागरिक संचार साथी के जरिए अपने नाम पर जारी मोबाइल कनेक्शनों की जांच भी कर सकते हैं। यदि कोई ऐसा कनेक्शन दिखाई देता है जिसे उन्होंने जारी नहीं कराया है तो उसकी रिपोर्ट की जा सकती है। खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की रिपोर्टिंग और नए हैंडसेट की प्रामाणिकता जांचने की सुविधा भी उपलब्ध है।

### ठगी के बाद जांच से बेहतर है पहले ही रोकथाम

साइबर अपराध में रकम तेजी से एक खाते से दूसरे खाते में भेजी जा सकती है। ऐसे में शिकायत, एफआ-ईआर, बैंक खातों पर रोक, रिकॉर्ड जुटाने और रकम को ट्रैक करने जैसी लंबी प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही यदि संदिग्ध लेनदेन को रोक दिया जाए तो नागरिक और वित्तीय संस्थान दोनों बड़े नुकसान से बच सकते हैं। एफआरआई इसी ह्यपहले पहचान, फिर रोकथामह्न की अवधारणा पर काम कर रहा है। (इनपुट : पीआईबी)




# 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'

**मुख्य विकास अधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा, विभागों को समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ अभियान की तैयारियां समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य 25 वर्षों की जनसेवा, सुशासन एवं जनकल्याणकारी कार्यों से आमजन को अवगत कराना तथा नागरिकों को ह्यविकसित भारत 2047ह्न के सामूहिक संकल्प से जोड़ना है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विकास योजनाओं से संबंधित आंकड़े, उपलब्धियां और लाभार्थियों की अद्यतन सूची विधानसभा, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर तैयार कराने के निर्देश दिए।



अभियान के दौरान 'आशीर्वाद का दीया', 'नमो सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वार' और 'जनसेवा महाकुंभ' सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

17 सितंबर को शाम सात बजे 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत लाभार्थी परिवारों द्वारा दीप प्रज्वलन किया जाएगा। प्रमुख स्थलों पर भी विशेष दीप प्रज्वलन की व्यवस्था की जाएगी। वहीं 'कहानी बदलाव की' के तहत सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों के जीवन में आए बदलाव की वीडियो और लघु फिल्म तैयार कर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम में स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहयोग और नदी घाटों की सफाई जैसी गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाई जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो स्थलों के कायाकल्प की भी योजना है।

इसके अलावा ह्यसेवा सेतु अभियान–सरकार आपके द्वारह्न के तहत विकासखंड स्तर पर सात दिवसीय बहुउद्देशीय सेवा शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लोगों के आवेदन, पात्रता सत्यापन और योजनाओं का लाभ दिलाने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को कार्यक्रमों में स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात, प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। सभी कार्यक्रमों की प्रगति फोटो और वीडियो सहित पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। बैठक में डीसीपी मुख्यालय शव्या गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी, उपनिदेशक माय भारत शि-िवेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों और प्राधिकरणों के अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2027' की शुरुआत विकसित भारत प्रश्नोत्तरी से

**15 से 29 वर्ष के युवाओं को नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में प्रतिभा दिखाने का अवसर**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। 'विक-सित भारत युवा नेतृत्व संवाद-2027' के तहत 'विकसित भारत प्रश्नोत्तरी' शुरू हो गई है। युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गौतमबुद्धनगर में जिला स्तरीय पोस्टर का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय शव्या गोयल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.एम. मणि त्रिपाठी और माय भारत के उपनिदेशक शिवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

'विकसित भारत प्रश्नोत्तरी' का आयोजन माय भारत पोर्टल पर 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। इसमें देशभर के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। प्रश्नोत्तरी के बाद निबंध चुनौती, जिला चैंपियनशिप तथा राज्य और केंद्रशासित प्रदेश स्तर पर चयन प्रक्रिया होगी।



### छह प्रमुख क्षेत्रों में युवाओं को अवसर

अभियान के तहत युवाओं के लिए विकसित भारत चुनौती, सांस्कृतिक क्षेत्र, भारत के लिए डिजाइन, सामाजिक सरोकारों के लिए नवाचार, युवा उद्यमी चुनौती और युवा संसद सहित छह प्रमुख क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। इनके माध्यम से युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार सामने रखने का अवसर मिलेगा।

राष्ट्रीय स्तर पर चयनित युवाओं को 10 से 12 जनवरी 2027 तक नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद में भाग लेने का अवसर मिलेगा। चयनित युवा नीति निमार्ताओं के समक्ष अपने विचार रखने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भी विकसित भारत को लेकर अपनी सोच साझा कर सकेंगे। माय भारत, गौतमबुद्धनगर ने जिले के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में प्रश्नोत्तरी में पंजीकरण कर इस राष्ट्रव्यापी युवा नेतृत्व अभियान से जुड़ने की अपील की है। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

## कॉलेज में छात्र से मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**पुराने विवाद को लेकर हुई थी मारपीट, शांति व्यवस्था भंग करने पर पुलिस ने की कार्रवाई**

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। थाना सू-रजपुर क्षेत्र के ग्राम खेड़ी स्थित एक कॉलेज में पुराने विवाद को लेकर छात्र के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना 5 सितंबर को हुई थी। सूचना मिलने पर तत्काल अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने बताया कि 8 सितंबर को कॉलेज में शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में प्रमोद कुमार (35) पुत्र रघुवर सिंह और शुभम (24) पुत्र स्वर्गीय संजय, दोनों निवासी ग्राम खेड़ी, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर को गिरफ्तार किया गया।

# 10 से 25 सितंबर तक मिलेगा नि:शुल्क खाद्यान्न

**अंत्योदय कार्डधारकों को 35 किलो तक अनाज, पात्र गृहस्थी कार्ड पर प्रति इकाई पांच किलो खाद्यान्न**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सितंबर माह का निःशुल्क खाद्यान्न 10 से 25 सितंबर 2026 तक वितरित किया जाएगा। खाद्यान्न का वितरण उचित दर दुकानों पर ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के बाद किया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार, वितरण सुबह 8 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगा। अंत्योदय कार्डधारकों को बाजरा उपलब्ध रहने तक 21 किलो गेहूं, 13 किलो चावल और एक किलो बाजरा दिया जाएगा। बाजरा समाप्त होने के बाद 21 किलो गेहूं और 14 किलो चावल, यानी कुल 35 किलो खाद्यान्न मिलेगा।

पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रत्येक सदस्य के आधार पर तीन किलो गेहूं और दो किलो चावल, कुल पांच किलो खाद्यान्न निःशुल्क मिलेगा।

### अंत्योदय कार्ड पर 54 रुपये में मिलेगी चीनी

अंत्योदय कार्डधारकों को जुलाई, अगस्त और सितंबर 2026 की तीन माह की अवधि के लिए प्रति कार्ड तीन किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो की दर से कुल 54 रुपये में दी जाएगी। चीनी के लिए दूसरे दुकान से लेने की सुविधा नहीं होगी और लाभार्थियों को अपनी मूल उचित दर दुकान से ही चीनी प्राप्त करनी होगी।

### दूसरे राज्यों के कार्डधारक भी ले सकेंगे राशन

'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' योजना के तहत दूसरे जिलों और राज्यों के प्रवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक भी गौतमबुद्धनगर की किसी भी उचित दर दुकान से सुविधा के अनुसार खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे।

25 सितंबर को अंतिम दिन जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पाएगा, उन्हें मोबाइल ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। ई-पॉस से मिलने वाली पर्ची में गेहूं और चावल का मूल्य शून्य तथा चीनी का मूल्य 18 रुपये प्रति किलो दर्ज होगा।

खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी या पूर्ति निरीक्षक से संपर्क किया जा सकता है। शिकायत के लिए 1967 और 1800-1800-150 टोल फ्री नंबर भी उपलब्ध हैं। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# कुपोषण से सुपोषण की ओर गौतमबुद्धनगर, एक वर्ष में 18,364 बच्चे हुए सामान्य

**3,827 अति-कुपोषित और 14,537 कुपोषित बच्चों को मिली सामान्य पोषण श्रेणी में जगह, सुपोषित बच्चों व उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सम्मान**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। बच्चों को कुपोषण से सुपोषण की ओर ले जाने के अभियान में गौतमबुद्धनगर ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पिछले एक वर्ष में जिले के 18,364 बच्चों को कुपोषण की विभिन्न श्रेणियों से बाहर निकालकर सामान्य पोषण श्रेणी में लाया गया है। इनमें 3,827 अति-कुपोषित (एसएएम) और 14,537 कुपोषित (एमएएम) बच्चे शामिल हैं।

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार तथा महिला कल्याण विभाग की ओर से विकास भवन में आयोजित सम्मान समारोह में इस उपलब्धि को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में अयोध्या में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की घोषणा की गई। कार्यकत्रियों का मानदेय 8,000 से बढ़ाकर 12,000 रुपये तथा सहायिकाओं का 4,000 से बढ़ाकर 6,000 रुपये प्रतिमाह किए जाने की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि 18 हजार से अधिक बच्चों को कुपोषण की श्रेणी से सामान्य श्रेणी में लाना जिले के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह सफलता विभागीय प्रयासों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की निरंतर मेहनत और बच्चों के अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता का परिणाम है।



जिले में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की पांच परियोजनाओं के तहत 1,108 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों पर शून्य से पांच वर्ष आयु वर्ग के 81,159 बच्चे पंजीकृत हैं, जिनके पोषण स्तर की नियमित निगरानी की जा रही है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुपोषित हुए बच्चों और उनके अभिभावकों से संवाद किया तथा बच्चों के पोषण में हुए सुधार की जानकारी ली। बच्चों को खिलौने और पुस्तिकाएं वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घर ले जाने वाले राशन सहित सभी पोषण योजनाओं का पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विविध एवं संतुलित आहार देने की अपील करते हुए कहा कि सही पोषण ही स्वस्थ बचपन और मजबूत भविष्य की आधारशिला है।

कार्यक्रम में नौवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। इस वर्ष 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' की भावना के साथ 'हर निवाले में विविधता, पोषण में खुशहाली' का संदेश दिया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों के भोजन में अनाज और मोटे अनाज, दालें, फल-सब्जियां, दूध तथा अन्य पोषक खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाना चाहिए। विविध आहार के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, बातचीत और गतिविधियों के माध्यम से प्रारंभिक विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रशासक अमित कुमार, जिलाधिकारी मेधा रूपम, मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायिकाएं और बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# आबकारी टीमों ने शराब की दुकानों और ढाबों का किया औचक निरीक्षण

**गोपनीय टेस्ट परचेज से बिक्री की जांच, सीसीटीवी कैमरों की रियल टाइम रिकॉर्डिंग भी देखी**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश तथा जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन में जिले में अवैध एवं अनियमित शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में 7 सितंबर को आबकारी टीमों ने विभिन्न मदिरा प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

अभियान के दौरान देशी शराब, कंपोजिट शॉप, मॉडल शॉप, प्रीमियम रिटेल शॉप और बार अनुज्ञापनों के साथ ढाबों की भी जांच की गई।




अनुज्ञापियों और विक्रेताओं को शराब के विभिन्न ब्रांड प्रदर्शित करने तथा पास मशीन से स्कैन कर निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा की बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

आबकारी टीमों ने कैंटीनों की भी गहनता से जांच की। दुकानों पर गोपनीय टेस्ट परचेज कर यह देखा गया कि निर्धारित प्रक्रिया और मूल्य के अनुसार शराब की बिक्री हो रही है या नहीं। इसके अलावा मदिरा दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और वास्तविक समय में हो रही रिकॉ-र्डिंग की भी जांच की गई। विभाग की ओर से अनुज्ञापियों को नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचने के निर्देश दिए गए।

# मोबाइल स्नेचिंग करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

**दो चोरी के मोबाइल, तमंचा-कारतूस और चाकू बरामद; एक बाल अपचारी भी पुलिस संरक्षण में**

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और स्नेचिंग करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी/स्नेचिंग के दो मोबाइल फोन, एक तमंचा, जिंदा कारतूस और अवैध चाकू बरामद किया है। मामले में एक बाल अपचारी को भी पुलिस संरक्षण में लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर कार्रवाई करते हुए राजू उर्फ रोजू (19) पुत्र सुरेंद्र, निवासी ग्राम मोरना, थाना सेक्टर-24, को हार्टबीट सिटी के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में राहगीरों से मोबाइल फोन चोरी और स्नेचिंग करता था। पकड़े जाने के डर तथा लोगों को डराने-धमकाने के लिए अपने पास तमंचा और चाकू रखता था। पुलिस के मुताबिक, बरामद मोबाइल फोन सेक्टर-101 मेट्रो स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क से छीने गए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ओप्पो और रेडमी के दो मोबाइल फोन, 12 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ सेक्टर-39, सेक्टर-24, सेक्टर-49 और फेस-2 थानों में आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और एनडीपीएस अधिनियम से संबंधित सात मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट

# स्वच्छ हवा के लिए छात्राओं ने उठाया कदम, 4 विन्स प्रणाली अपनाने का लिया संकल्प

**समाज जागरण**

गुन्नौर। स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर नगर पंचायत बबराला में आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं साइफर जीरो बेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सहयोग से सरस्वती उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में ह्यस्वच्छ वायु, स्वच्छ उत्तर प्रदेशह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 और 4 विन्स प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जानकारी दी गई। घर-घर कूड़ा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का स्रोत पर पृथक्करण, होम कम्पोस्टिंग और कचरे के उचित निस्तारण के साथ स्वच्छ वायु एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। इस दौरान छात्राओं ने 3फ (Reduce, Reuse, Recycle) के



सिद्धांत को लेकर श्रृंखला बनाकर जागरूकता संदेश दिया। उन्होंने कचरा कम करने, वस्तुओं का दोबारा उपयोग करने और कचरे को रीसाइकिल करने के महत्व को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, साइफर जीरो बेस्ट टीम और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने समिति सदस्यों से अपने-अपने वार्डों में लोगों को खुले में कूड़ा न फेंकने, स्रोत पर कचरा अलग करने, 4 विन्स प्रणाली अपनाने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं, समिति सदस्यों, नगर पंचायत अधिकारियों-कर्मचारियों एवं विद्यालय स्टाफ ने बबराला को स्वच्छ, सुंदर, हरित और स्वस्थ बनाने तथा स्वच्छ वायु के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

# बार एसोसिएशन के सभागार में परिषद की स्थानीय कमेटी द्वारा कार्यक्रम का किया आयोजन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 35 वे स्थापना वर्ष के अवसर पर नगीना बार एसोसिएशन के सभागार में परिषद की स्थानीय कमेटी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परिषद की नीतियों व कामकाज पर प्रकाश डाला गया।

सोमवार को नगीना बार एसोसिएशन के सभागार मे एल्डर कमेटी के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता जयकिशन शर्मा की अध्यक्षता व महासचिव मौ.नईम की मुख्य उपस्थित में अधिवक्ता परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व मुख्य अतिथि राखी एडवोकेट ने विस्तृत रूप से परिषद के कार्य व उद्देश्य पर चर्चा की। इस अवसर पर परिषद से जुड़े वक्ताओं ने बताया कि परिषद की स्थापना 7 सितंबर 1989 को की




गई जिसमें आज देशभर में हजारों सदस्य है जो परिषद के मूल उद्देश्य को पूरा कर रहे है परिषद का मकसद अधिवक्ताओं की बार एसोसिएशन के काम काज मे हस्तक्षेप नहीं बल्कि शोषित व किसी भी वजह से न्याय से वंचित लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। परिषद के नगीना संयोजक अंबरीश कुमार के संचालन मे आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्य रूप से राखी एड.,देवेन्द्रपाल एड.,आनंद जंघाला एड.,प्रीति चौहान एड.,मो.नईम एड. (महासचिव बार एसोसिएशन नगीना), फरीद अहमद खान एड,प्रमोद शर्मा एड,(ADGC) एवं परिषद के सह संयोजक पंकज कुमार एड. व विपिन कुमार बिश्नोई एड.,नवनीत कुमार एड. अजय कुमार एड. क्षितिज कुमार (ADGC),सोनाक्षी एड.,अंशु बिश्नोई एड. हेमंत कुमार एड. नीरज गौड़ एड., अनूप कुमार एड. आदित्य कुमार एड. प्रदीप कुमार एड. प्रेम कुमार शर्मा एड कोमल कुमार एड. आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# नजीबाबाद पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तराखंड के पूर्व CM तीरथ सिंह रावत, कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत के मंगलवार को नजीबाबाद आगमन पर भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में कार्यकताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सीएम रावत ने कार्यकताओं से संगठनात्मक मजबूती और आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। कार्यकताओं ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन



ही संगठन को निरंतर मजबूती प्रदान करता है और कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करता है।

स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री बलराज त्यागी, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, कमल सैनी, भूपेंद्र राजपूत, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, गीता राज, सुनीता गुप्ता, दीपिका गौड़, इंदु राजपूत, मनीष सैनी, राजकुमार प्रजापति, अवनीश अग्रवाल, लीना सिंघल, अभिषेक यादव, अरविंद विश्वकर्मा, चौधरी ईशम सिंह, अतुल रुहेला, अनुज, सचिन, शिवम चौहान, जिग्नेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राचार्य-सीएमएस में तालमेल की कमी, मरीज हो रहे परेशान

## बच्चे को लेकर ट्रॉमा सेंटर से सौ शैया अस्पताल तक भटकती रही महिला, नहीं मिला उपचार

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला अस्पताल में प्राचार्य और सीएमएस के बीच तालमेल की कमी का असर मरीजों की व्यवस्थाओं पर पड़ने के आरोप लग रहे हैं। मरीज और तीमारदार उपचार के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग तक भटकने को मजबूर हैं। मंगलवार को एक महिला अपने साढ़े तीन वर्षीय नाती को लेकर अस्पताल पहुंची, लेकिन उसे उपचार नहीं मिल सका।

खैरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव प्रतापपुर निवासी श्रीमती अपने 3:30 वर्षीय नाती रौनक पुत्र कृष्णा कांत उर्फ बृजमोहन जो बखारे और उसकी प्लेटलेट्स कम थी उसे लेकर वह उपचार के लिए सरकारी ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची थी। यहां से उसे सौ शैया अस्पताल भेज दिया गया। महिला बच्चे को लेकर वहां पहुंची तो बच्चों की ओपीडी से उसे 35 नंबर वार्ड भेज दिया गया। महिला बच्चे को लेकर वार्ड पहुंची, लेकिन वहां से उसे दोबारा ट्रॉमा सेंटर जाने के लिए कहा गया।



महिला बच्चे को लेकर फिर ट्रॉमा सेंटर पहुंची, लेकिन काफी देर तक किसी ने बच्चे को देखने की जहमत नहीं उठाई। परेशान महिला आखिरकार बच्चे को लेकर अस्पताल से चली गई। इस पूरे घटनाक्रम ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जिम्मेदारी को लेकर अलग-अलग दावे**

अस्पताल में प्राचार्य डॉ. योगेश गोयल और सीएमएस डॉ. नवीन जैन के बीच समन्वय को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। प्राचार्य का कहना है कि वह शिक्षा विभाग से आए हैं और अस्पताल की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सीएमएस की है। वहीं सीएमएस का कहना है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर डॉक्टर तक उनकी बात नहीं सुनते। अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि मरीजों की समस्याओं के समाधान के बजाय निर्माण और खरीद संबंधी कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

**मरीजों के उपचार की जिम्मेदारी एचओडी को दी**

सीएमएस डॉ. नवीन जैन ने कहा कि पिछले कई दिनों से अस्पताल को लेकर प्रकाशित हो रहे प्रकरणों की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में एचओडी नियुक्त हैं। उन्हें अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर काम करना चाहिए, ताकि मरीजों और तीमारदारों को परेशानी न हो।

# पीएनबी के 17 करोड़ के जाली नोट मामले में बैंक प्रबंधक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

सहारनपुर। पंजाब नेशनल बैंक में 17 करोड़ रुपये के जाली नोट मिलने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में नामजद और निलंबित बैंक प्रबंधक अमित कुमार को एनआईए ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाए जाने की तैयारी है। इसके बाद उसे एनआईए की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। मामले में जांच एजेंसी की कार्रवाई जारी है।

# बैंक अधिकारी बनकर युवक से 92 हजार की ऑनलाइन ठगी, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण**

गुन्नौर। थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी एक युवक साइबर ठगों का शिकार हो गया। शातिर ठग ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर युवक के दो अलग-अलग क्रेडिट कार्ड से कुल 92,436.98 रुपये पार कर दिए। मोबाइल पर रकम कटने का मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

कस्बा के मोहल्ला सराय निवासी मोहम्मद उवेस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह सितंबर को शाम करीब 4:26 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक का अधिकारी बताया। ठग ने उवेस से कहा कि उनके दोनों क्रेडिट कार्ड पर 'इंटरनेशनल सर्विस' एक्टिव है, जिसके एवज में हर महीने 999 रुपये का शुल्क कटेगा। जब उवेस ने इस सर्विस को बंद करने के लिए कहा, तो आरोपी ने उन्हें मोबाइल पर कुछ प्रक्रिया (स्टेप्स) पूरी करने को कहा।

बैंकिंग और तकनीकी जानकारी कम होने के कारण उवेस झांसे में आ गए और ठग के बताए अनुसार प्रोसेस करने लगे। इसी दौरान उनके आईसीआईसीआई (ICICI) बैंक के क्रेडिट कार्ड से दो बार में 20 हजार और 30 हजार रुपये, तथा एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से 40 हजार और 2,436.98 रुपये निकाल लिए गए। खाते से कुल 92,436.98 रुपये कटने का मैसेज जैसे ही मोबाइल पर आया, उवेस के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत उस नंबर पर वापस संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ने फोन काट दिया और उसके बाद से उसका मोबाइल बंद आ रहा है। पीड़ित ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए साइबर हेल्पलाइन और संबंधित बैंकों को सूचित किया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सोत नदी के 15 से 20 किलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन कैमरे से सर्वे

## संकरे हिस्सों को चिह्नित कर साफ-सफाई एवं खुदाई का कार्य कराया गया

**समाज जागरण**

संभल। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद में संचालित एक जनपद-पाँच नदियाँ अभियान के तहत नदियों के संरक्षण एवं जल प्रवाह को सुचारु बनाए रखने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी के निर्देशन में तहसील चन्दौसी की राजस्व टीम की उपस्थिति में सोत नदी के लगभग 15 से 20 किलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन कैमरे के माध्यम से सर्वेक्षण कराया गया।

ड्रोन सर्वे के दौरान ग्राम एतोल, कैंथल, बुद्धनगर खंडुआ, आदमपुर आदि ग्रामों से होकर गुजरने वाली सोत नदी के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। सर्वे में जिन स्थानों पर नदी का क्षेत्र संकरा पाया गया, उन्हें चिह्नित करते हुए साफ-सफाई एवं आवश्यक खुदाई का कार्य कराया गया, जिससे नदी के जल प्रवाह को सुचारु बनाए रखने में सहायता मिल सके।

उल्लेखनीय है कि सोत नदी का पुनरुद्धार कार्य पूर्व में कराया जा चुका है तथा प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में भी सोत नदी के पुनरुद्धार कार्य का उल्लेख किया गया था। वर्तमान में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन में जनपद में एक जनपदझ्रपाँच नदियाँ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वर्धमार एवं महिष्मति नदी के पुनरुद्धार का कार्य भी कराया जा रहा है।

वर्षा ऋतु में जहां-जहां नदी पुनरुद्धार का कार्य पूर्व में पूर्ण किया जा चुका है, वहां जल प्रवाहित हो रहा है। प्रशासन द्वारा नदियों के प्राकृतिक जल प्रवाह को बनाए रखने एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लगातार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# सीएचसी स्योहारा में डिप्टी सीएमओ का औचक निरीक्षण, चार कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश

## सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी, अस्पताल प्रशासन को तत्काल सुधार के निर्देश

**समाज जागरण मुस्कान खान**

बिजनौर। स्योहारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे डिप्टी सीएमओ डॉ. के.के. राहुल ने औचक निरीक्षण किया। अचानक अस्पताल पहुंचने पर स्वास्थ्यकर्मियों में हलचल मच गई। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डिप्टी सीएमओ ने आपात कक्ष, दवा कक्ष, प्रसव कक्ष, वार्ड, बाह्य रोगी विभाग और एएनसी वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



**चार कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश**

सफाई व्यवस्था में लापरवाही मिलने पर डिप्टी सीएमओ ने सफाईकर्मी प्रदीप जोनी, वार्ड बॉय भोगराज, शाकिर तथा वार्ड आया ज्योति का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कर्मचारियों के कार्यों की नियमित निगरानी करने और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

डॉ. के.के. राहुल ने कहा कि सरकारी अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को सभी व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही सहित चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कवच प्रशिक्षण से शिक्षक बच्चों की सुरक्षा के लिए होंगे दक्ष

## बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा की दी गई जानकारी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। डायट नगला अमान में माध्यमिक शिक्षकों के तीन दिवसीय ह्यकवचह्ल सुरक्षा-संरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण सात से 12 सितंबर तक चलेगा।




कवच शिक्षा विभाग की ओर से तैयार विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल है। इसके तहत शिक्षकों को विद्यालय में बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार करने, शारीरिक, मानसिक और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ बाल सुरक्षा कानून, बाल अधिकार, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपाय बताए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षक शिक्षण कार्य में स्मार्ट क्लास और सीएलएम जैसी आधुनिक तकनीकों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। शिक्षक सिर्फ ज्ञान देने का काम नहीं करते, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण कर राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा और गणित की बुनियादी समझ मजबूत करने और निपुण लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षक भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें और अपने विद्यालयों में बेहतर, सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण बनाएं।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा ने भी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। उन्होंने बाल अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को सुरक्षा संबंधी विभिन्न उपायों की जानकारी भी दी गई।

**बच्चों की चित्रकारी देखी, टॉफियां बांटीं**

कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी बाल वाटिका पहुंचे। यहां उन्होंने कक्षा एक के बच्चों की बनाई चित्रकारी और उनकी रचनात्मकता देखी। बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें टॉफियां भी वितरित कीं।

# वाराणसी में 489 जर्जर मकानों पर मंडरा रहा ध्वस्तीकरण का खतरा

**समाज जागरण**

वाराणसी। दिल्ली में जर्जर इमारत गिरने की घटना के बाद वाराणसी नगर निगम भी जर्जर भवनों को लेकर सतर्क हो गया है। नगर निगम ने शहर में संचालित छात्रावासों के साथ-साथ जर्जर भवनों को चिह्नित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। निगम के पूर्व सर्वेक्षण में शहर में 489 मकान अति जर्जर स्थिति में पाए गए थे। इन भवनों पर नोटिस चस्पा किए जाने के बावजूद अभी तक सभी भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं हो सकी है।

वाराणसी शहर के विभिन्न इलाकों में कई ऐसे पुराने मकान हैं, जो लंबे समय से जर्जर हालत में हैं। इनमें कुछ भवन बेहद खराब स्थिति में पहुंच चुके हैं और उनके आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। करीब दो वर्ष पहले शहर में एक मकान गिरने की घटना के बाद नगर निगम ने जर्जर भवनों का सर्वे कराया था। इसके बाद 489 मकानों को अति जर्जर श्रेणी में चिह्नित किया गया था।

नगर निगम की ओर से इन भवनों के मालिकों को नोटिस जारी किए गए और कई स्थानों पर नोटिस चस्पा भी किए गए। इसके बावजूद अभी तक सभी भवनों को गिराने की कार्रवाई नहीं हो पाई है। इन जर्जर मकानों में कहीं मकान मालिक तो कहीं किरायेदार रह रहे हैं, जिससे संभावित हादसे की आशंका बनी हुई है।

**छात्रावासों की भी होगी जांच**

दिल्ली में इमारत हादसे के बाद वाराणसी नगर निगम ने शहर में संचालित छात्रावासों की भी सूची तैयार करना शुरू कर दिया है। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रावासों को चिह्नित किया जा रहा है और विशेष रूप से जर्जर छात्रावासों पर ध्यान दिया जा रहा है।

# भूमि पैमाइश के दौरान लेखपाल से मारपीट, लेखपालों में आक्रोश

## मनमाफिक पैमाइश न होने पर अभद्रता और मारपीट का आरोप, वाहन में तोड़फोड़ की भी शिकायत

**समाज जागरण**

संभल/पंवासा। नगर पंचायत नरौली में तैनात लेखपाल राजीव शर्मा के साथ भूमि की पैमाइश के दौरान मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। लेखपाल ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बताया गया कि राजीव शर्मा नरौली में स्टेट हाईवे पर पुलिस चौकी के निकट गाटा संख्या 1158 की पैमाइश शिकायतकर्ता छोटे माली पुत्र शिवलाल और बाबूराम माली पुत्र शिवलाल तथा विपक्षी की मौजूदगी में कर रहे थे। आरोप है कि मनमाफिक पैमाइश नहीं होने पर दोनों ने लेखपाल के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विरोध करने पर मारपीट करने और वाहन में तोड़फोड़ करने का भी आरोप लगाया गया है।

लेखपाल के अनुसार, घटना की जानकारी तत्काल नरौली पुलिस चौकी को दी गई। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

दिनदहाड़े लेखपाल के साथ हुई घटना की जानकारी मिलने के बाद जनपद के लेखपालों में आक्रोश बताया जा रहा है। लेखपाल संघ ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई करने और लेखपाल राजीव शर्मा को न्याय दिलाने की मांग की है।

वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि राजीव शर्मा ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। लेखपाल संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो उनका आक्रोश और बढ़ सकता है।

# 10 सितंबर को आएंगी राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्षा, महिलाओं की समस्याओं का करेंगी निस्तारण

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर 08 सितंबर। जिला प्रोबेशन अधिकारी, बिजनौर विमल कुमार चौबे ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली की अध्यक्षा श्रीमती विजया राहटकर द्वारा दिनांक 10 सितम्बर, 2026 को जनपद बिजनौर के दौरे पर रहेंगी। माननीय अध्यक्षा विकास भवन सभागार में मध्यान्ह 12:00 से अपराह्न 2:00 बजे तक महिला जनसुनवाई करेगी। उन्होंने बताया कि जनपद के दौरे के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे तदुपरान्त जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थिति होने वाली पीड़ित महिलाओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों / शिकायतों का मौके पर संबंधित विभाग / अधिकारीगण द्वारा निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएगी। जन-सुनवाई के उपरान्त जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जायेगी।

# पारिवारिक वन विहार में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को मिली ट्रॉफी

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। कुशवाहा जिला सभा महानगर के तत्वावधान में रविवार को राधा कृष्ण गार्डन में पारिवारिक वन विहार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक राम सिंह कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया।




अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता डंबर सिंह कुशवाहा ने की।

इस दौरान लेमन दौड़, दौड़, निशानेबाजी, डांसिंग, ड्राइंग और संगीत समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं। बच्चों और अन्य प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए अतिथियों ने ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए।

मुख्य अतिथि लाखन सिंह कुशवाहा ने कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को सामाजिक कार्यक्रमों से जोड़ना सराहनीय प्रयास है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राधेश्याम कुशवाहा ने समाज को शैक्षणिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता डॉ. एसपी लहरी ने कहा कि पारिवारिक वन विहार जैसे आयोजन समाज में समरसता और सौहार्द को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक कुशवाहा ने किया। जिला सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश कुशवाहा ने सभी अतिथियों और समाज के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा, महामंत्री बंटू कुशवाहा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र पेड़तिया, उमेश मामा, देवेश कुशवाहा, रामू कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, डॉ. सुनील, मनोज कुमार वैद्य, हरीश कुशवाहा, यशोवर्धन, लव, कुश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने रंगों से कागज पर उकेरे सपने, डीएम ने बढ़ाया हौसला

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर डायट स्थित ईसीसीई रिसोर्स सेंटर में मंगलवार को ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरा। बच्चों



की रचनात्मकता और उत्साह देखते ही बना।

प्रतियोगिता का आयोजन डायट प्राचार्य के मार्गदर्शन में एसआरजी डॉ. जया शर्मा और डायट प्रवक्ता जयमाला व अर्चना वर्मा के निर्देशन में कराया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मक सोच, कल्पनाशक्ति, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल विकसित करना था।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने ईसीसीई रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए चित्रों को देखा और उनकी प्रतिभा की सराहना की। डीएम ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें टॉफी और चॉकलेट भी वितरित कीं।

डीएम से प्रोत्साहन पाकर बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कल्पनाओं और सपनों को रंग-बिरंगे चित्रों के जरिए अभिव्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को शुरूआती स्तर पर प्रोत्साहन मिलने से उनमें आत्मविश्वास और सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# मोबाइल स्नेचिंग गिरोह का पदार्फाश, तीन शातिर गिरफ्तार

## 14 मोबाइल फोन और दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, स्नेचिंग में इस्तेमाल होता था चोरी का वाहन

**समाज जागरण**

नोएडा, 8 सितंबर। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी एवं स्नेचिंग करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 चोरी/स्नेचिंग के मोबाइल फोन, दो चोरी की मोटरसाइकिल, पांच हजार रुपये नकद और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। मोबाइल और मोटरसाइकिल चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर कार्रवाई करते हुए आशु कुमार (20), मन्नू




कुमार (19) और नावेद खान (32) को सर्विस रोड, सेक्टर-28 नोएडा से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे तीनों मिलकर चोरी और स्नेचिंग की वारदात करते थे। आशु और मन्नू चोरी की मोटरसाइकिलों से दिल्ली-एनसीआर में राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनते थे। इसके बाद छीने गए मोबाइल नावेद को सौंप दिए जाते थे। पुलिस के मुताबिक, नावेद मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है और छीने गए मोबाइल फोन तथा उनके पुर्जों को बेचकर रकम कमाता था। वारदात से प्राप्त रकम आपस में बांट ली जाती थी।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ओप्पो और अन्य कंपनियों के 14 मोबाइल फोन, पांच हजार रुपये नकद, यामाहा आर-15 और स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा मोटरसाइकिल का लॉक तोड़ने में इस्तेमाल होने वाला स्क्रू बरामद किया है। इसके अलावा आशु और मन्नू के कब्जे से एक-एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार, आरोपी आशु के खिलाफ गौतमबुद्धनगर, दिल्ली और बुलंदशहर में चोरी, ठगी, शस्त्र अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में सात मामले दर्ज हैं। मन्नू के खिलाफ चार और नावेद खान के खिलाफ पांच मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिलों में एक बिना नंबर की यामाहा आर-15 तथा दूसरी यूपी14सीवी1327 नंबर की स्प्लेंडर है, जो दिल्ली के कालिंदी कुंज थाने में दर्ज मामले से संबंधित बताई गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

## 14 चोरी के दोपहिया वाहन और दो अवैध चाकू बरामद, सुनसान प्लॉट में छिपाकर रखते थे वाहन

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। थाना बादलपुर पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर 13 मोटरसाइकिल और एक स्कूटी समेत 14 चोरी के दोपहिया वाहन तथा दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सैफ अली (28) पुत्र जाहिद अली निवासी प्यावली, थाना जारचा तथा शादाब (27) पुत्र आशिक अली निवासी चांद मोहल्ला, थाना दादरी को छह प्रतिशत आबादी क्षेत्र के पास से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में पुलिस को पता चला कि सैफ अली मैकेनिक है, जबकि शादाब कबाड़ खरीदने का काम करता है। दोनों आरोपी पहले मोटरसाइकिल और स्कूटी की रेकी करते थे और मौका देखकर उन्हें



चोरी कर लेते थे। चोरी किए गए वाहनों को सुनसान खाली प्लॉट में छिपाकर रखा जाता था। बाद में इन्हें सस्ते दामों पर राहगीरों को बेच दिया जाता था।

पुलिस के अनुसार, चोरी के वाहनों की बिक्री से मिलने वाली रकम दोनों आरोपी आपस में बांट लेते थे और व्यक्तिगत खर्च तथा शौक-मौज में खर्च करते थे।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दिल्ली और उत्तर प्रदेश के पंजीकरण वाली 13 मोटरसाइकिल तथा एक होंडा एक्टिवा स्कूटी बरामद की है। इनमें यामाहा, हीरो स्प्लेंडर, पैशन प्रो, एचएफ डीलक्स, बजाज प्लेटिना और टीवीएस रेडियन जैसी मोटरसाइकिल शामिल हैं। इसके अलावा दोनों आरोपियों के कब्जे से एक-एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ बादलपुर, दादरी, गाजियाबाद और दिल्ली के थानों में वाहन चोरी एवं अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। दोनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# सेक्टर-77 में नोएडा प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई, 4,200 वर्गमीटर जमीन से हटाया अतिक्रमण

## करीब 40 करोड़ रुपये की मास्टर ग्रीन के लिए आरक्षित भूमि कराई अतिक्रमणमुक्त, अवैध निर्माण भी ध्वस्त

**समाज जागरण**

नोएडा, 8 सितंबर। अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-77 में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण के वर्क सर्किल-6 की टीम ने ग्राम सोरखा के खसरा संख्या-18 पर किए गए अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर लगभग 4,200 वर्गमीटर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। प्राधिकरण के अनुसार, अतिक्रमणमुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत करीब 40 करोड़ रुपये है। यह भूमि मास्टर ग्रीन के लिए आरक्षित/निर्धारित है, जिस पर अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा था।

कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण की टीम ने मौके पर किए गए अनधिकृत निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को अपने कब्जे में लिया। प्राधिकरण के




अनुसार, अतिक्रमणकारियों ने कार्रवाई रोकने के लिए न्यायालय में वाद संख्या 758/2025 दायर कर राहत प्राप्त करने का प्रयास किया था। प्राधिकरण की प्रभावी पैरवी के बाद न्यायालय द्वारा संबंधित निषेधाज्ञा को निरस्त कर दिया गया, जिसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### मास्टर ग्रीन विकसित करने की तैयारी

नोएडा प्राधिकरण की ओर से बताया गया कि अतिक्रमणमुक्त कराई गई भूमि पर मास्टर ग्रीन विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में हरित क्षेत्र का विस्तार होने के साथ नागरिकों को बेहतर पर्यावरणीय सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि सरकारी अथवा प्राधिकरण की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा और अनधिकृत निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# टीएमयू में शिक्षक दिवस पर कटे केक, विद्यार्थियों ने लिया गुरुओं का आशीर्वाद

*सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति जताया सम्मान, उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रमाण-पत्र व उपहार देकर किया सम्मानित*

**समाज जागरण**

मुरादाबाद, 8 सितंबर। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों में समारोह आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रमों में एकल एवं युगल नृत्य, गायन, भाषण, शायरी और नाटक की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

समारोह की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने केक काटकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर शिक्षकों का स्वागत किया। विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि उनके करियर और जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी हैं।

### शिक्षक और श्रीकृष्ण के संदेश में समानता

कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग में भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और श्रीमद्भगवद्गीता के संदेशों के साथ शिक्षकों के ज्ञान, मार्गदर्शन और राष्ट्र निर्माण में योगदान को रेखांकित किया गया। मुख्य वक्ता फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि श्रीकृष्ण के संदेश और शिक्षकीय दायित्व में गहरा साम्य है।

इस अवसर पर शिक्षकों को सम्मान-पत्र, पेन और आईबीएम कैप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. अनुज राघव, डॉ. रूपल गुप्ता, डॉ. पराग अग्रवाल, डॉ. मुदित सक्सेना, डॉ. आदित्य जैन, ज्योति रंजन लाभ और डॉ. अमित सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। संचालन डॉ. शालिनी निनोरिया ने किया। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में एमएड, बीएससी-



बीएड, बीए-बीएड और बीएलएड के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन सहित विभाग के शिक्षक मौजूद रहे।

### नृत्य और हास्य नाटक ने बांधा समां

फिजियोथेरेपी विभाग में छात्राओं भूमिका और दिव्यांशी ने नृत्य प्रस्तुति दी। अंजलि एवं नेत्रिका तथा निधि एवं साक्षी ने युगल नृत्य से दर्शकों की तालियां बटोरीं। चतुर्थ वर्ष के छात्र जतिन त्यागी ने गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

विद्यार्थियों ने हास्य नाटक के माध्यम से शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके, कक्षा में उनके व्यवहार और व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को रचनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया। इस दौरान फिजियोथेरेपी की विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानी एम. कौल सहित विभागीय शिक्षक मौजूद रहे। कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के ऑप्टोमेट्री और फॉरेंसिक साइंस विभाग में भी शिक्षक दिवस मनाया गया। वहीं कॉलेज ऑफ फामेर्सी में शिक्षकों की मौजूदगी में विद्यार्थियों ने कार्यक्रम आयोजित कर गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोहों में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन को जीवन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

# आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में पति गिरफ्तार

## इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर कासना पुलिस ने की कार्रवाई

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 8 सितंबर। थाना कासना पुलिस ने आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सिरसा गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनुज (32) पुत्र स्वर्गीय रघुवर, निवासी ग्राम सलेमपुर गुर्जर, थाना कासना, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। आरोपी मृतका का पति बताया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ थाना कासना में मु0अ0सं0 171/2026, धारा 108 बीएनएस के तहत आत्महत्या के दुष्प्रेरण का अभियोग दर्ज है। इ




सके अलावा उसके विरुद्ध कासना और दनकौर थानों में मारपीट, गाली-गलौज और धमकी से संबंधित तीन अन्य मामले भी दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# फ्लैट में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, 57 हजार रुपये बरामद

## रसोईघर का शीशा तोड़कर फ्लैट में घुसा था आरोपी, कब्जे से तमंचा भी मिला

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 8 सितंबर। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने सेक्टर-150 स्थित सोसाइटी के फ्लैट में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 57 हजार रुपये नकद और 315 बोर का तमंचा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 8 सितंबर को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अजय उर्फ बली (19) पुत्र शंकर, निवासी ग्राम हीरापुर, थाना सहावर, कासगंज, हाल निवासी ग्राम नवादा, थाना नॉलेज पार्क को ग्राम मोमनाथल की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने 22 अगस्त 2026 को सेक्टर-150




नोएडा स्थित एक सोसाइटी के फ्लैट के रसोईघर का शीशा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब दो लाख रुपये चोरी किए थे। मामले में थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए दो लाख रुपये में से 57 हजार रुपये उसके पास बचे थे, जबकि शेष रकम उसने व्यक्तिगत जरूरतों और शौक-मौज में खर्च कर दी। पुलिस ने उसके पास से यही 57 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह लोगों को डराने के उद्देश्य से अपने पास तमंचा रखता था। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ थाना नॉलेज पार्क में चोरी के मामले में मुकदमा संख्या 203/2026 तथा शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा संख्या 221/2026 दर्ज किया गया है। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

# महर्षि दयानंद की दृष्टि में श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व पर गोष्ठी

## श्रीकृष्ण का चरित्र अत्युत्तम था : श्रुति सेतिया

**समाज जागरण**

गाजियाबाद, 9 सितंबर। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में 'महर्षि दयानंद की दृष्टि में योगीराज श्रीकृष्ण' विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कोरोना काल से आयोजित यह परिषद का 802वां वेबिनार था।

गोष्ठी में योगाचार्या एवं प्राकृतिक चिकित्सक श्रुति सेतिया ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व, नीतिज्ञता और जीवन-दर्शन पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण को केवल धार्मिक दृष्टि से नहीं, बल्कि ज्ञान, नीति, कर्तव्य, दूरदर्शिता और श्रेष्ठ कर्म के प्रेरक व्यक्तित्व के रूप में भी देखना चाहिए।

उन्होंने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 'सत्यार्थ प्रकाश' में श्रीकृष्ण के गुण, कर्म, स्वभाव और चरित्र को अत्युत्तम बताया है तथा




उन्हें आप्त पुरुषों के समान माना है। श्रीकृष्ण का जीवन यह संदेश देता है कि ज्ञान का वास्तविक महत्व तभी है, जब वह सही समय पर सही निर्णय लेने, विवेक बनाए रखने और कर्तव्य निभाने में सहायक हो।

श्रुति सेतिया ने युवाओं का आह्वान किया कि वे श्रीकृष्ण के ज्ञान, साहस, नीति और कर्तव्यबोध को अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के श्रेष्ठ गुणों को आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्य अतिथि आर्य नेत्री रजनी गर्ग और अध्यक्ष राजश्री यादव ने भी अपने विचार रखे। परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने संचालन किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान गायिका पिंकी आर्या, कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, प्रतिभा कटारिया, संतोष धर और रविंद्र गुप्ता आदि ने भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

समाज जागरण
दिल्ली-एनसीआर से प्रकाशित व देश के तमाम हिंदी प्रदेशों में प्रसारित
बिज़नेस बढ़ाने का महा-उत्सव!
अब हर घर गूंजेगा आपके ब्रांड का नाम!
मात्र ₹5,000 में, पूरे 1 महीने फ्रंट पेज पर!
Prime Location: Front Page Strip (Front Strip - 4cm x 12cm)
Mass Reach: Delhi-NCR, UP, Bihar, MP, Rajasthan

# वियटजेट की 9.9 सेल में 11 रुपये से शुरू हवाई किराया

## दिल्ली, मुंबई समेत पांच भारतीय शहरों से वियतनाम के लिए सीधी उड़ानों पर ऑफर, डीलक्स किराए में 22 प्रतिशत छूट

**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 8 सितंबर। वियतनाम की विमानन कंपनी वियटजेट ने भारतीय यात्रियों के लिए तीन दिवसीय '9.9 सेल' शुरू की है। इसके तहत दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद और बेंगलुरु से वियतनाम के हनोई और हो ची मिन्ह सिटी के लिए सीधी उड़ानों पर इको श्रेणी का मूल किराया 11 रुपये से शुरू होगा। इस किराए में कर और अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं। इसके अलावा डीलक्स मूल किराए पर 22 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

कंपनी के अनुसार, यह विशेष बिक्री 7 सितंबर की रात 10:30 बजे से 10 सितंबर की रात 9:30 बजे तक



चलेगी। यात्री वियटजेट की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से टिकट बुक कर इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग पर 'SALE99' प्रचार कोड का इस्तेमाल करने पर डीलक्स मूल किराए में 22 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी।

यह ऑफर 10 सितंबर 2026 से 10 सितंबर 2027 तक की यात्रा के लिए मान्य है। हालांकि, कुछ विशेष तिथियां इस योजना में शामिल नहीं हैं।

### एशिया और यूरोप तक बढ़ रहा नेटवर्क

वियटजेट अपने अंतरराष्ट्रीय उड़ान नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है। अक्टूबर में हनोई से अल्माटी और प्राग के लिए नई उड़ान सेवाएं शुरू करने की योजना है। इसके अलावा वर्ष के अंत तक हनोई को ताइनान और सेबू, हो ची मिन्ह सिटी को सेबू, क्लार्क और चियांग माई तथा न्हा ट्रांग को सिंगापुर से जोड़ने वाली सेवाएं शुरू की जाएंगी।

कंपनी के अनुसार, जनवरी 2027 में हो ची मिन्ह सिटी और सिडनी के बीच वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के माध्यम से नई उड़ान सेवा भी शुरू की जाएगी।

# सेक्टर-63 में चला एंटी प्लास्टिक अभियान, लोगों को किया जागरूक

## ग्राम छिजारसी में सामुदायिक बैठक कर कूड़ा पृथक्करण और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने की अपील

**समाज जागरण**

नोएडा, 8 सितंबर। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को सेक्टर-63 गोलचक्कर पर एंटी प्लास्टिक अभियान चलाया गया। इसके साथ ही ग्राम छिजारसी में सामुदायिक बैठक आयोजित कर लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान लोगों को गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण, खुले में कचरा नहीं डालने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में भी जानकारी दी।



प्राधिकरण की टीम ने लोगों से खरीदारी और दैनिक उपयोग में कपड़े तथा कागज के थैलों को अपनाने की अपील की। सामुदायिक बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में नागरिकों की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया गया।

नोएडा प्राधिकरण की ओर से स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त शहर के लिए इस तरह के जागरूकता अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही गई।

# सेक्टर-132 और याकूबपुर में घर-घर पहुंचा स्वच्छता जागरूकता अभियान

## गीले-सूखे कचरे को अलग रखने और निर्धारित वाहनों में कूड़ा देने की अपील

**समाज जागरण**

नोएडा, 8 सितंबर। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को सेक्टर-132 और ग्राम याकूबपुर में घर-घर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नागरिकों को कचरे के उचित निस्तारण और स्रोत पर ही गीले एवं सूखे कचरे को अलग करने के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि गीले और सूखे कचरे के लिए हरे और नीले कूड़ेदान का प्रयोग किया जाए। कचरे को अलग-अलग रखने के बाद उसे निर्धारित कूड़ा संग्रहण वाहनों में ही दिया जाए, ताकि कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सके।



प्राधिकरण की टीम ने नागरिकों से स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने और अपने घरों के साथ आसपास के क्षेत्र को भी साफ रखने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि कचरे का सही तरीके से पृथक्करण स्वच्छ शहर के साथ-साथ बेहतर पर्यावरण के लिए भी जरूरी है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और सुपोषित बच्चों का सम्मान

*अयोध्या में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का गौतमबुद्धनगर में हुआ सजीव प्रसारण, 10-10 कार्यकत्रियों, सहायिकाओं व बच्चों को किया सम्मानित*

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 9 सितंबर। अयोध्या में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं लाभार्थियों के सम्मान समारोह का गौतमबुद्धनगर में सजीव प्रसारण किया गया। जिला प्रशासन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, सुपोषित बच्चों और उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम का प्रसारण देखा।

इस अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 10 सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 10 सुपोषित बच्चों और उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण



विभाग की चार संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों के पोषण और उनके समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।

जिला प्रशासन ने कहा कि बच्चों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराने में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कुपोषण से मुक्ति और स्वस्थ बचपन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभागीय प्रयासों के साथ अभिभावकों और समुदाय की सक्रिय सहभागिता भी जरूरी है।

# छत्ता मस्जिद में सीरतुन्नबी पर सुधारात्मक और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**

बागपत। जमीयत उलेमा शहर बागपत की ओर से 7 सितंबर सोमवार को बाद नमाज-ए-इशा छत्ता मस्जिद में सीरतुन्नबी पर सुधारात्मक और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में हजरत मुहम्मद की पाक सीरत, श्रेष्ठ चरित्र, रहमत, इंसाफ, सब्र और उम्मत के लिए उनकी शिक्षाओं पर कुरआन और हदीस की रोशनी में प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम मौलाना मुहम्मद तस्लीम साहब इमाम व खतीब छत्ता मस्जिद की सरपरस्ती में हुआ। अध्यक्षता मौलाना मुहम्मद इकबाल साहब, मुफ्ती मुहम्मद आकिल सिराज नोमानी और मुफ्ती नूर मुहम्मद साहब ने की। संचालन मुफ्ती मुहम्मद मुस्तफा साहब ने किया। कुरआन पाक की तिलावत कारी मुहम्मद कासिम और नात-ए-पाक



मौलाना मुहम्मद आरिफ साहब ने पेश की।मुख्य अतिथि मुफ्ती मुहम्मद शमीम साहब ने सीरत-ए-तैय्यिबा के विभिन्न पहलुओं को कुरआन और हदीस की रोशनी में स्पष्ट किया। इस मौके पर मुफ्ती मुहम्मद अमजद, मुफ्ती मुहम्मद हुसैन, कारी मुहम्मद मुकम्मल, मुफ्ती मुहम्मद असजद, मौलाना नईम मिफ्ताही, मौलाना महबूब मिफ्ताही, मौलाना कलीमुद्दीन, कारी आमिर, मोहम्मद फारूक, कारी नदीम, कारी शाहवेज, तैय्यब साहब सहित जमीयत उलेमा के कई उलेमा, मस्जिदों के इमाम और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अंत में मौलाना मुहम्मद इकबाल साहब ने नसीहत दी और दुआ कराई। कार्यक्रम की व्यवस्था जनरल सेक्रेटरी हाफिज मुजफ्फर नसीम ने संभाली।

# ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा टला: नींद की झपकी आने से पलटने से बचा कंटेनर, सुरक्षा रेलिंग बनी ढाल

## -एक्सप्रेसवे से नीचे लटका ट्रक का अगला हिस्सा, पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से सुरक्षित निकाला

**-हरियाणा से दादरी जा रहा था कंटेनर लदा ट्रक, चालक बलजीत को आई थी नींद**

**समाज जागरण बागपत।**

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार की सुबह चालक को अचानक नींद की झपकी आने से एक बड़ा हादसा होते-होते बाल-बाल बच गया। तेज रफ्तार में कंटेनर से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे के किनारे से नीचे उतर गया। हालांकि, साइड में लगी लोहे



की सुरक्षा रेलिंग वाहन के लिए ढाल बन गई, जिससे ट्रक नीचे गहरी खाई में गिरने से बच गया।

झपकी बनते-बनते रह गई काल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक हरियाणा से माल लादकर उत्तर प्रदेश के दादरी की ओर जा रहा था। वाहन को चालक बलजीत चला रहा था। जैसे ही ट्रक खेकड़ा क्षेत्र में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर पहुंचा, अचानक चालक बलजीत को नींद की झपकी आ गई। एक पल की इस लापरवाही से ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और वह बेकाबू होकर एक्सप्रेसवे के किनारे जा घुसा। ट्रक का अगला हिस्सा एक्सप्रेसवे से नीचे लटक गया था, लेकिन सुरक्षा रेलिंग मजबूत अवरोधक बनकर बीच में आ गई, जिससे वाहन वहीं फंसकर रुक गया।

**हाइवे पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन से निकाला बाहर**

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे की हाईवे पेट्रोलिंग टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए क्रेन मंगवाई और कड़ी मशक्कत के बाद कंटेनर लदे ट्रक को एक्सप्रेसवे पर सुरक्षित बाहर खींच निकाला। चालक की जरा सी मानवीय भूल एक भयावह दुर्घटना का कारण बन सकती थी, लेकिन एक्सप्रेसवे की सुरक्षा रेलिंग के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और बड़ा नुकसान होने से बच गया।

# व्यसनमुक्त जीवन ही सुखी जीवन : आचार्य श्री आर्जव सागर

**समाज जागरण बागपत।**

बड़ौत नगर के श्री अजितनाथ सभागार में विराजमान परम पूज्य आचार्य श्री आर्जवसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है। इस जीवन का उद्देश्य केवल सांसारिक सुख-सुविधाओं को प्राप्त करना नहीं, बल्कि धर्म, संयम, सदाचार और आत्मचिंतन के माध्यम से अपने जीवन को सार्थक बनाना है। मनुष्य को यह विचार करना चाहिए कि वह अपने जीवन को किस दिशा में ले जा रहा है। आचार्य श्री ने कहा कि सप्त व्यसन मनुष्य के जीवन को धीरे-धीरे पतन की ओर ले जाते हैं। प्रारंभ में व्यसन छोटे और आकर्षक दिखाई दे सकते हैं, लेकिन समय के साथ वे मनुष्य की बुद्धि, विवेक, धन, समय और पारिवारिक सुख-शांति को प्रभावित करने लगते हैं। इसलिए व्यसन से बचना ही नहीं, बल्कि उनसे पूर्णतः दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में सप्त व्यसनों के त्याग का विशेष महत्व बताया गया है। जुआ, मांस, मद्यपान, शिकार, चोरी, परस्त्रीसेवन तथा वेश्यागमन जैसे व्यसन मनुष्य के चरित्र और जीवन को कमजोर करते हैं। इनका त्याग व्यक्ति को संयम, सदाचार और



आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ाता है।व्यसन केवल व्यक्ति नहीं, परिवार को भी प्रभावित करते है। आचार्य श्री ने कहा कि किसी व्यक्ति की बुरी आदतों का प्रभाव केवल उसी तक सीमित नहीं रहता। व्यसन के कारण परिवार की शांति भंग होती है, धन का दुरुपयोग होता है और आपसी संबंधों में तनाव उत्पन्न हो सकता है। इसलिए परिवार के प्रत्येक सदस्य को व्यसनमुक्त और संस्कारित जीवन के लिए प्रयास करना चाहिए।उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को विशेष रूप से व्यसनों से बचाना आवश्यक है। बच्चों और युवाओं को बचपन से ही धर्म, अहिंसा, शाकाहार, सत्य, संयम और सदाचार के संस्कार दिए जाएँ। जिस घर में अच्छे संस्कारों का वातावरण होता है, वहाँ आने वाली पीढ़ी भी अपने जीवन में श्रेष्ठ मूल्यों को अपनाती है। आचार्य श्री ने कहा कि व्यसनों का त्याग करने के साथ श्रावक को अष्ट मूलगुणों का पालन भी करना चाहिए। अष्ट मूलगुणों में पाँच उदुम्बर फलों का त्याग तथा तीन मकार–मद्य, मांस और मधु–का त्याग बताया गया है। इनका पालन अहिंसा, जीवदया और संयम की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि बड़, पीपल, पाकर, कठूमर और ऊमर जैसे उदुम्बर फलों का त्याग जैन श्रावक के लिए अहिंसामय जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार मद्य, मांस और मधु का त्याग भी जीवों के प्रति करुणा तथा शुद्ध जीवन की प्रेरणा देता है। आचार्य श्री ने कहा कि धर्म का वास्तविक लाभ तभी है, जब वह हमारे जीवन में दिखाई दे। केवल प्रवचन सुनना, धार्मिक स्थानों पर जाना अथवा पूजा करना पर्याप्त नहीं है। धर्म को अपने विचारों, वाणी और व्यवहार में उतारना आवश्यक है। यदि प्रवचन सुनने के बाद हमारे जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आता, तो हमें स्वयं का आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि व्यक्ति को समय-समय पर अपने जीवन की समीक्षा करनी चाहिए। स्वयं से पूछना चाहिए कि मेरी कौन-सी आदतें मुझे धर्म से जोड़ रही हैं और कौन-सी आदतें मुझे धर्म से दूर ले जा रही हैं। बुरी आदतों को छोड़ने के लिए दृढ़ संकल्प और सत्संग का सहारा लेना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि त्याग का अर्थ जीवन से आनंद समाप्त करना नहीं है, बल्कि उन आदतों और वस्तुओं को छोड़ना है जो मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप से दूर करती हैं। व्यसन छोड़ने वाला व्यक्ति अपने जीवन में शांति, स्वास्थ्य, सम्मान और अच्छे संस्कारों के लिए स्थान बनाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में संतोष, संयम और सदाचार को स्थान देना चाहिए। आवश्यकता से अधिक संग्रह और विषय-भोग की प्रवृत्ति मनुष्य की इच्छाओं को बढ़ाती जाती है। इच्छाओं पर नियंत्रण और संयम का अभ्यास ही जीवन को शांत बनाता है। आचार्य श्री ने कहा कि सच्चा सुख बाहर की वस्तुओं में नहीं, बल्कि निर्मल मन और संयमित जीवन में है। जिस व्यक्ति का मन व्यसनों से मुक्त और जीवन सदाचार से युक्त है, वह विपरीत परिस्थितियों में भी शांति का अनुभव कर सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बहुत मूल्यवान है। इसे व्यसन, प्रमाद और बुरी आदतों में नष्ट करने के बजाय धर्म और आत्मकल्याण के लिए लगाना चाहिए। सप्त व्यसनों का त्याग और अष्ट मूलगुणों का पालन व्यक्ति को अहिंसा, संयम और सदाचार की ओर ले जाने वाले महत्वपूर्ण संकल्प हैं। अंत में आचार्य श्री ने धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रेरणा देते हुए कहा कि स्वयं व्यसनमुक्त बनें, अपने परिवार को व्यसनमुक्त बनाएँ और समाज में भी सदाचार एवं संस्कारों का वातावरण तैयार करें। धर्म को केवल सुनें नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारें।

यही मनुष्य जीवन की वास्तविक सार्थ कता है। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, नवीन जैन, राकेश जैन, विकास जैन, ऋषभ जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि 12 और 13 सितंबर को राष्ट्रीय विद्वत गोष्ठी का आयोजन अजितनाथ सभागार में डॉक्टर श्रेयांस जैन एवं ऋषिका दीदी के निर्देशन में किया जाएगा, जिसमें भारत के प्रसिद्ध विद्वान बड़ौत नगर में पहुंचेंगे।

# गला दबाकर हत्या के प्रयास का मुकदमा फर्जी बताया, एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग

## -विवाहिता के परिजनों ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाकर सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा क्षेत्र की एक विवाहिता द्वारा पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ दर्ज कराए गए गला दबाकर हत्या के प्रयास के मुकदमे को उसके परिजनों ने फर्जी बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने पुलिस अधीक्षक सूरज राय के कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

परिजनों का आरोप है कि विवाहिता और उसके पति के बीच पारिवारिक विवाद से जुड़े कई मुकदमे न्यायालय में विचाराधीन हैं। भरण-पोषण से संबंधित मामला भी उच्च न्यायालय प्रयागराज में लंबित है। आरोप लगाया कि इसी विवाद के चलते विवाहिता ने गलत तथ्यों और फर्जी मेडिकल के आधार पर पति प्रदीप और उसकी मां कृष्णा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।परिजनों ने



यह भी आरोप लगाया कि विवाहिता का भाई उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा के पद पर तैनात है और उसके प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए पुलिस पर दबाव बनाकर कार्रवाई कराई गई। उनका कहना है कि विवाहिता और उसके भाई की ओर से पहले भी पति और उसकी मां के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराने के प्रयास किए जा चुके हैं। इन मामलों में भी न्यायालय में कार्रवाई चल रही है। सोमवार शाम कृष्णा, चांदबीर, बीरपाल समेत अन्य परिजन और मोहल्ले के लोग एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मेडिकल और मुकदमे में लगाए गए आरोपों की सत्यता की जांच करने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने एसपी से मांग की कि मामले की जांच किसी निष्पक्ष अधिकारी से कराई जाए, ताकि पारिवारिक विवाद में किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई न हो।

# कृष्ण भजनों से देर रात तक गूंजता रहा खेकड़ा

## -रविश मिश्रा और नीलम सिंह यादव ने भजनों से बांधा समां, भक्ति में झूमे श्रद्धालु

**समाज जागरण बागपत।**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उल्लास में मंगलवार रात खेकड़ा कृष्ण भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। गांधी प्याऊ पर आयोजित भजन संध्या में सुरों की ऐसी बयार बही कि देर रात तक श्रद्धालु भक्ति में झूमते रहे। श्रीकृष्ण और श्रीराम के भजनों के बीच पूरा बाजार राधे-राधे के जयघोष से गूंजता रहा। कस्बे के ठाकुर द्वारा मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ समिति पदाधिकारी जितेंद्र सिंघल ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद संगीतकार विनोद अग्रवाल के शिष्य रविश मिश्रा ने एक से बढ़कर एक



मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को कृष्ण भक्ति में सराबोर कर दिया। भजनों की मनमोहक धुन पर श्रद्धालु तालियां बजाते हुए झूम उठे। इसके बाद संगीतकार रविन्द्र जैन के शिष्य नीलम सिंह यादव ने श्रीराम और श्रीकृष्ण को समर्पित भजनों की प्रस्तुति दी। उनकी सुरीली आवाज ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करने लगे और पूरा परिसर जयकारों से गूंज उठा। देर रात तक चले भजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भक्ति रस का आनंद लिया। जन्माष्टमी के मौके पर आयोजित इस भक्तिमय आयोजन ने कस्बे में आध्यात्मिक माहौल कायम कर दिया। इस मौके पर विनोद कुमार गुप्ता, राजू गुप्ता, आदर्श गुप्ता, संदीप गुप्ता, तरुण गुप्ता, पुनीत शर्मा, कुनाल सिंघल और धैर्य गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ईस्टर्न पेरीफेरल पर दर्दनाक हादसा, आठ की मौत, 24 घायल

## -सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये सहायता देने के निर्देश दिए

**-राजस्थान से बदायूं लौट रहे 32 लोगों से भरी पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलटी, कई घायल दिल्ली रेफर**

**समाज जागरण बागपत।**

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर बड़ा गांव के पास रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 24 लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि पिकअप के पलटते ही उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। मृतकों में एक बच्ची भी शामिल बताई जा रही है। घायलों में कई की हालत गंभीर होने पर उन्हें दिल्ली के हायर सेंटर रेफर किया गया है। पिकअप वाहन में करीब 32 लोग सवार थे। सभी राजस्थान के गोगामेड़ी से दर्शन कर अपने गांव



अलाहपुर, थाना उझानी, जनपद बदायूं लौट रहे थे। रविवार की रात करीब 12 बजे बड़ा गांव के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन पलट गया और उसमें सवार लोग उसके नीचे और आसपास जा गिरे। हादसे की सूचना मिलते ही चार पीआरवी, एंबुलेंस, खेकड़ा थाना पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस और राहत दल ने तत्काल बचाव अभियान शुरू कर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को सीएचसी खेकड़ा, सीएचसी बागपत और जिला अस्पताल बागपत पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को बेहतर उपचार के लिए दिल्ली के जीटीवी अस्पताल समेत अन्य हायर सेंटर रेफर किया गया।

**अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर जाना घायलों का हाल-**

हादसे की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अस्मिता लाल और पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय देर रात जिला अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने उपचाराधीन घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को घायलों का प्राथमिकता के आधार पर बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक और मेरठ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा अस्पताल पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल पर यातायात व्यवस्था संभालते हुए एक्सप्रेसवे पर आवागमन सुचारू कराया। प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी की जाती रही।

**सीएम योगी ने जताया दुख, आर्थिक सहायता की घोषणा-**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत में हुए हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रत्येक मृतक के परिवार को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायलों के समुचित और बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**अलाहपुर गांव में भी छा गया मातम-**

हादसे के बाद बदायूं के अलाहपुर गांव में भी मातम छा गया। अपनों के सकुशल लौटने का इंतजार कर रहे परिवारों में हादसे की खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया। प्रशासन मृतकों और घायलों की पहचान तथा उनके परिजनों से संपर्क की कार्रवाई में जुटा है।

# बड़ौत में गौ सम्मान अभियान कार्यक्रम संपन्न

**समाज जागरण**

बागपत। जनपद बागपत के बड़ौत नगर में एलायंस टॉपर स्कूल रामबाग कॉलोनी बिनौली रोड पर गौ सम्मान अभियान का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन गौ सेवक सह संभाग प्रभारी आचार्य उमेश कौशिक ने किया। मंच पर नंद बाबा स्वामी गोपेश्वर दास जी महाराज, स्वामी अच्युतानंद जी महाराज, गौ भक्त कृष्ण दास जी महाराज और संभाग प्रभारी आचार्य तरुण दास जी महाराज उपस्थित रहे। स्वामी अच्युतानंद जी महाराज ने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति और सम्मान है। गौ माता किसी व्यक्ति विशेष की माता नहीं संपूर्ण राष्ट्र की माता है, इसलिए गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए सभी को इस अभियान में सहयोग करना चाहिए। स्वामी गोपेश्वर दास जी महाराज ने कहा



कि समाज के सभी लोग तन मन धन से गौ सेवा में लगें। जिस व्यक्ति की मां सुरक्षित नहीं वह सुरक्षित कैसे रह सकता है। उनकी बात सुनकर सभी भक्तों ने गौ सेवा और गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने के लिए संकल्प लिया। सनातन धर्म प्रचारिणी महासभा से पंडित राजेंद्र आत्रेय, डॉ. हंसराज गुप्ता, रविंद्र तिवारी, सत्यवीर शर्मा, अरविंद तोमर, कृष्णपाल शर्मा, विश्व हिंदू महासंघ अध्यक्ष शक्ति वर्मा आदि ने महाराज का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के संरक्षक डॉ. अखिलेश शर्मा ने की और सभी का धन्यवाद किया।

इस मौके पर आचार्य प्रवीण पुलस्त्य, राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ अध्यक्ष रविंद्र भारद्वाज, आचार्य मनीष, गौ सेवक बागपत प्रभारी परमजीत, सह प्रभारी वरुण शर्मा, आशीष शर्मा, शामली प्रभारी विशाल सैनी सहित बागपत और शामली की टीम मौजूद रही।

# नगर पालिका बागपत का घेराव, भारतीय किसान यूनियन अखंड ने 19 मांगों पर दिया एक माह का अल्टीमेटम

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय किसान यूनियन अखंड के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में सोमवार को नगर पालिका परिषद बागपत का घेराव किया गया। संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता विद्युत विभाग कार्यालय के पास स्थित बारात घर से जुलूस के रूप में हनुमान मंदिर और कोर्ट रोड होते हुए नगर पालिका पहुंचे। संगठन ने नगर पालिका प्रशासन के सामने 19 प्रमुख मांगें रखीं और समाधान के लिए एक माह का समय दिया। संगठन ने कहा कि इस अवधि में धरातल पर समाधान नहीं हुआ तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। वार्ड 1 में 15 साल से जर्जर खड़ंजा और इंटरलॉकिंग मार्ग का पुनर्निर्माण, राजपूत समाज के कब्रिस्तान में लाइट, वार्ड 2 मेरठ रोड पर वाटर कूलर, वार्ड 4 आयशा कॉलोनी निरोज रोड पर पक्का नाला और जल निकासी, जायद मस्जिद के बाहर जर्जर इंटरलॉकिंग का पुनर्निर्माण, जीशान खान के मकान के बाहर कच्चे मार्ग पर इंटरलॉकिंग, वार्ड 15 में इरफान अख्तर वाली पुलिया निर्माण, एक्सचेंज रोड से



सब्जी मंडी तक अधूरी सड़क का निर्माण, वार्ड 9 रामकली खताह रोड और पांडव रोड एसबीआई बैंक के बाहर से कूड़ा स्थल हटाना, वार्ड 20 में बिल्लू परचून की दुकान से सुनहरी मस्जिद तक, अय्यूब ठेकेदार के सामने से उमर मस्जिद तक और खारी कुआं से वाटर प्लांट तक मार्ग निर्माण और जल निकासी, वार्ड 21 में शेख बाबुद्दीन मजार के मुख्य द्वार से अंदर तक मार्ग और हाईमास्ट लाइट चालू करना, गरीब परिवारों के लिए किफायती मैरिज हॉल, बिजली घर के बराबर नगर पालिका मैरिज होम के एस्टीमेट और लागत की जानकारी और उसे मासिक बैठक के लिए निशुल्क उपलब्ध कराना, वार्ड 20, 21 और 22 में विशेष सफाई अभियान और नाला सफाई। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान, जिला कार्यालय प्रभारी वाजिद खान, जिला सचिव इस्लाम अल्वी, जिला युवा अध्यक्ष अर्शील खान, वार्ड अध्यक्ष जीशान खान, कलीम खान, नफीस खान, शौकीन अल्वी, राहुफ खान, असलम खान, नौशाद अल्वी, राजपाल जी, भंवर सिंह, प्रवीण, राजीव, रोहित चौधरी, अयूब ठेकेदार, मोहसिन मेंबर सहित कई पदाधिकारी और पूर्व विधायक शकीरा चौधरी मौजूद रहे।

# श्री कृष्णा एनक्लेव में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

**समाज जागरण बागपत।**

बागपत शहर के श्री कृष्णा एंक्लेव में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन हो गया। अंतिम व सप्तम दिवस पर प्रातः के समय में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में विराजमान समस्त देवी- देवताओं का मठाधीश आचार्य प्रशांत भारद्वाज अनुज जोशी विक्की पोख्याल शामा पंडित सोमदत्त शास्त्री द्वारा पूजन किया गया। यज्ञ के साथ पूर्ण आहुति कराई गई। प्रातः कृष्णा एंक्लेव के सभी भक्तों द्वारा मुख्य यजमान बनकर गणेश पूजन, नवग्रह, श्रीमद् भागवत व कथा में विराजमान समस्त देवी- देवताओं का पूजन किया गया। कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी के मुखारविंद से भक्तों को द्वारकाधीश के बारे में विस्तार से व श्री कृष्ण भगवान जी और सुदामा के मिलन की कथा सुनाई। कथा में उपस्थित भक्त जनों में सनी चौहान अनमोल ढाका सौरभ कुमार विशाल त्यागी धर्मेंद्र



सचिन कुमार कपिल दिल्ली पुलिस अमित प्रजापति अखिल चौधरी सुमित कुंवर प्रताप सिंह अजय खेड़ा राकेश प्रजापति परविंदर प्रजापत कृष्णा प्रजापत व समस्त कृष्णा एनक्लेव के सनातन प्रेमी व भक्तिमाई माताएं उपस्थित रही।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसे का आरोपी ट्रक चालक गिरफ्तार, 16 पहिया ट्रक बरामद

**-पिकअप में टक्कर से हुई थी मासूम समेत 12 लोगों की मौत, कई अन्य हुए थे घायल**

**-खेकड़ा पुलिस ने हाथरस निवासी आरोपी चालक आदित्य को किया गिरफ्तार**

**समाज जागरण बागपत।**

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में खेकड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पिकअप वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मारकर 12 लोगों की जान लेने वाले वांछित आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दुर्घटना में शामिल 16 पहिया टाटा ट्रक भी बरामद कर लिया है। 30-32 श्रद्धालुओं से भरी पिकअप में मारी थी टक्कर। घटना 6-7 सितंबर की मध्य रात्रि की है। राजस्थान से बदायूं की ओर जा रही बोलेरो पिकअप में लगभग 30 से 32 लोग सवार थे। आरोप है कि हाईवे पर पिकअप चालक द्वारा बिना इंडिकेटर दिए वाहन को अचानक तीसरी लेन से मध्य लेन में लाया गया, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात 16 पहिया ट्रक ने पिकअप में भीषण टक्कर मार दी। टक्कर इतनी





जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई।

**उपचार के दौरान 12 लोगों ने तोड़ा था दम**

सूचना पर पहुंची पुलिस और राहत बचाव दल ने घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान प्रमे सिंह, जय सिंह, रामेश्वर, सुगड़पाल, मुनीम कुमार, मासूम जितेंद्र समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी। इस संबंध में खेकड़ा थाने में संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

**मुस्तैद पुलिस टीम ने आरोपी को दबोचा**

कोतवाली प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि मामले में वांछित आरोपी आदित्य (22 वर्ष) पुत्र निवासी बास बोहपी जरऊ, थाना सादाबाद (हाथरस) को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके कब्जे से हादसे में प्रयुक्त 16 पहिया ट्रक बरामद कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक ऋषिपाल शर्मा, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सतीश कपासिया और हेड कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल रहे।

# सुनीता हत्या मामले में पुलिस की कार्रवाई

## कासनी खुर्द निवासी सुनील उर्फ राजेंद्र गिरफ्तार, कोर्ट से मिला एक दिन का पुलिस रिमांड; मामले में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार

**सुनीता हत्या मामले में सीआईए स्टाफ-1 ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी।**

बहल। सुनीता हत्या मामले में सीआईए स्टाफ-1 भिवानी की टीम ने अभियोग में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी से वारदात के संबंध में पूछताछ कर मामले में शामिल अन्य आरोपियों और घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाई जाएगी।

पुलिस के अनुसार ईश्वरवाल निवासी दलबीर सिंह पुत्र काशी राम ने शिकायत दी थी कि वह खेती-बाड़ी करता है। शिकायतकर्ता के मुताबिक 9 अक्टूबर 2025 को करीब 11 बजे वह और उसकी पत्नी सुनीता मकान के अंदर मौजूद थे। इसी दौरान रविंद्र पुत्र चन्दहंस, अमन पुत्र सोमवीर तथा दो अन्य व्यक्ति कथित तौर पर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर घर में आए और दोनों के साथ मारपीट करने लगे।

शिकायत के अनुसार आरोपियों ने सुनीता पर भी हमला किया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। घायल सुनीता को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भिवानी ले जाया गया,



जहां से चिकित्सकों ने उसे हिसार रेफर कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार उपचार के दौरान चोटों के कारण सुनीता की मौत हो गई।

**कासनी खुर्द निवासी आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस के मुताबिक मामले में कार्रवाई करते हुए 7 सितंबर 2026 को सीआईए स्टाफ-1 भिवानी के उपनिरीक्षक आनंद सिंह की टीम ने आरोपी सुनील उर्फ राजेंद्र पुत्र राजेंद्र, निवासी कासनी खुर्द, थाना बहल, जिला भिवानी को गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सुनील कथित तौर पर वारदात के दिन अन्य आरोपियों के साथ मारपीट की घटना में शामिल था। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता पक्ष और आरोपियों के बीच पुराना जमीन संबंधी विवाद भी बताया जा रहा है, जिसे वारदात के पीछे का कारण माना जा रहा है।

**पहले छह आरोपी हो चुके गिरफ्तार**

गिरफ्तार आरोपी सुनील को 8 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सीआईए टीम ने उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। पुलिस का कहना है कि रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मामले में शामिल अन्य आरोपियों तथा वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जानकारी जुटाई जाएगी।

पुलिस के अनुसार इस मामले में इससे पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब सुनील की गिरफ्तारी के बाद मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या सात हो गई है।

# जैन सभा में पत्रकार बंधुओं को किया सम्मानित, साध्वियों ने दिलाया 15 दिन का नियम

**समाज जागरण**

कालांवाली, 8 सितंबर (सुरेश जोरासिया) कालांवाली स्थित जैन सभा में जैन समाज की ओर से पत्रकार बंधुओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन सभा के अध्यक्ष सन्दीप जैन सहित जैन समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान साध्वियों की मौजूदगी में पत्रकारों को सम्मानित किया गया और समाज की ओर से उनके पत्रकारिता क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।

कार्यक्रम के दौरान साध्वियों ने पत्रकार बंधुओं को सम्मानित करते हुए उन्हें समाज और मानव सेवा से जुड़े संदेश दिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण अंग हैं, जो अपनी लेखनी और समाचारों के माध्यम से लोगों तक महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने का कार्य करते हैं। पत्रकारों को निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ समाज के हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर साध्वियों द्वारा पत्रकार बंधुओं को 15 दिन का विशेष नेम भी दिलाया गया। पत्रकारों ने इस नियम को स्वीकार करते हुए धार्मिक एवं सामाजिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज की ओर से सभी पत्रकारों का सम्मान किया गया और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

जैन सभा के अध्यक्ष सन्दीप जैन ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज को आम लोगों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज और पत्रकारिता जगत के बीच बेहतर संवाद एवं आपसी सहयोग को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान जैन समाज के सदस्यों ने पत्रकार बंधुओं का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**बैरागन बहन अंतिम जैन ने आर्थिक वर्मा को किया सम्मानित**

इस मौके पर बैरागन बहन अंतिम जैन द्वारा पत्रकार आर्थिक वर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने आर्थिक वर्मा को पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करने और समाज की आवाज को प्रमुखता से उठाने के लिए सम्मानित किया।

# टोल वसूली के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ा

## ग्रामीणों और किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मांग नहीं मानी तो बड़े आंदोलन की चेतावनी

**चौधरीवास टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर दायरे के गांवों को टोल फ्री करने की मांग**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

सिवानी मंडी। चौधरीवास टोल प्लाजा पर सिवानी उपमंडल के आसपास के ग्रामीणों से वसूले जा रहे टोल टैक्स को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सिवानी उपमंडल के गांवों को पूर्ण रूप से टोल फ्री करने की मांग को लेकर विभिन्न गांवों के ग्रामीणों और अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडल अधिकारी विजया मलिक से



मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि चौधरीवास टोल प्लाजा से लेकर सिवानी उपमंडल में 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले दर्जनों गांवों के लोगों को रोजाना स्थानीय कार्यों, खेती-बाड़ी, इलाज और मंडी संबंधी कार्यों के लिए इस मार्ग से गुजरना पड़ता है। ऐसे में स्थानीय लोगों से बार-बार टोल वसूला जाना ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ है।

**स्थानीय लोगों को टोल से राहत देने की मांग**

ग्रामीणों और किसान सभा नेताओं ने कहा कि स्थानीय रिहायशी क्षेत्र में रहने वाले लोगों को टोल से राहत मिलनी चाहिए, ताकि रोजाना आवागमन करने वाले किसानों और आम नागरिकों पर आर्थिक भार कम हो सके। उन्होंने प्रशासन से टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सिवानी उपमंडल के सभी संबंधित गांवों को टोल फ्री करने के संबंध में आवश्यक नोटिफिकेशन जारी करवाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन और संबंधित टोल कंपनी ने जल्द इस मांग पर कार्रवाई नहीं की तथा 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों को टोल फ्री नहीं किया गया तो किसान और ग्रामीण बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होंगे।

**एसडीएम ने उच्च अधिकारियों तक मांग पहुंचाने का दिया आश्वासन**

उपमंडल अधिकारी विजया मलिक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि ग्रामीणों की मांग को जल्द संबंधित उच्च अधिकारियों और एनएचएआई प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने समस्या का समाधान निकालने के लिए आवश्यक स्तर पर प्रयास करने की बात कही।

इस अवसर पर दारा सिंह गोरा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश कुमार बड़वा, अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सचिव दयानंद पूनिया, जगबीर ढांडा, दलबीर श्योराण, रामचंद्र फौजी, सुभाष एडवोकेट, कुलदीप नंबरदार, राजेंद्र रुपाणा, छाजूराम सुंडा, सुकरम जागलान और राजपाल नंबरदार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 12 को

**समाज जागरण**

सिरसा,/ कालांवली 08 सितंबर (सुरेश जोरासिया) मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 12 सितंबर, शनिवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित होने वाली इस बैठक में 01 लंबित व 14 नई शिकायत सहित कुल 15 शिकायत रखी जाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा बैठक की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही है। प्रशासन द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का संपूर्ण रिकॉर्ड एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ सुबह साढ़े 09 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# जिला और उपमंडल स्तर पर 12 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

- राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सेशन जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ लगाई पैनल अधिवताओं की जिम्मेवारी

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

भिवानी, 9 सितंबर। जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप कौर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को जिला भिवानी सहित उपमंडल स्तर पर किया जाएगा। लोक अदालत में लंबित मामलों तथा आपसी सहमति से निपटाए जा सकने वाले मामलों का त्वरित समाधान किया जाएगा। लोक अदालत का आयोजन भिवानी के अलावा तोशाम, लोहारू और सिवानी में भी किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक अधिकारियों के साथ पैनल अधिक्ताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि फेमिली कोर्ट भिवानी की एडिशनल प्रिंसिपल जज रूपम की अध्यक्षता वाली पीठ में पेल अधिवक्ता प्रिया लेघा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता अनुराधा खनगवाल तथा सामान्य अस्पताल से अस्थि रोग विशेषज्ञ डा. राकेश शर्मा को, एसीजेएम, भिवानी से जोगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता शशी रंजन को नियुक्त किया गया है। सीजे(जेडी)-कम-जेएमआईसी भिवानी अंतरप्रीत सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता गौतम, सीजे(जेडी)-कम-जेएमआईसी भिवानी, हार्दिक सचदेवा की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता अरविन्द सिंह श्योराण को नियुक्त किया गया है। उन्होंन बताया कि उपमंडल सिवानी में एसीजे(एसडी)-कम-एसडीजेएम धर्मपाल की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता सुन्दर लाल को, तोशाम में एसीजे(एसडी)-कम-एसडीजेएम सुनील कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता संजय पांचाल को और लोहारू में एसीजे(एसडी)-कम-एसडीजेएम देवेन्द्र सिंह-1 की अध्यक्षता वाली पीठ में पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार सैनी को नियुक्त किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप कौर ने जरूरतमंद लोगों से अपील की है कि वे लोक अदालत का लाभ उठाएं और आपसी सहमति से मामलों का शीघ्र एवं सरल तरीके से निपटारा करवाएं।

# आदेश के बाद भी नए भवन में शिफ्ट नहीं हुआ स्कूल

## डीईओ ने बीईओ बहल को तत्काल निपटारे और दो दिन में रिपोर्ट देने के दिए थे आदेश, करीब डेढ़ माह बाद भी स्थिति जस की तस

**नए भवन में स्कूल शिफ्ट करने के निर्देशों पर अमल का इंतजार**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

बहल। राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहल को नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने का मामला एक बार फिर चर्चा में है। करीब डेढ़ माह पहले जिला शिक्षा अधिकारी, भिवानी की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी बहल को मामले में तत्काल कार्रवाई करने और दो दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद विद्यालय को नए भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार 22 जुलाई 2026 को जिला शिक्षा अधिकारी, भिवानी ने खंड शिक्षा अधिकारी बहल को पत्र जारी किया था। पत्र में चेयरमैन शिकायत निवारण समिति, भिवानी को बहल निवासी संजय अग्रवाल की ओर से दी गई शिकायत का हवाला देते हुए मामले का तत्काल प्रभाव से निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही की गई कार्रवाई की रिपोर्ट दो दिन के अंदर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेजने के लिए कहा गया था।

**करीब एक साल पहले तैयार होने का दावा**

शिकायत में बताया गया कि ग्राम पंचायत बहल की ओर से राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई थी और इस भूमि पर विद्यालय का नया भवन तैयार हो चुका है। शिकायतकर्ता के अनुसार नया भवन करीब 12 माह पहले तैयार हो गया था, लेकिन इसके बावजूद विद्यालय का संचालन पुराने भवन में ही किया जा रहा है। शिकायत में नए भवन में विद्यालय को जल्द स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि जब विद्यालय के लिए नया भवन तैयार है और उसका उपयोग नहीं हो रहा है तो सरकारी धन से तैयार किए गए भवन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा। वहीं नए भवन में विद्यार्थियों को बेहतर एवं आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होने की संभावना भी जताई गई है।

**दो दिन में रिपोर्ट के निर्देश, फिर भी कार्रवाई पर सवाल**

मामले में खास बात यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल कार्रवाई और दो दिन में रिपोर्ट भेजने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। दस्तावेज पर जिला शिक्षा अधिकारी, भिवानी के हस्ताक्षर भी अंकित हैं।

अब करीब डेढ़ माह बीतने के बाद भी विद्यालय के नए भवन में स्थानांतरण को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि जब जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे तो उनके अनुपालन में अब तक क्या कदम उठाए गए।

अब देखने वाली बात होगी कि शिक्षा विभाग इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है और विद्यार्थियों को नवनिर्मित भवन की सुविधाएं कब तक मिल पाती हैं।

# बिजली कटौती ने पंजाब के उद्योग की बुझाई भट्ठी, व्यापारी बोले-अब और नहीं! : अमित कपूर

**1500 मेगावाट उत्पादन गिरने का खामियाजा भुगत रहा उद्योग जगत**

**(रघुनंदन पराशर चीफ ब्यूरो पंजाब समाज जागरण)**

पंजाब/बठिंडा,8 सितंबर :पंजाब में बिजली संकट को लेकर व्यापार एवं उद्योग जगत में बढ़ती चिंता के बीच पंजाब प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित कपूर ने पंजाब सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कोयले की कमी के कारण प्रदेश में करीब 1500 मेगावाट बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिसका सीधा असर व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों पर पड़ रहा है।अमित कपूर ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध करवाने के लिए उद्योगों की बिजली आपूर्ति में कटौती की जा रही है। विशेष रूप से शाम के समय होने वाली कटौती के कारण लुधियाना, जालंधर और मंडी गोबिंदगढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शाम 7 बजे



से रात 12 बजे तक बिजली कटौती होने से फर्नेस, छोटे कारखानों और अन्य औद्योगिक इकाइयों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती किए जाने से उद्योगों की उत्पादन प्रक्रिया बाधित होती है और कई बार कच्चा माल खराब होने की स्थिति पैदा हो जाती है। लगातार अनिश्चितता के कारण मजदूरों के पलायन का खतरा भी बढ़ रहा है। इससे पहले से आर्थिक दबाव झेल रहे व्यापारियों और उद्योगपतियों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। अमित कपूर ने पंजाब सरकार से मांग की कि उद्योगों पर लगाई जा रही नाइट कटौती तत्काल वापस ली जाए और यदि किसी अपरिहार्य स्थिति में बिजली कटौती करनी पड़े तो उद्योगों को कम से कम 12 घंटे पहले इसकी सूचना दी जाए, ताकि व्यापारी और उद्योगपति अपने उत्पादन एवं श्रम व्यवस्था की उचित योजना बना सकें।उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को कोयले की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ तत्काल बातचीत करनी चाहिए और इस संकट का स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएस पीसीएल) और व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक बुलाने की मांग की, ताकि उद्योग जगत की वास्तविक समस्याओं पर चर्चा कर व्यावहारिक समाधान निकाला जा सके।अमित कपूर ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिजली संकट और अघोषित कटौती का जल्द समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी वर्ग अपने कारोबार को बचाने के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# नशा तस्करों पर चरखी दादरी पुलिस का आर्थिक प्रहार

## बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत की कार्रवाई, नशे की कथित काली कमाई से अर्जित सामान पर कसा शिकंजा

**नशा तस्करी के आरोपी के मकान पर तलाशी, कीमती सामान जब्त**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

बाढ़ड़ा। जिले को नशामुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चरखी दादरी पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस अब नशीले पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई के साथ-साथ नशे के कारोबार से अर्जित बताई जा रही संपत्ति और सामान पर भी कानूनी शिकंजा कस रही है।



इसी कड़ी में थाना बाढ़ड़ा पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत एक आरोपी के मकान पर तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार एएसआई सुनील के नेतृत्व में टीम ने पिचौपा कलां निवासी अजय पुत्र पवन के मकान पर नियमानुसार तलाशी ली।

**कीमती व विलासितापूर्ण घरेलू सामान जब्त**

पुलिस के मुताबिक तलाशी के दौरान मकान से मिले कीमती एवं विलासितापूर्ण घरेलू सामान को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ के तहत नियमानुसार कब्जे में लेकर जब्ती की कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि यह सामान नशे के अवैध कारोबार से अर्जित बताए जा रहे धन से खरीदा गया था।

**नशा रोकने के साथ काली कमाई पर भी प्रहार**

पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी. ने कहा कि चरखी दादरी पुलिस नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। नशे के कारोबार से अर्जित कथित अवैध संपत्ति और उससे खरीदे गए सामान के संबंध में भी कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाकर अर्जित की गई काली कमाई को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस द्वारा नशे के नेटवर्क पर कार्रवाई के साथ-साथ नशा तस्करों की अवैध संपत्ति पर भी शिकंजा कसा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से अपील की कि जिले में कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

## डीएलएसए भिवानी के सम्मान समारोह में सीजेएम पवन कुमार ने किया सम्मानित, बहल खंड के शिक्षकों के कार्यों की सराहना

**शिक्षा और विधि साक्षरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक सम्मानित**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता भिवानी**

बहल। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार ने शिक्षा और विधि साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। समारोह में बहल खंड के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं





प्रवक्ता राजेश कुमार को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व तथा शिक्षा और विधि साक्षरता के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उनके साथ बहल खंड के अन्य समर्पित शिक्षकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। विधि साक्षरता को जन-जन तक पहुंचाने में शिक्षकों की अहम भूमिका

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में स्कूल लीगल लिटरेसी प्रभारी प्रवक्ता संदीप पातवान, बहल स्कूल से प्रवक्ता खजान सिंह, चहर कला स्कूल से प्रवक्ता सुरेश कुमार, तथा सेरला स्कूल की अध्यापिका अंजू पंघाल शामिल रहीं। शिक्षकों को शिक्षा जगत में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं तथा साक्षरता दर बढ़ाने के लिए किए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी दर्शना श्योराण तथा प्राचार्य सनील कुमार ने कहा कि विधि साक्षरता को जन-जन तक पहुंचाने में शिक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। शिक्षक विद्यार्थियों के साथ-साथ समाज के लोगों को भी उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करने में अहम योगदान दे सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना जरूरी प्रवक्ता राजेश कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक मुफ्त कानूनी सलाह और सहायता पहुंचाना है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में कई लोग अपने कानूनी अधिकारों से अनजान होते हैं। ऐसे क्षेत्रों में लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और विधिक सहायता की जानकारी देने में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर एवं स्कूल लीगल लिटरेसी प्रभारियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों और उनके परिवारों तक कानूनी जागरूकता का संदेश आसानी से पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रवक्ता अनिल, विजय मेचू, आशीष भारद्वाज, ऋषिकेश, अशोक कुमार, अध्यापक आनंद, सुरेश, प्रवक्ता गुड्डी देवी, निर्मला, सुमन, मंजू, सोमवीर सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# SAI NSNIS पटियाला ने एशियन गेम्स 2026 के लिए 11 सदस्यों वाली बॉक्सिंग टीम को किया रवाना

**रघुनंदन पराशर**
**समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

पटियाला/पंजाब,8 सितंबर :स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला ने आज नागोया, आइची प्रान्त (जापान) में होने वाले एशियन गेम्स 2026 के लिए अपनी 11 सदस्यीय बॉक्सिंग टीम को आधिकारिक तौर पर रवाना किया। बॉक्सिंग टीम, कोच और सपोर्ट स्टाफ वाली यह टीम आज संस्थान के कैंपस से इन खेलों में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुई। SAI NSNIS



पटियाला में ट्रेनिंग लेने वाले चुने गए 11 बॉक्सर ये हैं: पुरुष बॉक्सर: जादुमनी सिंह मंडेन्गबाम [55 किग्रा], सचिन [60 किग्रा], सुमित [70 किग्रा], अंकुश [80 किग्रा], कपिल पोखरिया [90 किग्रा] और नरेंद्र [90+ किग्रा]। महिला बॉक्सर: साक्षी [51 किग्रा], प्रीति [54 किग्रा], प्रिया [60 किग्रा], परवीन [65 किग्रा] और लवलीना बोरगोहेन [75 किग्रा]। रवानगी के मौके पर, डिप्टी डायरेक्टर जनरल/SED, श्री विनीत कुमार ने टीम से बातचीत की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। टीम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "पूरा भारत आपकी सफलता का इंतजार कर रहा है। हमें आपकी तैयारी पर पूरा भरोसा है।" SAI NSNIS पटियाला प्रशासन पूरी टीम के सफल और मेडल जीतने वाले अभियान की कामना करता है।

# नौकरी के नाम पर छह लाख ठगने वाला गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। बीएचयू में असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी दिलाने के नाम पर पीड़िता से करीब छह लाख रुपये ठगने और कूटरचित नियुक्ति पत्र देने के आरोपी चन्द्रमणि शर्मा को सिगरा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसे सोनिया रोड स्थित उसके कार्यालय से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ सिगरा थाने में धोखाधड़ी और कूटरचना समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। पुलिस के मुताबिक, चन्द्रमणि शर्मा पुत्र विंध्याचल शर्मा (32) निवासी 14/120 टी-4ए, त्रिदेव नगर कॉलोनी, सरायनंदन, भेलुपुर और हाल पता आनंद नगर, कंदवा, चितईपुर ने पीड़िता को बीएचयू में असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। आरोप है कि नौकरी लगवाने के नाम पर उसने करीब छह लाख रुपये लिए। इसके बाद पीड़िता को विश्वास में लेने के लिए कूटरचित नियुक्ति पत्र भी दे दिया।मामले में सिगरा थाने में मुकदमा अपराध संख्या 0338/2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4), 352, 336(3), 338 और 340(2) में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को सी-14/160, डीपी सोनिया रोड स्थित कार्यालय से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्र, उपनिरीक्षक विवेक सिंह, मुख्य आरक्षी कृपा सिंधु भारती और आरक्षी उमेश यादव शामिल रहे।

# छात्र की पिटाई का आरोप, एक हिरासत में, घायल छात्र मेडिकल के लिए भेजा गया

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। चंद्रावती गांव निवासी रोशन जायसवाल विलर्न एकेडमी चौबेपुर का कक्षा 11 का छात्र है। छात्र ने विद्यालय के खेलकूद शिक्षक और प्रबंधक पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने विद्यालय के एक स्टाफ मनीष कुमार मौर्य को हिरासत में लिया है। वहीं घायल छात्र को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया। रोशन के अनुसार, प्रथम पीरियड में उसकी अपने साथी कबीर मौर्य से कहासुनी हो गई थी। इसी बात को लेकर खेलकूद शिक्षक अवधेश यादव ने उसकी पिटाई की। आरोप है कि इसके बाद प्रबंधक मनीष कुमार मौर्य उसे दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में ले गए और कमरा बंद कर उसके साथ मारपीट की। छात्र का आरोप है कि मारपीट के बाद उसे सीढ़ियों से घसीटते हुए नीचे लाया गया। वहां प्रबंधक ने उसके सीने पर चढ़कर उसे दबाया। इससे उसके नाक से खून निकलने लगा। इसके बाद उसे विद्यालय से बाहर भेज दिया गया। घटना की जानकारी होने पर छात्र के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने घायल छात्र को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजने के साथ ही मनीष मौर्य नामक एक स्टाफ को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।विलर्न एकेडमी के प्रबंधक मनीष कुमार मौर्या को हिरासत में लिया गया।

# वारंटी आरोपी को पुलिस ने घर से पकड़ा

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी वांछित आरोपियों और वारंटियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हुई।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सत्यम शिवम सुंदरम के रूप में हुई है। वह अवनीश दुबे का बेटा है और जलालपुर गांव, थाना जंसा, वाराणसी का रहने वाला है। उसकी उम्र करीब 30 साल है।

पुलिस टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। मिली जानकारी के आधार पर वारंटी आरोपी सत्यम शिवम सुंदरम को उसके जलालपुर गांव स्थित घर से पकड़ा गया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, वांछित और वारंटी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जंसा पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और कोर्ट से जुड़े मामलों में वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# अज्ञात ट्रक के धक्के से अवकाश प्राप्त सैनिक की मौत, साथी घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र के संदहां गांव के समीप मंगलवार सुबह अज्ञात ट्रक के धक्के से बाइक सवार अवकाश प्राप्त सैनिक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा उनका साथी घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।

लेढ़ूपुर, सारनाथ निवासी संतोष कुमार यादव (40) पुत्र मुंशी यादव बाइक से अपने साथी विनीत कुमार वर्मा (40) पुत्र राम प्रताप वर्मा निवासी बरियासनपुर, चौबेपुर के साथ हरहुआ की ओर से आ रहे थे। संदहां गांव के समीप पहुंचने पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर गए। हादसे में संतोष कुमार यादव की मौत हो गई, जबकि विनीत कुमार वर्मा घायल हो गए।

घायल विनीत का परिजन लेढ़ूपुर स्थित मेरिडियन हॉस्पिटल में उपचार करा रहे हैं। संतोष कुमार यादव अवकाश प्राप्त सैनिक थे और उनका स्थायी पता मंझरिया, रामपुर माझा थाना क्षेत्र, गाजीपुर बताया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि दुर्घटना में शामिल अज्ञात ट्रक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# सेंट फ्रांसिस इ0 कॉलेज, परसिया में धूमधाम से मनाया गया बालिका दिवस

**विकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**







सेंट फ्रांसिस इ0 कॉलेज, परसिया में बालिका दिवस उत्साह, उमंग और बेटियों के सम्मान के संकल्प के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्रातःकालीन असेम्बली में प्रधानाचार्य फादर सोनेलाल ने विद्यालय की सभी बच्चियों को मंच पर आमंत्रित कर उन्हें प्रतीकात्मक पौधा, सभी महिला टीचर्स को भेंट कर सम्मानित किया। यह पौधा उनके उज्ज्वल भविष्य, विकास और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक बना। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से बच्चियों के सम्मान में बधाई गीत प्रस्तुत किया गया। पूरे कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को यह एहसास कराया गया कि वे विद्यालय ही नहीं, बल्कि अपने परिवार और समाज की भी महत्वपूर्ण और अनमोल कड़ी हैं। अपने प्रेरक संबोधन में प्रधानाचार्य फादर सोनेलाल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हर बच्चे और बच्चों को एक-दूसरे के प्रति सम्मान और गरिमा का भाव रखना चाहिए।उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही तथा किसी भी बच्ची के प्रति गलत दृष्टि, दुर्व्यवहार अथवा अपशब्दों से बचने का संदेश दिया। बालिका दिवस को यादगार और आनंदमय बनाने के लिए विद्यालय में अंतिम दो घंटों में रंग-बिरंगे एवं मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया।छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया और जमकर आनंद उठाया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चियों को टॉफी खिलाकर मुँह मीठा कराया गया। बालिका दिवस ने विद्यालय में केवल खुशियाँ ही नहीं बिखेरीं, बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और समानता का एक मजबूत संदेश भी दिया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी बच्चियों को बालिका दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ!

# ग्राम प्रधान पिहुली बेद प्रकाश यादव की मां विमला देवी का निधन

## शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोगों का लगा तांता

**विकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर समाज जागरण**



श्रीमती विमला देवी अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक पत्नी सहजानन्द सिंह यादव का निधन 4 सितम्बर शुक्रवार को हो गया।शनिवार से लोगों के पिहुली पहुंचने का क्रम शुरू हो गया।श्रीमती विमला देवी सपा नेता एवं ग्राम प्रधान पिहुली बेद प्रकाश यादव की माता जी के निधन का समाचार मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड गई।

बेद प्रकाश यादव ने बताया की श्राद्ध भोज 17 सितम्बर को आयोजित होगा।सोमवार को सपा जहूराबाद विधान सभा अध्यक्ष जयहिन्द यादव,राजेश यादव,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सत्येन्द्र यादव, राधेश्याम यादव,मुरली सिंह,श्री प्रकाश राय, जनार्दन राय,डा०जय सिंह पप्पू,मिथिलेश यादव, घनश्याम यादव,डाक्टर विरेन्द्र यादव विधायक जंगीपुर ,सदरेआलम पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रामधारी यादव पूर्व चेयरमैन जिला सहकारी बैंक,प्रसून सिंह, विपिन बिहारी सिंह टुनटुन, हिमांशु राय पूर्व प्रधान, देवेन्द्र सिंह देवा,पूर्व सपा प्रत्याशी जहूराबाद महेन्द्र चौहान, ब्लाक प्रमुख सोहांव वंशीधर यादव, कृष्णा यादव, रंजीत कुमार, फिरोज, पिंटू सिंह, भाजपा नेता प्रियांशु सिंह, यशवंत सिंह वरिष्ठ पत्रकार समेत ढेर सारे लोगो ने पिहुली पहुंच कर बेद प्रकाश यादव से मिल कर शोक संवेदना प्रकट किया।

# 1930 पर करें शिकायत, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर को दी जिम्मेदारी

## साइबर ठगी होते ही 1930 पर करें शिकायत, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर को दी जिम्मेदारी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद। साइबर अपराध और सड़क हादसों की रोकथाम के लिए पुलिस अब सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और कंटेंट क्रिएटर्स की मदद लेगी। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने जिले के प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और कंटेंट क्रिएटर्स के साथ बैठक की। उन्होंने साइबर ठगी से बचाव, यातायात नियमों के पालन और सोशल मीडिया के सकारात्मक इस्तेमाल को लेकर जागरूकता फैलाने की अपील की।

एसएसपी ने बढ़ते साइबर अपराधों के संबंध में इन्फ्लूएंसर को पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी होने पर पीड़ित को समय गंवाए बिना 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करनी चाहिए। तत्काल शिकायत मिलने पर ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने के लिए कार्रवाई की जा सकती है।

**ठगी के बाद ये पांच काम जरूर करें**

पुलिस ने बताया कि साइबर फ्रॉड होने पर 1930 पर कॉल करने के साथ ही cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। बैंक, कार्ड जारीकर्ता या यूपीआई सेवा प्रदाता को तत्काल सूचना देकर खाते को ब्लॉक कराएं। ट्रांजेक्शन आईडी, चैट, स्क्रीनशॉट, एसएमएस और संदिग्ध मोबाइल नंबर समेत सभी साक्ष्य सुरक्षित रखें। इसके साथ ही नेट बैंकिंग पासवर्ड और यूपीआई पिन बदलकर संदिग्ध डिवाइस से लॉगआउट करें। जालसाज से आगे कोई बातचीत या लेनदेन न करने की भी सलाह दी गई।

**बिना पुष्टि वायरल न करें वीडियो**

एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया सूचना पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है, लेकिन किसी घटना से जुड़ा वीडियो या पोस्ट बिना तथ्य की पुष्टि के वायरल करने से बचना चाहिए। इन्फ्लूएंसर से अपील की गई कि पुलिस-प्रशासन के आधिकारिक बयान और प्रामाणिक जानकारी को ही अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अफवाह और भ्रामक सूचनाओं पर रोक लग सके।

**रील और एनिमेशन से यातायात नियमों का संदेश**

बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। इन्फ्लूएंसर से हेलमेट और सीट बेल्ट के इस्तेमाल, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने और रॉन्ग साइड वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की गई। इसके लिए छोटे एनिमेशन, रील और जागरूकता वीडियो बनाने को कहा गया।

एसएसपी ने कहा कि पुलिस और समाज के बीच संवाद स्थापित करने में सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके माध्यम से साइबर सुरक्षा, यातायात, महिला एवं बाल सुरक्षा समेत जनहित के संदेश कम समय में बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचाए जा सकते हैं।

**राहवीर योजना की भी दी जानकारी**

बैठक में इन्फ्लूएंसर से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए भारत सरकार की राहवीर योजना के बारे में भी लोगों को जागरूक करने की अपील की गई। बताया गया कि हादसे में घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार की ओर से 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र दिया जाता है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी साइबर क्राइम राजेश घुनावत, प्रभारी सोशल मीडिया सेल ओम हरि वाजपेयी, प्रभारी साइबर सेल संजुल पांडेय समेत सोशल मीडिया सेल और साइबर सेल की टीम मौजूद रही।

# यूपी में डॉक्टर 70 साल तक इलाज कर सकेंगे, सरकार ने बदला नियम

**समाज जागरण**



उत्तर प्रदेश में सरकारी डॉक्टरों के लिए बड़ी राहत की खबर है. अब डॉक्टर रिटायरमेंट के बाद भी 70 साल की उम्र तक दोबारा नियुक्त होकर सरकारी अस्पतालों में सेवाएं दे सकेंगे. डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने इसको लेकर आदेश जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है.

# जेपीएससी-जेएसएससी कथित धांधली के खिलाफ भाजपा का राज्यव्यापी प्रदर्शन, छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं तथा रांची में आंदोलनरत छात्र-छात्राओं पर दर्ज मुकदमों के विरोध में भाजपा ने मंगलवार को राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। राज्य के सभी जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इसी क्रम में जमशेदपुर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार से आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लेने की मांग की।

जमशेदपुर में आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर सड़क पर उतरे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने जेपीएससी और जेएसएससी की विभिन्न परीक्षाओं में सामने आई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मधु कोड़ा ने कहा कि जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं का मामला सीधे तौर पर राज्य के हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे में सरकार को छात्रों की शिकायतों और परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों और भविष्य की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन करना छात्रों का लोकतांत्रिक अधिकार है। आंदोलन करने वाले छात्रों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करना उचित नहीं है। सरकार को तत्काल ऐसे मुकदमों को वापस लेना चाहिए।

मधु कोड़ा ने कहा कि परीक्षा में कथित गड़बड़ियों को लेकर छात्रों के बीच लगातार असंतोष है। ऐसे मामलों में केवल आश्वासन देने के बजाय सरकार को ऐसी जांच करानी चाहिए, जिससे पूरी सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की जांच सीआईडी के बजाय केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई से कराने की मांग की।

उन्होंने दावा किया कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष और विस्तृत सीबीआई जांच कराई जाती है तो कथित परीक्षा घोटाले से जुड़े कई प्रभावशाली और सफेदपोश चेहरे सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं का सीधा असर उन अभ्यर्थियों पर पड़ता है, जो वर्षों तक मेहनत और तैयारी करने के बाद परीक्षा में शामिल होते हैं। परीक्षा प्रक्रिया पर सवाल उठने से हजारों अभ्यर्थियों के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा होती है। पार्टी ने सरकार से मांग की कि अभ्यर्थियों की शिकायतों का निष्पक्ष तरीके से समाधान किया जाए और भविष्य में होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए।

प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि छात्रों की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को उनके साथ संवाद करना चाहिए। नेताओं ने कहा कि आंदोलनरत छात्र किसी राजनीतिक विवाद का हिस्सा नहीं, बल्कि अपने भविष्य और परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता को लेकर अपनी बात रख रहे हैं। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज मामलों की समीक्षा कर उन्हें वापस लिया जाना चाहिए।

भाजपा ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि आंदोलनरत छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग पर सरकार ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाया, तो पार्टी आंदोलन को और तेज करेगी। नेताओं ने कहा कि जरूरत पड़ने पर भाजपा राज्यव्यापी स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू करेगी और छात्रों के मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरकर संघर्ष करेगी। प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए अपना आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया।

# सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस ने जताया गहरा शोक

**पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत मंत्री को दी श्रद्धांजलि, जिलाध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा–झारखंड ने कर्मठ और संवेदनशील जनप्रतिनिधि खो दिया**

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**



जमशेदपुर। झारखंड सरकार के मंत्री एवं वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गहरा शोक व्यक्त किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिवंगत मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह ने सुदिव्य कुमार सोनू के निधन को पूरे झारखंड के लिए अत्यंत दुखद और अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय सोनू एक सक्रिय, संवेदनशील और कर्मठ राजनेता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते रहे।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि मंत्री के रूप में स्वर्गीय सुदिव्य कुमार सोनू हमेशा जनसमस्याओं के प्रति सजग रहते थे। आम लोगों की परेशानियों को गंभीरता से समझना और उनके समाधान के लिए पहल करना उनके राजनीतिक जीवन की महत्वपूर्ण विशेषता रही। जनता से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता उन्हें एक जनसरोकार रखने वाले नेता के रूप में अलग पहचान देती थी। परविंदर सिंह ने कहा कि छात्रों के आंदोलन और उनकी समस्याओं को भी स्वर्गीय सोनू ने गंभीरता से समझने का प्रयास किया। उन्होंने छात्र हित से जुड़े विषयों को संवेदनशीलता के साथ लिया और सकारात्मक कदम उठाने की दिशा में पहल की। उनका यह व्यवहार युवा वर्ग और छात्रों के प्रति उनकी संवेदनशील सोच तथा जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का अचानक हम सभी को छोड़कर चले जाना बेहद पीड़ादायक है। आज वे भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जनहित में उनके द्वारा किए गए कार्य, उनकी सरल कार्यशैली और संवेदनशील व्यवहार हमेशा लोगों की स्मृतियों में जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से झारखंड की राजनीति को गहरी क्षति पहुंची है, जिसकी भरपाई करना कठिन है।

श्रद्धांजलि सभा के अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रियाजुद्दीन खान, प्रदेश सचिव ब्रजेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, मनोज कुमार सिंह, संजय यादव, अमरजीत नाथ मिश्र, उदय कुमार सिंह, अंसार खान, आशुतोष सिंह, रंजीत सिंह, अतुल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, रंजीत झा, महिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, कौशल प्रधान, हरिराम टुडू, अजय शर्मा, शत्रुघ्न महतो, अली रजा खान, नमिता सिंह, फैयाज आलम अंसारी, मेहबूब, जेन-जी मो. हसन खान, कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चरित्र और कर्म से बनती है पहचान, शिक्षा का उपयोग समाजहित में करें : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार

## जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 55 छात्राओं को स्वर्ण पदक, चार शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**




जमशेदपुर। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह रविवार को बिष्टुपुर स्थित छप्पनभोग सभागार में गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता झारखंड के महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि CSIR-NML, जमशेदपुर के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी रहे।

समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. इला कुमार, डीन ऑफ एकेडमिक अफेयर्स डॉ. किश्वर आरा, कुलसचिव डॉ. सलोमी कुजूर, वित्त पदाधिकारी सह वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. दीपा शरण, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार साहु तथा परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रह्मण्यन सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राएं उपस्थित रहीं। मंच संचालन कुलसचिव डॉ. सलोमी कुजूर ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमिक परेड, राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान, दीप प्रज्वलन और विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुआ। अतिथियों का स्मृति-चिह्न, पौधा एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की ई-स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

दीक्षांत समारोह में पीएचडी, स्नातकोत्तर, स्नातक एवं विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। चार शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि मिली। इनमें होम साइंस की सस्मिता साहू, अंग्रेजी की मांपी अधिकारी, हिंदी की शशि बाला बागे एवं कल्पना कुमारी शामिल रहीं। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 55 छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। गणित की मुस्कान महतो को चांसलर मेडल से सम्मानित किया गया। चार वर्षीय यूजी बैच (2022-2026) की ओवरऑल टॉपर होम साइंस की श्वेता तिवारी रहीं।

वहीं डॉ. रेखा झा गोल्ड मेडल के साथ एक लाख रुपये की राशि का चेक रीमा मार्डी को प्रदान किया गया। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को भी विशेष सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. इला कुमार ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप किए जा रहे अकादमिक प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय बदलती शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप छात्राओं को नए अवसर उपलब्ध कराने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार ने उपाधि प्राप्त करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह जीवन की नई यात्रा की शुरुआत है। डिग्री अवसर प्रदान कर सकती है, लेकिन वास्तविक पहचान व्यक्ति के चरित्र और कर्मों से बनती है। उन्होंने छात्राओं से अपने संस्कारों को साथ लेकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और चुनौतियों से न घबराने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना भी है। छात्राएं अपने ज्ञान और प्रतिभा का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें तथा शोध, नवाचार और ज्ञान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करें।

समारोह के अंत में परीक्षा नियंत्रक डॉ. रमा सुब्रह्मण्यन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कुलाधिपति द्वारा समापन की औपचारिक घोषणा के बाद राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ।

# कटनी के साथ भेदभाव का आरोप, जिले के सम्मान और विकास के लिए उठी आवाज

## मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट, इंजीनियरिंग कॉलेज और पासपोर्ट कार्यालय की मांग को लेकर सवाल—कटनी को उसका हक कब मिलेगा ?

**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले के विकास और सुविधाओं को लेकर अब आवाज तेज होने लगी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक संदेश में कटनी के साथ कथित रूप से लगातार हो रहे भेदभाव पर सवाल उठाते हुए जिले के लोगों से अपने अधिकार और सम्मान के लिए आवाज उठाने की अपील की गई है।

संदेश में कहा गया है कि पिछले दिनों पूर्व मंत्री संजय पाठक द्वारा कटनी को लेकर कही गई यह बात कि कटनी एक बड़ा कस्बा बनकर रह गया है, भले ही कुछ लोगों को कड़वी लगी हो, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए यह कटनी की एक बड़ी हकीकत और सच्चाई है। संदेश में कटनी के आसपास के जिलों का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि आसपास के कई जिलों को शासकीय मेडिकल कॉलेज, एयर पोर्ट, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज और पासपोर्ट कार्यालय जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं मिल चुकी हैं, जबकि कटनी अभी भी इन बुनियादी एवं उच्च स्तरीय सुविधाओं के लिए इंतजार कर रहा है।

**पलायन पर भी उठे सवाल**

कटनी में रोजगार के अवसरों की कमी को लेकर भी गंभीर चिंता जताई गई है। आरोप है कि हजारों किसान और मजदूर रोजगार की तलाश में जिले से बाहर पलायन करने को मजबूर हैं। वहीं, बेहतर रोजगार और वेतन के अवसर नहीं मिलने के कारण मध्यम वर्ग के लोग भी दूसरे शहरों की ओर रुख कर रहे हैं।

संदेश में दावा किया गया है कि अब बड़ी संख्या में व्यापारी भी कटनी छोड़कर दूसरे शहरों और राज्यों में व्यापार की संभावनाएं तलाश रहे हैं। सवाल उठाया गया है कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों बन रही है और इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

**कटनी सिर्फ खनिज देने वाला जिला नहीं**

संदेश में कहा गया है कि कटनी को केवल टैक्स वसूली और खदानों से खनिज निकालकर देश के विकास में योगदान देने वाले जिले के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। कटनी के नागरिकों को भी विकास और सुविधाओं में समानता का अधिकार मिलना चाहिए। कटनी की तुलना रीवा, सतना और जबलपुर जैसे जिलों से करते हुए सवाल उठाया गया है कि आखिर कटनी इन जिलों से विकास के मामले में पीछे क्यों रहे? जिले में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, व्यापार और परिवहन सुविधाओं का विस्तार क्यों नहीं होना चाहिए?

**कटनी के सम्मान के लिए आवाज उठाइए**

अपील में जिले के लोगों से कहा गया है कि यह किसी एक व्यक्ति, पार्टी या संगठन का मुद्दा नहीं, बल्कि कटनी के सम्मान और भविष्य का सवाल है। इसलिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर जिले के विकास और अपने हक की आवाज उठानी चाहिए। अब देखना होगा कि कटनी की इन मांगों को लेकर जनप्रतिनिधि और शासन-प्रशासन किस तरह की पहल करते हैं और क्या आने वाले समय में कटनी को भी वे सुविधाएं मिल पाती हैं, जिनकी लंबे समय से मांग की जा रही है।

# गुढ़ की सियासत में बड़ा बदलाव! इस्ढ के पूर्व जोन प्रभारी रामसुंदर कोल ने थामा कांग्रेस का हाथ

**समाज जागरण**

दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए आदिवासी नेता रामसुंदर कोल, गुढ़ में बढ़ी राजनीतिक हलचल रीवा। कांग्रेस द्वारा आयोजित अनिश्चितकालीन धरना -प्रदर्शन कार्यक्रम में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति से जुड़ा बड़ा घटनाक्रम सामने आया। बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जोन प्रभारी, आदिवासी नेता एवं उत्कृष्ट पूर्व प्राचार्य रामसुंदर कोल, दुआरी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली।

रामसुंदर कोल अपने सैकड़ों समर्थकों और साथियों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल नजर आया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के आदिवासी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, राजू मरकाम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, कुंवर कपिध्वज सिंह, गुढ़ ब्लॉक अध्यक्ष ललन पांडे, राजीव अग्निहोत्री, महेंद्र उपाध्याय, मयंक द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धरना-प्रदर्शन में उमड़ी बड़ी भीड़

रीवा में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। कार्यक्रम में स्वास्थ्य व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दो जैसे संदेश वाले पोस्टर और बैनर भी लगाए गए थे।

इसी दौरान रामसुंदर कोल के कांग्रेस में शामिल होने से कार्यक्रम को राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**आदिवासी समाज में चर्चा का विषय बना कांग्रेस प्रवेश**

गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में आदिवासी समाज के बीच सक्रिय रहे रामसुंदर कोल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद क्षेत्र में राजनीतिक चचाएं तेज हो गई हैं। समर्थकों और कांग्रेस कार्यकताओं ने उनके इस कदम का स्वागत करते हुए इसे संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताया है।

सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में रामसुंदर कोल की एंट्री को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की नई राजनीतिक शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है।

# स्नेह और सम्मान का पर्व : भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नम्रता यादव के नेतृत्व में मनाया गया रक्षाबंधन

## उमरिया में महिला मोर्चा का अनोखा रक्षाबंधन: जिलाध्यक्ष नम्रता यादव ने पुलिस जवानों और ऑटो चालकों को बांधी राखी

**समाज जागरण**

विजय तिवारी उमरियाः--- उमरिया भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे के मार्गदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा उमरिया जिले में रक्षाबंधन का पावन पर्व अनोखे अंदाज में मनाया गया।भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता यादव के नेतृत्व में जिले के समस्त मंडलों में आयोजित कार्यक्रम में महिला मोर्चा की बहनों ने समाज की सुरक्षा और सेवा में लगे भाइयों को राखी बांधकर सम्मान और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के तहत महिला मोर्चा की टीम पुलिस थाने पहुंची, जहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों को राखी बांधी गई। इसके साथ ही शिक्षकों, ऑटो चालकों एवं वाहन चालकों को भी राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गईं।उमरिया नगर में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुईं। इस दौरान बहनों ने भाईचारे, सुरक्षा और सम्मान का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कपूरिया बाई , अनीता सिंह , माया उपाध्याय , सुषमा गुप्ता , सोनम सोनी जी एवं काजल असाटी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। पाली मंडल भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने पुलिस भाइयों की कलाई में बांधी राखी रक्षाबंधन का



त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। इस पावन पर्व पर हर बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना करती है, वहीं भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन देता है। इसी पवित्र परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उमरिया जिले की भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नम्रता यादव के मार्गदर्शन में पाली में भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने थाना पाली प्रभारी गोविंद सिंह धुर्वे"पुलिस टीम एवम जनपद कार्यालय पाली मुख्य कार्यपालन अधिकारी कन्हाई कुंवर सहित जनपद के समस्त अधिकारियों एवम कर्मचारियों को रक्षाबंधन के अवसर पर राखी बांधकर देश की सुरक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर थाने का माहौल पूरी तरह से रक्षाबंधन के रंग में रंगा हुआ नजर आया। बता दें कि रक्षाबंधन जैसे बड़े पर्व पर भी देशभक्ति और जनसेवा में लगे पुलिस विभाग के जवान अपने घर नहीं जा पाते हैं। वे अपने परिवार से दूर रहकर दिन-रात आम जनता की सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने और देश की सेवा में लगे रहते हैं। कई पुलिसकर्मियों की कलाई इस दिन राखी के बिना सूनी रह जाती हैं। भाजपा महिला मोर्चा की बहने एवम पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी,महिला मोर्चा की बहन लक्ष्मी विश्वकर्मा, अर्चना विश्वकर्मा, ममता बर्मन ,सितारा विश्वकर्मा ने संकल्प लिया कि जो वीर हमारे लिए अपनी खुशियां छोड़कर ड्यूटी कर रहे हैं, उनके साथ हम रक्षाबंधन का त्यौहार मनाएंगे।

# अवैध शराब के खिलाफ राजस्व, आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई

## कलेक्टर के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में औचक निरीक्षण, अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप

### पटना बुजुर्ग और टौरी गांव में छापेमारी, भारी मात्रा में मदिरा जब्त

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त कार्रवाई शुरू की है। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर एसडीएम सौरभ गंधर्व के नेतृत्व में राजस्व विभाग, आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने इमलिया चौकी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की। संयुक्त टीम द्वारा पटना बुजुर्ग और टौरी गांव में पहुंचकर संदिग्ध स्थानों पर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रूप से रखी गई भारी मात्रा में मदिरा जब्त की। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाना है। टीम ने शराब के अवैध कारोबार से जुड़े संभावित ठिकानों की जांच करते हुए



मौके से मिली सामग्री को जब्ती की कार्रवाई में शामिल किया।

**संयुक्त टीम की कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप**

राजस्व, आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई को प्रशासन की सख्ती के तौर पर देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध शराब के निर्माण और बिक्री को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में तीनों विभागों की संयुक्त टीम द्वारा एक साथ कार्रवाई किए जाने से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। प्रशासन का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री की सूचना मिलने पर संबंधित क्षेत्रों में जांच और कार्रवाई की जाएगी।

**आगे भी जारी रहेगा अभियान**

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के खिलाफ यह संयुक्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी और सूचना मिलने पर तत्काल जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से यह संदेश दिया गया है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ विभागीय स्तर पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

कार्रवाई के दौरान राजस्व, आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। जब्त की गई मदिरा के संबंध में आबकारी विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पितृपक्ष में गयाजी जाने वाले श्रद्धालुओं को राहत, जबलपुर और रानी कमलापति से चलेंगी 12 स्पेशल ट्रेनें

**समाज जागरण**

पितृपक्ष में स्पेशल ट्रेनें बढ़ाएंगी सुविधा, जबलपुर-रानी कमलापति से मिलेंगी 12 सेवाएं जबलपुर पितृपक्ष (श्राद्धपक्ष) के अवसर पर गयाजी में तर्पण एवं पिंडदान के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने विशेष प्रबंध किए हैं। पश्चिम मध्य रेल ने अतिरिक्त यात्री यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से रानी कमलापतिझ गया रानी कमलापति तथा जबलपुर गयाजबलपुर के मध्य पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनों की कुल 12 सेवाएं (ट्रिप) संचालित करने का निर्णय लिया है। इन सभी स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा के लिए वातानुकूलित (AC), शयनयान (स्लीपर) तथा सामान्य (जनरल) श्रेणी के डिब्बे उपलब्ध रहेंगे। ट्रेनों की समय-सारणी एवं फेरों का विवरण 1. रानी कमलापति गया रानी कमलापति



स्पेशल (कुल 6 सेवाएं) गाड़ी संख्या 01661 (रानी कमलापति से गया): प्रस्थान तिथियां: 27 सितंबर 2026, 02 अक्टूबर 2026 एवं 07 अक्टूबर 2026 (कुल 3 सेवाएं) समयः दोपहर 15:20 बजे रानी कमलापति से रवाना होकर अगले दिन दोपहर 14:30 बजे गया पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 01662 (गया से रानी कमलापति):**

प्रस्थान तिथियांः 30 सितंबर 2026, 05 अक्टूबर 2026 एवं 10 अक्टूबर 2026 (कुल 3 सेवाएं) समयः दोपहर 15:30 बजे गया से प्रस्थान कर अगले दिन शाम 16:15 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। प्रमुख ठहरावः नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड। 2. जबलपुर गया जबलपुर स्पेशल (कुल 6 सेवाएं)

**गाड़ी संख्या 01701 (जबलपुर से गया):**

प्रस्थान तिथियां: 29 सितंबर 2026, 04 अक्टूबर 2026 एवं 09 अक्टूबर 2026 (कुल 3 सेवाएं) समयः रात 21:25 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 14:30 बजे गया पहुंचेगी।

**गाड़ी संख्या 01702 (गया से जबलपुर):**

प्रस्थान तिथियांः 28 सितंबर 2026, 03 अक्टूबर 2026 एवं 08 अक्टूबर 2026 (कुल 3 सेवाएं) समयः दोपहर 15:30 बजे गया से रवाना होकर अगले दिन सुबह 08:10 बजे जबलपुर पहुंचेगी। प्रमुख ठहरावः सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिजार्पुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड। श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत श्राद्धपक्ष के दौरान मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों से लाखों श्रद्धालु पिंडदान के लिए बिहार स्थित गयाजी जाते हैं। नियमित ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) को देखते हुए रेलवे द्वारा चलाई जा रही इन विशेष ट्रेनों से महाकौशल और भोपाल अंचल के यात्रियों को सुगम व आरामदायक यात्रा विकल्प मिलेगा।

# रनेह थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न, गणेश उत्सव को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा। गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर रनेह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रनेह थाना प्रभारी नीतिश जैन ने की। बैठक में गणेश उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर समिति के सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना, आयोजन स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा विसर्जन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि धार्मिक पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश देते हैं, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में गणेश उत्सव मनाएं। उन्होंने आयोजन समितियों से अपील की कि कार्यक्रम के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करें तथा



किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि से बचें, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित हो। साथ ही आयोजन स्थलों पर भीड़ को नियंत्रित रखने और प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित नागरिकों एवं समिति सदस्यों ने भी गणेश उत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सभी धार्मिक आयोजनों को आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के साथ संपन्न कराने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। थाना प्रभारी नीतिश जैन ने कहा कि पुलिस प्रशासन पर्व के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क रहेगा। उन्होंने नागरिकों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा कोई समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। बैठक के दौरान गणेश उत्सव को लेकर स्थानीय स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं और संभावित चुनौतियों पर भी चर्चा हुई। पुलिस प्रशासन ने सभी से सहयोग एवं समन्वय के साथ पर्व मनाने का आह्वान किया, ताकि गणेश उत्सव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# हिमाचल के बोर्डिंग स्कूल में सिख बच्चे के साथ रैगिंग की घटना दुर्भाग्यपूर्ण- शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष धामी

### - स्कूल मैनेजमेंट बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो, 8 सितंबर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के एक प्राइवेट बोर्डिंग स्कूल में सिख बच्चे के साथ रैगिंग की घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि किसी भी एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में किसी भी बच्चे के साथ ऐसा व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसी घटनाओं का बच्चों की मेंटल हेल्थ और भविष्य पर बुरा असर पड़ सकता है। एडवोकेट धामी ने कहा कि बच्चों को सुरक्षा और उनके लिए आरामदायक और सम्मानजनक माहौल देना स्कूल मैनेजमेंट की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रैगिंग किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं की जा सकती और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन को इस बारे में गंभीर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना के बारे में जो वीडियो सामने आया है, उसने हर सेंसिटिव इंसान को चिंतित कर दिया है। उन्होंने कहा कि सभी को बच्चे की गरिमा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी से पेश आना चाहिए।



SGPC प्रेसिडेंट ने कहा कि यह स्वागत योग्य है कि परिवार की शिकायत के बाद हिमाचल प्रदेश पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की है, लेकिन इस घटना की निष्पक्ष जांच करके कानून के मुताबिक सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ रैगिंग करने वाले स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी तय करना काफी नहीं है, बल्कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन ने समय रहते जरूरी कदम क्यों नहीं उठाए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ भी केस दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी स्टूडेंट को रैगिंग जैसी घिनौनी हरकत से परेशान करना गलत है और खासकर सिख बच्चों को टारगेट करना किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता। एडवोकेट धामी ने हिमाचल प्रदेश सरकार और स्कूल मैनेजमेंट से मांग की कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और बोर्डिंग स्कूलों में स्टूडेंट्स की सुरक्षा और रैगिंग रोकने के इंतजाम और मजबूत किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने सभी पेरेंट्स से अपील की कि वे हर स्कूल में इस बात को मजबूती से बनाए रखें कि बच्चों के साथ ऐसी घटनाएं कभी न हों और स्कूल एडमिनिस्ट्रेटर्स अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएं।

# डीआरएम संजीव कुमार ने 14 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,8 सितंबर : फिरोजपुर मंडल में ड्यूटी के दौरान सुरक्षित रेल संचालन में योगदान देने वाले 14 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा गया और अपनी सूझबूझ व तत्परता से रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उनको मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार द्वारा आज 8.09.2026 को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मंडल के विभिन्न विभाग के कर्मचारियों की सजगता, सतर्कता और सुरक्षा के प्रति समर्पण को



दशार्ता है।श्री प्रेमदास तकनीशियन-क, श्री अल्ताफुर रहमान ट्रैक मेंटेनर, श्री दिलीप सिंह गुर्जर स्टेशन मास्टर, श्री राम दर्श स्टेशन मास्टर, श्री बत्ती लाल मीना गेटमैन, श्री पुष्पेंद्र कुमार मीना पॉइंट्समैन, श्री सीता राम महोर तकनीशियन-क, श्री सचिन कुमार पॉइंट्समैन, श्री दीपक प्रकाश सीनियर तकनीशियन, श्री बलबीर सिंह तकनीशियन-क, श्री हरी नारायण ई.एस .एम., श्री विजय कुमार पॉइंट्समैन, श्री अनुज कुमार तकनीशियन-क और श्री करमजीत एम.सी.एम. को ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, पटरियों के रखरखाव तथा यात्रियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने कहा कि यह सम्मान इन कर्मचारियों के अच्छे कार्य एवं प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे प्रेरित होकर मंडल के अन्य कर्मचारी भी प्रेरित होंगे तथा सजगता से ड्यूटी का अनुपालन करेंगे। इसी तरह, भविष्य में भी फिरोजपुर मंडल में सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री रोहित वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय श्री सुमित खुल्लर, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता श्री भूपेन्द्र, वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/टीआरडी श्री जीतराम, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री बसंत कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /फ्रेट श्री परमदीप सिंह सैनी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के डी.आर.एम. संजीव कुमार रेल कर्मियों को सम्मानित करते हुए।

# दो परतों वाले सिंगल-पीस डेंटल इम्प्लांट से सर्जिकल प्रक्रिया की आवश्यकता कम हुई

शोधकताओं ने दंत चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिए टाइटेनियम मिश्र धातु और ज़िरकोनिया घटकों को एकीकृत करने वाली दो परतों की एक संरचना विकसित की है जो शल्य चिकित्सा की जटिलता को कम करते हुए स्थायित्व, इंटरफेसियल स्थिरता और जैव अनुकूलता बढ़ाती है। परंपरागत डेंटल इम्प्लांट में तीन घटक होते हैं: जबड़े की हड्डी में लगाया जाने वाला एक फिक्स्चर, फिक्स्चर और क्राउन को जोड़ने वाला एक एबटमेंट और स्वयं क्राउन। ये बहु-घटक संरचनाएं एबटमेंट इंटरफेस पर सूक्ष्म हलचल के प्रति संवेदनशील होती हैं, जिससे अस्थि एकीकरण प्रभावित हो सकता है और इम्प्लांट ढीला हो सकता है। इसके अतिरिक्त, ऐसे सिस्टम में आमतौर पर दो से तीन सर्जिकल प्रक्रियाएं आवश्यक होती हैं, जिससे रोगी की असुविधा और नैदानिक जटिलता बढ़ जाती है। हालांकि टाइटेनियम मिश्र धातु और ज़िरकोनिया अपनी जैव अनुकूलता और यांत्रिक मजबूती के कारण व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं, लेकिन प्रत्येक सामग्री की अपनी कुछ सीमाएं हैं। टीआई6एआई4वी मुंह के नम वातावरण में संक्षारण और मसूड़ों के सिकुड़ने के प्रति संवेदनशील हो सकता है। ज़िरकोनिया, हालांकि दिखने में आकर्षक और संक्षारण प्रतिरोधी है, पर जल अपघटन के कारण समय के साथ अवक्रमित हो सकता है, जिससे इसकी दीर्घकालिक स्थिरता प्रभावित होती है।

इन चुनौतियों से पार पाने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान, इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (एआरसीआई) के वैज्ञानिकों ने एक कार्यात्मक रूप से एकीकृत 2 परतों वाली संरचना तैयार की है।

# जनपद को पर्यटन हब बनाने की तैयारी तेज, होटल कारोबारियों के साथ डीएम ने बनाई रणनीति

**जिला ब्यूरो प्रमुख/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद को प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में जनपद के होटल व्यवसायियों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जिले में पर्यटकों के ठहराव की व्यवस्था मजबूत करने, होटल व होमस्टे का विस्तार करने और पर्यटन क्षेत्र में निवेश बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि सोनभद्र में प्राकृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को विकसित कर जिले को प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकता है। इसके लिए पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ होटल और आतिथ्य क्षेत्र को भी मजबूत करना जरूरी है।

बैठक में जिलाधिकारी ने होटल कारोबारियों को निर्देश दिया कि उनके प्रतिष्ठानों में ठहरने वाले पर्यटकों का विवरण नियमित रूप से जिला पर्यटन कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। पर्यटकों के ठहराव से संबंधित आंकड़ों के आधार पर पर्यटन विभाग प्रभावी कार्ययोजना तैयार करेगा। इससे जिले में आने वाले पर्यटकों की संख्या, उनके ठहराव और पर्यटन गतिविधियों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने में मदद मिलेगी।

जिलाधिकारी ने होटल व्यवसायियों से शासन की ओर से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और होमस्टे स्थापित करने के लिए संचालित सब्सिडी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इच्छुक कारोबारी उद्योग विभाग के माध्यम से एमओयू कराकर अपने प्रतिष्ठानों का विस्तार कर सकते हैं। इससे पर्यटकों के लिए ठहरने और खान-पान की बेहतर सुविधाएं विकसित होंगी। उन्होंने कहा कि वाराणसी और आसपास के जनपदों में आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को सोनभद्र तक लाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है।

# रॉबर्ट्सगंज में पीडीए महासम्मेलन, सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने का आह्वान

**जिला ब्यूरो प्रमुख/ समाज जागरण**




सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज स्थित चंडी होटल के पास सोन पैलेस में विशाल पीडीए महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी और जन अधिकार पार्टी के नेताओं के साथ पीडीए समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी और जातीय जनगणना के मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। वक्ताओं ने पीडीए की एकजुटता पर जोर देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया। महासम्मेलन में जन अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं सांसद बाबू सिंह कुशवाहा भी सोनभद्र पहुंचे और उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत का संकेत है। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज ने तय कर लिया है कि अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव पहुंचकर लोगों को संगठन और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों के बारे में जागरूक करने की अपील की। सांसद ने भाजपा सरकार पर सामाजिक न्याय के विरोध में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों, नौजवानों, मजदूरों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और व्यापारियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीडीए की एकजुटता के माध्यम से इन वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाया जा सकता है। सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए पीडीए सरकार जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि पीडीए की बढ़ती एकजुटता से भाजपा घबराई हुई है। उन्होंने गरीब, पिछड़े और कमजोर वर्गों के हितों की लड़ाई को मजबूत करने के लिए सभी से समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ने का आह्वान किया। वहीं सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के लिए पीडीए समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की जरूरत बताई। उन्होंने कार्यकताओं से पीडीए आंदोलन को मजबूत करने का संकल्प लेने की अपील की। जन अधिकार पार्टी के प्रदेश प्रमुख महासचिव डॉ. भागीरथी सिंह मौर्य ने जातीय जनगणना का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आबादी के अनुपात में समाज के लोगों को अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने पीडीए समाज से एकजुट होकर सामाजिक न्याय की लड़ाई आगे बढ़ाने की अपील की।

महासम्मेलन में सपा, जन अधिकार पार्टी और पीडीए समाज से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संकुल से ब्लॉक तक पहुंची प्रतिभा, बभनी में 100 मेधावी विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**



सोनभद्र। बभनी ब्लाक के ब्लाक संसाधन केंद्र पर मंगलवार को परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए ब्लाक स्तरीय मेधावी प्रतियोगिता हुई। इसमें संकुल स्तर की प्रतियोगिता से चुने गए 100 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी बभनी सुनील कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में हुई। बभनी ब्लाक के 25 संकुल से 100 छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 3, 5, 6 और 8 के विद्यार्थी शामिल हुए। मेधावी प्रतियोगिता में भाषा, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी और सामाजिक विषय से जुड़े बहु विकल्पीय प्रश्न पूछे गए। कक्षा 3 और 5 के लिए 40 प्रश्न थे, जबकि कक्षा 6 और 8 की प्रतियोगिता में 50 प्रश्न शामिल थे।

इस परीक्षा में शिक्षक मनोज कुमार, भगवानदास, चेतन कुमार सिंह, विकास कुमार, अखिलेश मौर्या और राकेश कुमार यादव ने कक्ष निरीक्षक के तौर पर काम किया। एआरपी भानु प्रताप सिंह, अमित कुमार और चंद्रशेखर सिंह ने परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर प्रतियोगिता का जायजा लिया। इसके बाद परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।कक्षा 3 में अंशिका गुप्ता पहले, दीप मंगल सिंह दूसरे और कुमारी सोया तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा 5 में पल्लवी पहले, निखिल कुमार दूसरे और अभय कुमार तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 6 में आयुष कुमार पहले, सुनैना दूसरे और कुमारी दिव्याशी तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, कक्षा 8 में कुमारी अर्चना पहले, आलोक कुमार दूसरे और रंजीत कुमार तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के बाद हर कक्षा से टॉप तीन स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में भाग लेना ही अपने आप में एक बड़ी जीत है। विद्यालय स्तर से ब्लाक स्तर तक पहुंचना आपकी मेहनत और आगे बढ़ने के जज्बे का प्रमाण है। इस दौरान शिव कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार सिंह, द्वारिका गुप्ता, अनिल कुमार, अरविंद सिंह, पप्पू, अनुजा सिंह, कमलेश कुमार और ममता सहित कई लोग मौजूद रहे।

# लापता बेटे का दर्द बना ठगों का हथियार, साधु बनकर परिवार से ऐंठने चले थे 5 लाख, चार अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। 13 साल से लापता युवक बनकर परिवार की भावनाओं से खिलवाड़ करने और लाखों रुपये ठगने की साजिश का चोपन पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने साधु के वेश में पहुंचकर परिवार को कथित लापता बेटे के लौटने का भरोसा दिलाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने गुरु की दक्षिणा और भंडारे के नाम पर पहले छह लाख रुपये मांगे और बाद में पांच लाख रुपये देने का दबाव बनाया था। पुलिस के मुताबिक, रामसूरत साहनी के साले का पुत्र करीब 13 वर्षों से लापता था। इसी का फायदा उठाने के लिए नाग पंचमी के अवसर पर दो आरोपी साधु के वेश में मध्य प्रदेश के गढ़वा थाना क्षेत्र स्थित पिपरझर पहुंचे। उन्होंने परिवार से संपर्क कर खुद को 13 वर्षों से लापता युवक बताया और परिवार व रिश्तेदारों से जुड़ी जानकारी जुटाने लगे। आरोपियों ने भावनात्मक तरीके से परिवार को अपने जाल में फंसाने के लिए रोने का नाटक किया। इसके बाद परिवार को विंध्याचल बुलाया गया। वहां कथित युवक ने शरीर पर मौजूद बताए जा रहे निशान दिखाकर खुद को परिवार का लापता बेटा साबित करने की कोशिश की। परिजन लंबे समय बाद बेटे के मिलने की उम्मीद में उनकी बातों पर विश्वास करने लगे। इसके बाद कथित युवक ने गुरु की आज्ञा का हवाला देकर घर जाने से इनकार कर दिया। उसने गुरु को दक्षिणा और भंडारे के नाम पर चार हजार लोगों को चार बार भोजन कराने की बात कहते हुए परिवार से छह लाख रुपये मांगे। रुपये नहीं देने पर परिवार में गंभीर बीमारी आने और पूरी तरह बर्बाद होने जैसी बातें कहकर डराया गया। आर्थिक परेशानी बताने पर रकम घटाकर पांच लाख रुपये कर दी गई। बेटे के वापस मिलने की उम्मीद में परिवार ने रुपये जुटाने शुरू कर दिए। आरोपियों की मांग पूरी करने के लिए पशु, मकान और जमीन तक गिरवी रखने की बात सामने आई। इसके बाद आरोपियों ने परिवार को अलग-अलग जगह बुलाकर रुपये मांगना जारी रखा। परिवार ने जब विंध्याचल पहुंचकर पैसे देने की बात कही तो आरोपियों ने अपना ठिकाना बदलकर मुगलसराय की ओर होने की जानकारी दी। बाद में एक सदस्य ने आरोपियों द्वारा बताए गए खाते में एक लाख रुपये भेज दिए। इसके बावजूद आरोपियों ने और रकम की मांग जारी रखी। लगातार बढ़ती मांग और संदिग्ध गतिविधियों से परेशान परिवार ने चोपन पुलिस को सूचना दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मु.अ.सं. 347/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सूरा गोसाई (46), सिंटू (29), सेहालू उर्फ सेलू (66) और मंगल प्रसाद (29) के रूप में हुई है।

सभी आरोपी बलरामपुर जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने लंबे समय से इसी तरह लापता परिजनों वाले परिवारों को निशाना बनाने की बात बताई है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और पूर्व की घटनाओं की जानकारी जुटा रही है।

# गांजा तस्करी का अनोखा जुगाड़ फेल , कार की लाइट से निकले 24 किलो गांजे के 24 पैकेट

**समाज जागरण/ सन्तोष कुमार**

सोनभद्र। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बभनी पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा और एक वेरना कार बरामद की है। बरामद गांजा और कार की कुल अनुमानित कीमत करीब 17.07 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 6 सितंबर को बभनी थाना पुलिस टीम नधिरा तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बभनी की ओर से एक वेरना कार आ रही है, जिसमें गांजा तस्करी कर ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन संख्या UP70CD8010 को रोककर उसमें सवार दो लोगों से पूछताछ की और कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को कार की पीछे की लाइट के अंदर चोरी-छिपे बनाई गई कैविटी मिली। इसी गुप्त जगह में छिपाकर रखे गए 24 पैकेट गांजा बरामद हुए। वजन कराने पर गांजे की कुल मात्रा 24 किलो 150 ग्राम निकली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख 7 हजार 500 रुपये बताई गई। इसके अलावा पुलिस ने करीब पांच लाख रुपये कीमत की वेरना कार भी जब्त की। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय कुमार ओझा (23) पुत्र पवन ओझा और विकाश ओझा उर्फ अविनाश ओझा (26) पुत्र मिथिलेश ओझा के रूप में की है।

दोनों आरोपी ग्राम जमुआ बिहिया, जिला भोजपुर, बिहार के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी गांजे के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर बभनी थाने में मु.अ.सं. 195/2026, धारा 8/20/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जिला कारागार सोनभद्र भेज दिया गया।

कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुण वाल के पर्यवेक्षण और क्षेत्रा धिकारी दुद्धी विनय प्रभाकर साहनी के निर्देशन में की गई। टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार सरोज सहित थाना बभनी के पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मौत के बाद भी जिंदा रहेगा अभिषेक का उजाला, दान की आंखों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी की उम्मीद

**जिला ब्यूरो प्रमुख/ समाज जागरण**



सोनभद्र। दिल्ली में हुए दर्दनाक हादसे में रेणुकूट निवासी अभिषेक कुमार की मौत ने परिवार के साथ-साथ परिचितों और क्षेत्र के लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया। जिस बेटे के भविष्य को लेकर परिवार ने न जाने कितने सपने संजोए थे, मंगलवार को उसी बेटे का पार्थिव शरीर वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पहुंचा। यहां गमगीन माहौल में अभिषेक का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। बेटे को खोने का दर्द परिवार के लिए असहनीय है, लेकिन अभिषेक जाते-जाते ऐसा नेक काम कर गया, जिससे दो जरूरतमंद लोगों की जिंदगी में रोशनी आने की उम्मीद जगी है। अभिषेक दिल्ली विश्व विद्यालय में बीकॉम द्वितीय वर्ष का छात्र था। परिवार में वह सबसे छोटा था और अपने माता-पिता के साथ रेणुकूट स्थित हिंडाल्को कॉलोनी में रहता था। उसके पिता हिंडाल्को में क्रेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। बड़े भाई राजस्थान में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। हादसे के समय अभिषेक की मां अपने गांव गई हुई थीं। बेटे की मौत की खबर ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। परिजनों के अनुसार, हादसे की जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग अभिषेक का शव लेने दिल्ली पहुंचे। वहां बेटे की मौत के गम के बीच परिवार ने एक ऐसा फैसला लिया, जो अभिषेक की याद को हमेशा के लिए जीवित रखेगा। परिजनों ने उसकी आंखें दान करने का निर्णय लिया। इसके बाद अभिषेक की दोनों आंखों की कार्निया दान कराई गई। परिजनों का कहना है कि उनका बेटा भले ही अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसकी आंखों से किसी जरूरतमंद की जिंदगी में उजाला आ सकेगा। अभिषेक मूल रूप से चंदौली जिले के झांसी गांव का निवासी था। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार सुबह उसका पार्थिव शरीर वाराणसी लाया गया। पिता एंबुलेंस से बेटे का शव लेकर मणिकर्णिका घाट पहुंचे, जहां अंतिम संस्कार किया गया।

एक ओर घाट पर बेटे को अंतिम विदाई देने का दर्द है, तो दूसरी ओर उसकी आंखों के जरिए दो जिंदगियों को नई रोशनी मिलने की उम्मीद परिवार को भावुक कर रही है। अभिषेक की मौत से रेणुकूट की हिंडाल्को कॉलोनी और उसके पैतृक गांव में शोक की लहर है। कम उम्र में दुनिया से विदा हुआ अभिषेक जाते-जाते मानवता की ऐसी मिसाल छोड़ गया, जिसे लोग लंबे समय तक याद रखेंगे।

# जिलाधिकारी की पहल से बदली दिव्यांगों की राह, जनसुनवाई में दो लोगों को मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

**जिला ब्यूरो प्रमुख/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनसुनवाई में अपनी समस्या लेकर पहुंचे दोनों पैरों से दिव्यांग दो लोगों के लिए मंगलवार का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने उनकी आवागमन संबंधी परेशानी को देखते हुए दिनेश कुमार और प्रिंस एंटनी को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदान की। दोनों मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एनटीपीसी के सीएसआर फंड से उपलब्ध कराई गई हैं। ग्राम डुमरडीहा, तहसील दुद्धी निवासी दिनेश कुमार और ग्राम बाघोर, करमा, तहसील रॉबर्ट्सगंज निवासी प्रिंस एंटनी दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। दिव्यांगता के कारण उन्हें रोजमर्रा के जरूरी कामों और आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की पहल की। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने के बाद दोनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने शासन, जिला प्रशासन और एनटीपीसी के प्रति आभार जताया। अब मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की मदद से उन्हें आने-जाने में काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है। इससे वे अपने दैनिक और जरूरी कार्यों को पहले की अपेक्षा अधिक आसानी से कर सकेंगे। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों का उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाना है। मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने से दोनों लाभार्थियों ने इसे अपने लिए बड़ी मदद बताते हुए कहा कि अब आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भरता कम होगी। जनसुनवाई में मिली इस सहायता ने उनके लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नई राह खोल दी है।

# किसानों को स्प्रे मशीन, महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित

**समाज जागरण/ अकबर अली**



सोनभद्र। हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग, रेनुकूट के सीएसआर प्रमुख अनिल कुमार झा के नेतृत्व में मंगलवार को असनहर स्थित परिवार कल्याण केंद्र पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामग्री का वितरण किया गया। खंड विकास अधिकारी रूपेश कुमार मंडल ने क्षेत्र के 10 किसानों को फसलों में कीटनाशक एवं दवा के छिड़काव के लिए स्प्रे मशीन तथा पांच महिलाओं व युवतियों को सिलाई मशीन वितरित की। इस दौरान बीडीओ रूपेश कुमार मंडल ने महिलाओं और युवतियों को सिलाई मशीन के माध्यम से स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सिलाई-कढ़ाई का काम घर से शुरू कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं। गांव में प्रचार-प्रसार कर कपड़े सिलने का काम बढ़ाया जाए तो इससे अच्छी आमदनी अर्जित की जा सकती है। उन्होंने किसानों को आधुनिक तरीके से खेती करने और फसलों की बेहतर देखभाल के संबंध में भी जानकारी दी। कार्यक्रम मे ग्रामीण विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सोनी, राजबहादुर सिंह, ब्लॉक संयोजक लालकेश कुशवाहा, शिव पूजन, अजहर, रामचरन, लालमन और विजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सलखन में पिकअप की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत , अज्ञात चालक के खिलाफ एफआईआर

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के सलखन के समीप तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर चोपन पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत चोपन के वार्ड नंबर-2 निवासी बृजेश चंद्रवंशी (करीब 40 वर्ष), पुत्र त्रिवेणी, 31 अगस्त की शाम अपनी मोटरसाइकिल संख्या UP64 AK 8315 से रॉबर्ट्सगंज गए थे। काम निपटाने के बाद वह शाम करीब 6:20 बजे बाइक से अपने घर चोपन लौट रहे थे। इसी दौरान सलखन के समीप पीछे से आ रहे पिकअप वाहन संख्या UP63 CT 3455 के चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बृजेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस की मदद से उन्हें उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर लोढ़ी, रॉबर्ट्सगंज ले जाया गया, जहा उनका उपचार चल रहा था हालांकि, 1 सितंबर की सुबह करीब 7:30 बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बृजेश की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी पुष्पा ने चोपन थाने में तहरीर देकर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ संबंधित धाराओ में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चोपन पुलिस द्वारा अभियुक्त के घर पर नोटिस चस्पा कर मुनादी के माध्यम से की गई उद्घोषणा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



चोपन/ सोनभद्र। स्थानीय थाना पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ0टी0सी0, सोनभद्र द्वारा मुकदमा संख्या 372/19, धारा 138 एन0आई0 एक्ट, थाना चोपन से संबंधित अभियुक्त संत कुमार तिवारी पुत्र राम गोविंद तिवारी निवासी कुरहुल, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी आदेश पत्र एवं धारा 82 व 83 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अनुपालन में नियमानुसार कार्रवाई की गई।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के ग्राम कुरहुल स्थित घर पर दबिश दी गई, जहां अभियुक्त मौके पर मौजूद नहीं मिला तथा उसके मकान पर ताला बंद पाया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर उपस्थित दो गवाहों की मौजूदगी में अभियुक्त के मकान के मुख्य दरवाजे पर दर्शनीय एवं पठनीय नोटिस चस्पा किया गया। इसके साथ ही नियमानुसार मुनादी कराते हुए उद्घोषणा की गई तथा अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के संबंध में सार्वजनिक रूप से अवगत कराया गया।

# जहरीला जन्तु के काटने से 11 वर्षीय बालिका की मौत।

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। स्थानीय चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनारी ग्राम पंचायत के टोला जुडवानी में अपने परिवार के साथ एक चारपाई पर सो रही बालिका को विषैले जन्तु के काट लेने से किशोरी की मौत हो गई। आनन फानन में इलाज के लिए चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया गया जहाँ इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की मध्य रात्रि 11 वर्षीय सुरस्ती पुत्री राजकुमार गोड़ निवासी जुडवानी पनारी थाना चोपन घर में अकेले चारपाई पर सो रही थी, किसी विषैले जन्तु ने काट लिया है। विषैले जन्तु के काटने के बाद बालिका तेज आवाज से चिखने और चिल्लाने लगी, तेज आवाज सुनकर घर के लोग इलाज हेतू चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहा चिकित्सकों ने ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। और ट्रामा सेन्टर वाराणसी जाते समय ही बालिका की मौत हो गई जिसके उपरांत मृतक शव को परिजनों ने घर लौट आए और फिर चोपन थाना की पुलिस को सूचना दी गई जहा सूचना पाकर मौके पर पहुंची चोपन पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई सुरु कर दिया चोपन थाना के हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद यादव ने बताया कि 11 वर्षीय सुरसती की मौत सर्प के काटने से हुई है, शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है।

# दो बाइक की जोरदार टक्कर में बुजुर्ग महिला गम्भीर रुप से घायल, ईलाज के दौरान हुआ मौत

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुडवा चौराहे पर सोमवार की शाम सड़क पार करते समय प्लसर बाइक सवार ने दुसरे बाइक सवार को जोरदार धक्का मार दिया जिसमें दूसरे बाइक पर सवार बुजुर्ग महिला सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग महिला 55 वर्षीय सोमारी देवी पत्नी बबूली यादव निवासी चोराटीडंडी कोटा थाना चोपन थाना क्षेत्र के तेलगुडवा चौराहे पर अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर सड़क पार कर रही थी कि तेज गति से पल्सर प्लसर बाइक सवार ने धक्का मार दिया। दुर्घटना में महिला के सिर पर गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोगो के मदद से घटना महिला को आनन फानन में इलाज के लिए चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सोमारी देवी की तबियत खराब होते ही सोमवार की देर रात्रि जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहाँ ट्रामा सेण्टर पहुचने से पूर्व ही मंगलवार की सुबह एम्बुलेंस में महिला सोमारी की मौत हो गई। इस सन्दर्भ में चोपन थाना के हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद यादव ने बताया कि घायल की मौत हो गई जिसको लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है

# पांडरा पहुंचकर हरेलाल महतो ने वज्रपात पीड़ित परिवारों को बंधाया ढांढस

## मृतक महिलाओं के परिजनों से की मुलाकात, घायलों के इलाज में हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

**समाज जागरण**

सरायकेला खरसावां जिले के तिरुलडीह थाना क्षेत्र के पांडरा गांव में सोमवार दोपहर हुए वज्रपात की हृदयविदारक घटना के बाद मंगलवार को आजसू नेता सह समाजसेवी हरेलाल महतो पांडरा गांव पहुंचे। उन्होंने वज्रपात की चपेट में आकर जान गंवाने वाली दोनों महिलाओं के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



मंगलवार को दोनों मृतक महिलाओं के शव गांव पहुंचते ही पूरे पांडरा में मातम छा गया। परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। इसी बीच हरेलाल महतो पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे और उनके दुख में सहभागी बने। उन्होंने मृतका मुक्ता महतो और सोनामनी महतो के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की तथा दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान हरेलाल महतो ने कहा कि वज्रपात की इस घटना से वह बेहद दुखी हैं। गांव की दो महिलाओं की असमय मौत अत्यंत पीड़ादायक है, जबकि तीन अन्य महिलाओं का घायल होना भी चिंता का विषय है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इसके बाद हरेलाल महतो ने वज्रपात में घायल हुई महिलाओं के परिजनों से भी मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल में इलाजरत घायलों की स्थिति की जानकारी ली तथा उनके बेहतर इलाज के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

हरेलाल महतो ने मृतकों और घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार इस संकट की घड़ी में खुद को अकेला न समझें। जरूरत पड़ने पर आगे भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

हरेलाल महतो के गांव पहुंचने और पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने से ग्रामीणों को भी संबल मिला। ग्रामीणों ने इस दुख की घड़ी में परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें सहारा देने के लिए उनका आभार जताया।

इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, बबलू महतो, बुधेश्वर महतो, बाजीनाथ महतो, मेघनाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# 10 माइल स्टोन होटल हत्याकांड में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक और आरोपी गिरफ्तार; देसी पिस्टल, बाइक और दो मोबाइल बरामद

**समाज जागरण**

चांडिल। चांडिल थाना क्षेत्र के आसनबनी स्थित 10 माइल स्टोन होटल में जमशेदपुर के कारोबारी निखार सबलोक की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मामले में एक अन्य आरोपी अभिमन्यु सिंह उर्फ सिंटू सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बजाज एवेंजर मोटरसाइकिल, दो वीवो कंपनी के मोबाइल फोन तथा मैगजीन में एक राउंड जिंदा गोली के साथ एक लोडेड देसी पिस्टल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, 24 अगस्त 2026 को आसनबनी स्थित 10 माइल होटल में 33 वर्षीय निखार सबलोक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक



के पिता के लिखित आवेदन पर चांडिल थाना में हत्या और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में काफी सनसनी फैल गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए कोल्हान क्षेत्र के पुलिस उप-महानिरीक्षक और सरायकेला-खरसावां पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष अनुसंधान टीम (SIT) का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज, मानवीय सूचना और अन्य उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले की जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त Hyundai i10 कार (JH 05 AN 5503) भी बरामद कर ली है। रक्ळ की जांच में हत्या की वारदात में शामिल कई आरोपियों की पहचान की गई है। पुलिस लगातार अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अभिमन्यु सिंह उर्फ सिंटू सिंह, जो चांडिल क्षेत्र के कपाली ओपी इलाके का रहने वाला है, का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ झारखंड और आसपास के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हत्या, आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी पुलिस ने दी है।

गिरफ्तार आरोपी को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की गई। वहीं, पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई जारी है।

पुलिस की इस कार्रवाई में चांडिल पुलिस के अलावा सरायकेला जिला पुलिस की विशेष अनुसंधान टीम के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे।

# चांडिल में क्राइम मीटिंग: MCC उग्रवादियों पर कार्रवाई और कानून-व्यवस्था को लेकर SDPO ने की समीक्षा

**समाज जागरण**

चांडिल। चांडिल अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को एसडीपीओ शिव प्रकाश कुमार के नेतृत्व में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थाना प्रभारियों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण एवं लंबित मामलों की जानकारी साझा की।



बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ शिव प्रकाश कुमार ने बताया कि अगस्त माह के दौरान चांडिल अनुमंडल सहित सरायकेला-खरसावां जिले में एमसीसी से जुड़े कई उग्रवादियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। इस दौरान कई उग्रवादियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि उनकी निशानदेही पर हथियारों की बरामदगी भी की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की कार्रवाई में कुछ इनामी उग्रवादी भी गिरफ्त में आए हैं। वहीं, अनीता नामक एक महिला उग्रवादी ने हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण के बाद उसे भारत सरकार के निर्धारित नियमों एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल भेजा गया है।

क्राइम मीटिंग में क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण, उग्रवादी गतिविधियों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों को अपराधियों एवं उग्रवादी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने और आवश्यक कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए।

# चांडिल अनुमंडल की बेटी प्रीति महतो ने संस्कृत ऑनर्स में जीता स्वर्ण पदक

## ईचागढ़ की बेटी की उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष, जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह हुईं सम्मानित

**समाज जागरण**

चांडिल, 08 सितंबर : सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल के लिए मंगलवार का दिन गौरव का रहा। ईचागढ़ प्रखंड के चोगा निवासी प्रीति महतो ने संस्कृत ऑनर्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह में उन्हें राज्यपाल संतोष गंगवार की मौजूदगी में अतिथियों के हाथों स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआई के सभागार में आयोजित दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कुल 54 छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वहीं, विश्वविद्यालय की करीब



1990 छात्राओं को डिग्री एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इन्हीं 54 स्वर्ण पदक विजेताओं में ईचागढ़ की प्रीति महतो भी शामिल रहीं।

प्रीति महतो समाजसेवी सह आजसू नेता हरेलाल महतो के भाई अमित महतो की पत्नी हैं। उनकी इस उपलब्धि से मायके और ससुराल पक्ष के साथ-साथ ईचागढ़ और चांडिल क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

**किसान की बेटी ने मेहनत से हासिल किया मुकाम**

प्रीति महतो के पिता गुणाधर महतो किसान हैं, जबकि उनकी माता सुगामनी महतो गृहणी हैं। सीमित संसाधनों के बीच पली-बढ़ी प्रीति ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने प्राथमिक शिक्षा से लेकर दसवीं तक की पढ़ाई शहीद अजीत धनंजय महतो शिक्षा निकेतन, चोगा से पूरी की। इसके बाद महिला कॉलेज, चाईबासा से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की। आगे उन्होंने जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय से संस्कृत ऑनर्स में स्नातक की पढ़ाई पूरी की और 77 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

प्रीति ने डीएलएड की डिग्री भी हासिल की है। वर्तमान में वह जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय से ही संस्कृत विषय में एमए की पढ़ाई कर रही हैं।

**शादी के बाद भी जारी रखी पढ़ाई**

प्रीति महतो का विवाह वर्ष 2025 में आजसू नेता हरेलाल महतो के चचेरे भाई अमित महतो के साथ हुआ। विवाह के बाद भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और चांडिल के धातकीडीह स्थित ससुराल में रहकर उच्च शिक्षा हासिल कर रही हैं।

प्रीति की उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ भी दृढ़ इच्छाशक्ति, मेहनत और लगन के दम पर शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं। उनके स्वर्ण पदक जीतने से ईचागढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे चांडिल अनुमंडल में गर्व और खुशी का माहौल है।

# चांडिल के कांदरबेड़ा में खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई, वैध दस्तावेज के अभाव और ओवरलोडिंग में 5 वाहन जब्त

**समाज जागरण**

सरायकेला-खरसावां। जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के नेतृत्व में कांदरबेड़ा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान वैध दस्तावेज नहीं मिलने और ओवरलोडिंग पाए जाने पर खनिज लदे कुल पांच वाहनों को जब्त कर संबंधित थाना को सुपुर्द कर दिया गया।



उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला खनन विभाग द्वारा स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सहयोग से जिले में नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को कांदरबेड़ा काली मंदिर तथा कांदरबेड़ा-डोबो मार्ग के आसपास नाका लगाकर वाहनों की जांच की गई।

जांच के दौरान पत्थर लदे दो हाइवा, बालू लदे दो हाइवा और एक आयशर वाहन को रोककर जांच की गई। वाहन चालकों से खनिज परिवहन से संबंधित चालान समेत आवश्यक वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन पांचों वाहन चालक जरूरी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके।

जांच में यह भी पाया गया कि वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक मात्रा में खनिज सामग्री लदी हुई थी। इसके बाद जिला खनन पदाधिकारी ने दस्तावेजों के अभाव और ओवरलोडिंग के मामले में पांचों वाहनों को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। जब्त वाहनों को सुरक्षा और विधिसम्मत कार्रवाई के लिए संबंधित थाना को सुपुर्द किया गया है।

उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने कहा कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ जिला खनन विभाग, स्थानीय प्रशासन और पुलिस के संयुक्त सहयोग से जांच एवं प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। बिना वैध दस्तावेज के खनिज परिवहन करने और ओवरलोडिंग करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ प्रचलित नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किए नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक कैथलैब उद्घाटन

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 सितम्बर 2026: आदित्यपुर में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एनएसएमसीएच), आदित्यपुर में मंगलवार को नवनिर्मित अत्याधुनिक कैथलैब (Cath Lab) का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उपस्थित रहे। राज्यपाल ने विधिवत फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर इस नई स्वास्थ्य सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सक और कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



उद्घाटन के उपरांत मीडिया को संबोधित करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अस्पताल प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में निजी संस्थानों का ऐसा उन्नत ढांचा खड़ा करना सराहनीय कदम है। स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार सीधे आम जनता को राहत पहुंचाता है। जब स्थानीय स्तर पर इस स्तर की विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होती हैं, तो मरीजों और उनके परिजनों को इलाज के लिए बड़े शहरों या दूसरे राज्यों में भटकना नहीं पड़ता। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह संस्थान क्षेत्र के लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता रहेगा।

अस्पताल के अध्यक्ष (चेयरमैन) मदन मोहन सिंह ने कैथलैब की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोल्हान क्षेत्र के हृदय रोगियों के लिए यह एक बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि इस आधुनिक कैथलैब में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर इम्प्लांटेशन सहित हृदय रोग से जुड़ी तमाम जटिल प्रक्रियाओं की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। हार्ट अटैक के मामलों में 'गोल्डन ऑवर' के दौरान तुरंत इलाज मिलना जीवन रक्षक साबित होता है। इस केंद्र के शुरू होने से आपात स्थिति में मरीजों को जमशेदपुर या बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे समय पर सही इलाज मिलने से कई अनमोल जिंदगियां बचाई जा सकेंगी।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए एसआईआर जरूरी-बीडीओ

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर दावा-आपत्ति पर सुनवाई का सिलसिला जारी है। सुनवाई के दौरान मंगलवार को मतदाताओं की पहचान और पात्रता से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई।पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने तथा अयोग्य नामों को हटाने की दिशा में आवश्यक



कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान संबंधित मतदाताओं से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर उनकी जांच की जा रही है।कार्यक्रम में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अभिनव कुमार,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अजीत सिंह, पंचायती राज पदाधिकारी गंगाराम साह सहित एसआईआर कार्य से जुड़े पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।बीडीओ ने प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि जिन मतदाताओं को सुनवाई के लिए नोटिस प्राप्त हुआ है,वे नोटिस में दिए गए निदेर्शों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। निर्धारित तिथि एवं स्थान पर सूचीबद्ध 12 दस्तावेजों में से कोई एक आवश्यक दस्तावेज लेकर संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अथवा अधिकृत पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करें।उन्होंने कहा कि मेहरमा प्रखंड का एक भी योग्य मतदाता सूची से शामिल होने से वंचित न रहे और किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम सूची में नहीं रहे, इसके लिए प्रखंड प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।उन्होंने मतदाताओं से निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।बीडीओ ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित मतदाताओं से निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर दावा-आपत्ति की प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाया जा सके।

# एनआईटी जमशेदपुर में राष्ट्रीय महिला नेतृत्व सम्मेलन कल से, जुटेंगी 13 राज्यों की 150 प्रतिभागी

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 08 सितम्बर 2026:एनआईटी जमशेदपुर में 09 और 10 सितंबर को दो दिवसीय ह्यराष्ट्रीय महिला नेतृत्व सम्मेलन-2026ह्न का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (नई दिल्ली) के मार्गदर्शन में एनआईटी जमशेदपुर, श्रीनाथ विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (सरायकेला) के संयुक्त तत्वावधान में होगा।




सम्मेलन में 13 राज्यों से लगभग 150 महिला शिक्षाविद और नेतृत्वकर्ता शामिल होंगी। एनआईटी के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार ने इसे गौरव का विषय बताते हुए कहा कि यह मंच महिला शिक्षा और राष्ट्र के समग्र विकास को नई दिशा देगा।

उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा और विशिष्ट अतिथि प्रो. गौतम सूत्रधार होंगे। अध्यक्षता एआईयू की महासचिव व न्यास की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. पंकज मित्तल करेंगी। इस दौरान न्यास की राष्ट्रीय संयोजिका सुश्री शोभा ताई जी और राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी जी का मार्गदर्शन मिलेगा।

**सम्मेलन के चार विचार सत्रों की रूपरेखा:**

* सत्र 1: संचालन डॉ. आकृति गुप्ता करेंगी और मुख्य वक्ता जैमीपोल की एमडी सुश्री स्वाति बसु होंगी।
* सत्र 2: संचालन डॉ. अनामिका करेंगी और मुख्य वक्ता टीएमएच नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. उपमा होंगी।
* सत्र 3: संचालन डॉ. एकादशी जी करेंगी और मुख्य वक्ता दौलतराम कॉलेज की प्राचार्या प्रो. सविता रॉय होंगी।
* सत्र 4: संचालन श्रीमती मिमी सिकिया करेंगी और मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज व डीएसपी अरुणा मिश्रा होंगी।

समापन सत्र का संचालन डॉ. कविता परमार करेंगी। इसके मुख्य अतिथि झारखंड के सूचना आयुक्त श्री शिवपूजन पाठक, विशिष्ट अतिथि रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा और सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी जी होंगी।

आयोजन की संयोजिका कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ. शुक्ला महंती, सह-संयोजिका डॉ. कविता परमार और सह-संस्था संयोजक कुलसचिव डॉ. सरोज कुमार सारंगी हैं। प्रेस वार्ता को डॉ. शुक्ला महंती, झारखंड राय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पियूष रंजन, डॉ. शीतल कुमारी, डॉ. कविता परमार, डॉ. सरोज कुमार सारंगी और डॉ. विजय कुमार सिंह ने संबोधित किया।

# झामुमो कार्यालय में दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को दी श्रद्धांजलि, दो मिनट का रखा मौन

**समाज जागरण**

चांडिल: चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चिलगु भुईयांडीह स्थित झामुमो कार्यालय में मंगलवार को झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री एवं झामुमो के वरिष्ठ नेता सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।ईचागढ़ की विधायक सविता महतो समेत झामुमो नेताओं एवं कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा कि दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का निधन झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार के साथ-साथ पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। जनसेवा के प्रति उनका संघर्ष, समर्पण एवं योगदान सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के एक प्रखर योद्धा और वरिष्ठ नेता के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर हमेशा संघर्ष किया। उनका व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति समर्पण कार्यकताओं के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।




श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मामा एवं झामुमो केंद्रीय सदस्य चारू चांद किस्कू, झामुमो केंद्रीय सदस्य ओम प्रकाश लायेक, काबलू महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, जिप सदस्य पिंकी लायेक, दिलीप महतो, अरुण टुडू, धर्मु गोप, कृष्णा किशोर महतो, दिलीप किस्कू, नितेश वर्मा, समर भुईयां, अर्जुन सिंह मुंडा, शंकर लायेक समेत बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पटना के संपतचक में रसोइयों ने किया प्रदर्शन

## तीन माह का बकाया न मिलने पर 16 सितंबर को उग्र आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ में मानदेय के समय पर भुगतान समेत अपनी विभिन्न प्रमुख मांगों को लेकर मंगलवार को विद्यालय की रसोइयों ने संपतचक प्रखंड कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ (ऐक्टू) के आह्वान पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में भारी संख्या में महिला रसोइयों ने उत्साह और रोष के साथ हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारी रसोइयां प्राथमिक विद्यालय संपतचक से जुलूस की शक्ल में हाथों में तख्तियां लेकर निकलीं। यह जुलूस उप स्वास्थ्य केंद्र होते हुए सीधे प्रखंड कार्यालय पहुंचा, जहां सभा का आयोजन किया गया। प्रदर्शन के दौरान रसोइयों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, मानदेय का नियमित तथा समय पर भुगतान करने तथा मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) योजना से एनजीओ को पूरी तरह हटाने की जोरदार मांग उठाई। प्रदर्शन के पश्चात संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा और लंबित भुगतान सहित अन्य समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की। संघ की महासचिव सरोज चौबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रसोइयों को पिछले लंबे समय से मानदेय के भुगतान में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनके परिवारों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन महीने का बकाया मानदेय जल्द नहीं चुकाया गया, तो आगामी 16 सितंबर को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (BEO) के कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बावजूद यदि मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो छह अक्टूबर को राज्य के मुख्यमंत्री के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करने की भी घोषणा की गई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता जगदीश आर्य, संपतचक प्रखंड सचिव सत्यानंद कुमार, धनराज पासवान और लाल बाबू प्रसाद ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन तैयार करने वाली रसोइयों की समस्याओं को सरकार और शिक्षा विभाग को पूरी गंभीरता से लेना चाहिए।

# पटना के पुनपुन नदी में नहाने गए दो बच्चे डूबे, एक सुरक्षित बचा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के रामगंज स्थित पुनपुन नदी में नहाने गए दो बच्चे सोमवार की शाम अचानक गहरे पानी में चले गए, जिससे एक बड़ा हादसा हो गया। गौरीचक-अलावलपुर मार्ग के समीप हुई इस घटना में ग्रामीणों की तत्परता से एक बच्चे को तो सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन करीब 16 वर्षीय शारीरिक रूप से दिव्यांग किशोर प्रियांशु कुमार का कोई सुराग नहीं मिल सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रियांशु अपने परिवार के साथ रामगंज में पीएनबी के समीप पिछले करीब दस वर्षों से किराए के मकान में रह रहा था। उसका मूल परिवार वैशाली जिले के हाजीपुर का रहने वाला है। सोमवार की शाम करीब साढ़े चार बजे वह दोस्तों के साथ घर से निकला था। नदी में उतरने के बाद दोनों बच्चे गहरे पानी की चपेट में आकर डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद एक बच्चे को तो बचा लिया, लेकिन प्रियांशु पानी में ओझल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन और ग्रामीण देर रात तक टॉर्च की रोशनी में नदी किनारे उसकी तलाश करते रहे। अंधेरा अधिक होने के कारण सोमवार रात एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी थी। इसके बाद मंगलवार की सुबह करीब सात बजे एसडीआरएफ की टीम मोटरबोट और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ नदी पर पहुंची और युद्धस्तर पर तलाशी अभियान शुरू किया।

# पटना में टेंट सिटी रोड के गोदाम में छापेमारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बाईपास थाना क्षेत्र के टेंट सिटी रोड स्थित एक गोदाम से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से 266 कार्टन में करीब 2,365 लीटर विदेशी शराब, दो पिकअप वाहन और चार मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तीन शराब तस्करों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस के अनुसार, 7 सितंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि टेंट सिटी रोड स्थित एक गोदाम में अवैध शराब की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई है और उसे पिकअप वाहनों पर लोड किया जा रहा है। सूचना के आधार पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पटना के निर्देशन में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई।

# तीन जिलों में निगरानी की बड़ी कार्रवाई, 45 हजार रुपये रिश्वत लेते तीन गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



पटना। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना ने भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को तीन जिलों में एक साथ कार्रवाई करते हुए तीन सरकारी कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जहानाबाद, शेखपुरा और पटना में हुई अलग-अलग कार्रवाई में कुल 45 हजार रुपये रिश्वत की राशि बरामद की गई।

पहली कार्रवाई में जहानाबाद के सदर प्रखंड में मनरेगा के कनीय अभियंता अमन कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। निगरानी के अनुसार, ग्राम पंचायत जामुक में मनरेगा के तहत करीब 6.77 लाख रुपये की लागत से पूरी की गई तीन योजनाओं की मापी पुस्तिका के सत्यापन के एवज में आरोपी द्वारा तीन प्रतिशत रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए जाने के बाद निगरानी टीम ने अम्बेदकर चौक के पास स्थित एक ढाबे से उसे रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी कार्रवाई में शेखपुरा जिला परिवहन कार्यालय के निम्नवर्गीय लिपिक कुणाल कुमार को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि परिवादी के एग्रीकल्चर ट्रैक्टर को बिहार का नंबर दिलाने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी की टीम ने जिला परिवहन कार्यालय के वरीय लिपिक कक्ष में कार्रवाई करते हुए कुणाल कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

तीसरी कार्रवाई पटना में हुई, जहां जेपी गंगा पथ यातायात थाना (गांधी मैदान) में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक उपेन्द्र साह को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया। निगरानी के अनुसार, परिवादी के कब्जे में रखे वाहन को छोड़ने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत की पुष्टि के बाद निगरानी टीम ने जेपी गंगा पथ, दीघा स्थित यातायात थाना के सिरिस्ता कक्ष में कार्रवाई करते हुए उपेन्द्र साह को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार, तीनों मामलों में शिकायत मिलने के बाद आरोपों का सत्यापन कराया गया था। आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर संबंधित निगरानी थानों में प्राथमिकी दर्ज कर धावादल का गठन किया गया और कार्रवाई को अंजाम दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद उन्हें संबंधित विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। मामलों में आगे की जांच जारी है।

निगरानी ब्यूरो के अनुसार, वर्ष 2026 में भ्रष्टाचार के खिलाफ यह 105वीं, 106वीं और 107वीं प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई है। वहीं, ये क्रमशः 97वां, 98वां और 99वां ट्रैप कांड हैं। अब तक ट्रैप मामलों में कुल 99 अभियुक्तों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया जा चुका है। इन मामलों में कुल 36 लाख 58 हजार 800 रुपये रिश्वत की राशि बरामद की गई है। इसके अलावा एक नया वाशिंग मशीन भी बरामद किया गया है।

वर्ष 2025 में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा कुल 101 ट्रैप कांड दर्ज किए गए थे और रिश्वत के रूप में 37 लाख 80 हजार 300 रुपये बरामद किए गए थे।

# जिलाधिकारी ने जिला सामान्य शाखा कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव और महत्वपूर्ण मामलों के समयबद्ध निष्पादन का दिया निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार को जिला सामान्य शाखा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, पत्रों के निष्पादन, कर्मियों की कार्यप्रणाली, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संचिकाओं एवं पंजीयों को निर्धारित इंडेक्स के अनुसार क्रमबद्ध एवं सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन अभिलेख महत्वपूर्ण प्रशासनिक दस्तावेज हैं, इसलिए इनके रख-रखाव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अक्रियाशील संचिकाओं को भी चिन्हित कर सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान पर रखने को कहा गया, ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें आसानी से उपलब्ध कराया जा सके।

जिलाधिकारी ने मानवाधिकार, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, सूचना का अधिकार (आरटीआई), विधानसभा प्रश्न सहित अन्य महत्वपूर्ण पत्रों एवं मामलों के निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अपने दायित्वों का गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान चौकीदार सहित कर्मियों के सेवा संबंधी मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सेवानिवृत्ति से पूर्व नियमानुसार सेवांत लाभ की प्रक्रिया समय रहते पूरी करने तथा सभी कर्मियों के सेवा अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया, ताकि सेवानिवृत्ति के बाद किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सभी कर्मियों को कंप्यूटर संचालन एवं टाइपिंग का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल दक्षता से कार्यालयीन कार्यों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निष्पादन में मदद मिलेगी।

कार्यालय की भौतिक व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने नियमित साफ-सफाई, कार्यालय के सौंदर्यीकरण तथा आवश्यक सामग्रियों एवं उपकरणों को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं कार्य के अनुकूल बनाए रखने पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक दो माह में प्रभारी पदाधिकारी द्वारा तथा वर्ष में दो बार वरीय पदाधिकारी द्वारा कार्यालय का निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही जिले में निर्गत शस्त्रों का नियमानुसार समय पर नवीनीकरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यालय की कार्यप्रणाली में अनुशासन, पारदर्शिता और समयबद्धता प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सभी पदाधिकारी एवं कर्मी आमजन से जुड़े मामलों और महत्वपूर्ण पत्रों का निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता विभागीय जांच, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सहित संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

# नबीनगर : मारपीट एवं हत्या के प्रयास कांड में फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने मारपीट एवं हत्या के प्रयास कांड में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।यह मामला नबीनगर थाना कांड संख्या - 48/25 से जुड़ा है ।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सखी चन्द्रवंशी, पिता -स्व० बुधु चन्द्रवंशी और अंकित कुमार, पिता संजय चन्द्रवंशी दोनों थाना क्षेत्र के बडवान गांव निवासी थाना हैं। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्राथमिकी के बाद गिरफ्तारी के भय से दोनों फरार चल रहे थे जिसे गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# टंडवा पुलिस की कार्रवाई, अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार, स्कूटी जब्त

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा बाजार के समीप से पुलिस ने एक शराब कारोबारी को स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार कारोबारी की पहचान विजय यादव, पिता - श्यामदेव यादव, ग्राम - नेनुआ, थाना - नबीनगर, जिला - औरंगाबाद के रूप में हुई है ।पुलिस ने स्कूटी की तलाशी के दौरान 16.8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने शराब और स्कूटी को जब्त कर लिया है ।टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पात्र लाभुकों को पेंशन दिलाने के लिए 10 से 30 सितंबर तक चलेगा विशेष अभियान

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए जिले में 10 से 30 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया है।

अभियान के दौरान सभी प्रखंडों की ग्राम पंचायतों में ऐसे पात्र व्यक्तियों की पहचान की जाएगी, जो पात्रता रखने के बावजूद जानकारी, आवश्यक दस्तावेज या आवेदन प्रक्रिया में सहयोग के अभाव में पेंशन योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। पंचायत स्तर पर कर्मियों को क्षेत्रवार संपर्क कर पात्र लाभुकों की पहचान करने और आवेदन में आवश्यक सहयोग देने का निर्देश दिया गया है।

अभियान के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना तथा लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पात्र लाभुकों की पहचान कर उनका आवेदन कराया जाएगा।

आवेदन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मतदाता पहचान पत्र, बीपीएल प्रमाण-पत्र सहित योजना के अनुसार आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे। आवश्यक जांच और सत्यापन के बाद नियमानुसार आरटीपीएस के माध्यम से आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। प्रशासन यह भी सुनिश्चित करेगा कि किसी व्यक्ति को एक से अधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का अनावश्यक लाभ न मिले। पूर्व में किए गए आवेदन की स्थिति की भी जांच की जाएगी, ताकि स्वीकृत, लंबित या निष्पादित आवेदन होने की स्थिति में दोबारा अनावश्यक आवेदन न कराया जाए।

जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा करने तथा यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना के लाभ से वंचित न रहे और किसी अपात्र व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिले। जिला प्रशासन ने पात्र लोगों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित प्रखंड कार्यालय में आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराएं।

# सड़क सुरक्षा अभियान में 97 वाहनों की जांच, 32 पर कार्रवाई

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिले में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन नियमों के अनुपालन को लेकर परिवहन विभाग की ओर से 5 से 7 सितंबर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया।




जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान के दौरान ट्रक एवं जुगाड़ वाहनों सहित विभिन्न वाहनों की सघन जांच की गई। अभियान के दौरान जिला परिवहन विभाग के पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर कुल 97 वाहनों की जांच की। जांच के क्रम में परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 32 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4 लाख 43 हजार 500 रुपये दंड की राशि वसूल की गई। वहीं, नियमों के उल्लंघन के मामले में 6 वाहनों को जब्त किया गया।

परिवहन विभाग की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप रहा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर जांच एवं प्रवर्तन अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पटना के दुलहिन बाजार में दो दिवसीय किसान वैज्ञानिक वार्ता का आयोजन आधुनिक खेती पर हुई विस्तृत चर्चा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ दुलहिन बाजार के प्रखंड कृषि कार्यालय के सभागार में मंगलवार को दो दिवसीय किसान वैज्ञानिक वार्ता कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कृषि को उन्नत बनाने, किसानों की आय बढ़ाने और खेती में आ रही अड़चनों को दूर करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन विशिष्ट अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन दुलहिन बाजार की सहायक तकनीकी प्रबंधक सीनू जुनेजा ने किया। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि तकनीकों, उन्नत किस्म के बीजों के चयन, मिट्टी की जांच, और फसल सुरक्षा के विभिन्न उपायों के बारे में बेहद महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वैज्ञानिकों ने जोर देकर कहा कि पारंपरिक खेती के साथ यदि वैज्ञानिक तरीकों को अपनाया जाए, तो खेती की लागत कम होगी और मुनाफा कई गुना अधिक प्राप्त किया जा सकता है। इस दो दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यक्रम में ए.आर.ए. के वरीय वैज्ञानिक डॉ. एस.पी. सिन्हा और आत्मा, पटना के उप परियोजना निदेशक विजेंद्र मनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने किसानों का मार्गदर्शन करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं और अनुदानों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनंजय कुमार उर्फ चंचल, दुलहिन बाजार, पालीगंज और बिक्रम–इन तीनों प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी आयशा आशिक, तीनों प्रखंडों के किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे। सभी ने कृषि क्षेत्र में आ रही चुनौतियों और उनके समाधान पर आपस में खुलकर विचार-विमर्श किया। इस आयोजन से क्षेत्र के किसानों में नई उम्मीद और उत्साह देखने को मिला, जिससे आने वाले दिनों में स्थानीय स्तर पर कृषि विकास को और गति मिलने की पूरी संभावना है।

# नबीनगर रोड रेलवे क्वार्टर से बाइक चोरी, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर रोड स्थित रेलवे क्वार्टर संख्या ऊ4 से बीते 6 सितंबर की मध्य रात्रि को एक स्प्लेंडर प्लस बाइक बीआर 26 एक्स 6665 चोरी हो गई ।पीड़ित राजकुमार रजक ने बताया कि वह अपनी पुत्री के इलाज के लिए सासाराम गए थे और अपनी बाइक रेलवे क्वार्टर सुबह में लगाकर गए थे। जब वह रात्रि लगभग 1:30 बजे इलाज कराकर वापस लौटे तो उनकी गाड़ी गायब थी ।इस संबंध में पीड़ित ने 7 सितंबर को थाना में आवेदन देकर पुलिस से गाड़ी बरामदगी की गुहार लगाई है ।वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# पटना में दुलहिन बाजार के सरकुना गांव में पहुंचे एसडीएम

## जल-जमाव समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों के साथ की बैठक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखंड अंतर्गत आने वाले सरकुना गांव में लंबे समय से चली आ रही जल-जमाव की गंभीर समस्या के स्थायी निदान हेतु अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) चंदन कुमार ने अचानक दौरा किया और ग्रामीणों के साथ एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने जमीनी हकीकत का जायजा लिया और ग्रामीणों को जल-जमाव की विकराल समस्या से मुक्ति दिलाने के संबंध में आवश्यक सुझाव और कड़े निर्देश दिए। एसडीएम चंदन कुमार ने ग्रामीणों से विशेष और कड़े शब्दों में अपील करते हुए कहा कि जल निकासी के लिए बने प्राकृतिक और कृत्रिम नालों को किसी भी कीमत पर अतिक्रमण और कचरे से पूरी तरह मुक्त रखा जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि गांव की नालियों की नियमित साफ-सफाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि पानी का बहाव लगातार बना रहे और कहीं भी जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अंचल अधिकारी, दुल्हिन बाजार को तत्काल प्रभाव से जल-जमाव से प्रभावित सभी स्थानों का स्थल निरीक्षण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। इसके साथ ही, पानी की सुगम निकासी के लिए आवश्यकतानुसार नए नालों और पुलिया के निर्माण तथा युद्धस्तर पर साफ-सफाई के कार्य कराने के भी निर्देश दिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। एसडीएम ने इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सख्ती के साथ-साथ जब तक जनसहयोग नहीं मिलेगा, तब तक पूर्ण सफलता मिलना कठिन है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही सरकुना गांव को जल-जमाव की समस्या से पूरी तरह मुक्त किया जा सकता है। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में मौजूद आम जनता ने मिलकर इस दिशा में कई ठोस कदम उठाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया, जिससे ग्रामीणों में एक नई उम्मीद जगी है।

# पटना के पालीगंज उपकारा में कैदी बंदी दरबार का आयोजन

## पेयजल और अन्य समस्याओं पर हुई चर्चा, एसडीएम ने बंदियों को दिए आवश्यक निर्देश

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ मंगलवार को जिला पदाधिकारी, पटना के दिशा-निर्देशानुसार उपकारा रामपुर नागवाँ, पालीगंज में एक विशेष कैदी बंदी दरबार एवं पेयजल समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (SDM) पालीगंज चंदन कुमार ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों की समस्याओं को सुनना, उनके पेयजल की स्थिति का जायजा लेना, किचेन का निरीक्षण करना तथा उन्हें उनके परिवारजनों से दूर रहने के दौरान मानसिक संबल प्रदान करना था। इस दौरान एसडीएम चंदन कुमार और जेल अधीक्षक ने संयुक्त रूप से उपस्थित सभी बंदियों को संबोधित किया।

एसडीएम ने बंदियों को कानून का पूर्ण पालन करने तथा अपने कानूनी अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कैदियों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या कठिनाई होने पर वे उचित माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराकर कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने जेल परिसर में पेयजल की उपलब्धता और किचेन की व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

अपने संबोधन में एसडीएम चंदन कुमार ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों की भी पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बंदियों को एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं बेहतर समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, जेल के भीतर आपसी भाईचारा बनाए रखने और कानून-व्यवस्था का पूरा सम्मान करने की बात कही। दरबार के दौरान बंदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रश्न उठाए गए और उनकी व्यक्तिगत समस्याओं पर भी गंभीर चर्चा की गई, जिसके समाधान हेतु मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस पहल से बंदियों में सकारात्मक सोच और कानूनी जागरूकता का संचार हुआ है।

# माली थाना क्षेत्र से मारपीट एवं हत्या के प्रयास मामले में एक गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र में पुलिस ने मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार




अभियुक्त की पहचान कृष्ण सिंह, पिता श्याम नारायण सिंह, ग्राम ढिबरा पर, थाना माली के रूप में हुई है ।यह गिरफ्तारी माली थाना कांड संख्या - 39/25 के तहत की गई है।

थानाध्यक्ष दीपक कुमार राय ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कई दिनों बाद पुनपुन नदी पुल से गुजरी गया-पटना सवारी ट्रेन यात्रियों के चेहरे पर लौटी खुशी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ पुनपुन नदी का जलस्तर घटने के बाद कई दिनों से बाधित चल रही गया-पटना रेल सेवा मंगलवार की शाम आखिरकार धीरे-धीरे पटरी पर लौटती नजर आई। गया से पटना की ओर जाने वाली यात्रियों से भरी एक सवारी ट्रेन मंगलवार की शाम करीब 6 बजकर 54 मिनट पर पुनपुन नदी के ऐतिहासिक रेल पुल से सुरक्षित गुजरी। ट्रेन को इस पुल से गुजरते देख वहां मौजूद और सफर कर रहे यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई। रेलवे कर्मियों और स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, नदी का जलस्तर कम होने और रेल पुल की स्थिति में सुधार होने के बाद डाउन लाइन से इस सवारी ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए ट्रेन को पुनपुन नदी पुल पर काफी धीमी गति से चलाया गया। करीब एक मिनट तक धीमी गति से चलने के बाद ट्रेन ने सुरक्षित रूप से पुल को पार किया, जिसके बाद लोको पायलट ने ट्रेन की गति बढ़ाई और गाड़ी पटना जंक्शन की ओर रवाना हो गई। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से पुनपुन नदी के उफान और खतरे के निशान के करीब बहने के कारण पटना-गया रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित था। पानी का तेज बहाव पुल के करीब पहुंचने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से गया-पटना के बीच चलने वाली कई महत्वपूर्ण सवारी ट्रेनों और एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करना पड़ा था। वहीं, कुछ अन्य ट्रेनों का परिचालन लंबे फेरबदल के बाद दूसरे रेल मार्गों से कराया जा रहा था, जिससे रोजाना सफर करने वाले यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

मंगलवार को जैसे ही नदी का पानी कम हुआ और गया से पटना के लिए सवारी ट्रेन का परिचालन शुरू हुआ, इसने आम यात्रियों को बहुत बड़ी राहत दी है। कई दिनों से रेल सेवा ठप रहने के कारण लोगों को सड़क मार्ग या अन्य महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा था। ट्रेन के पुनपुन नदी पुल को पूरी तरह सुरक्षित पार करने के बाद अब क्षेत्र के यात्रियों में जल्द ही सामान्य रेल परिचालन पूरी तरह बहाल होने की मजबूत उम्मीद जग गई है, जिससे दैनिक यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

# पटना में ऑटो सवार उच्चकों ने इंस्पेक्टर के गले से उड़ाई सोने की चेन, पुलिस छानबीन में जुटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के रूपसपुर थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां ऑटो पर सवार होकर जा रहे एक पुलिस इंस्पेक्टर के गले से शातिर उच्चकों ने सोने की चेन चोरी कर ली। इस घटना के बाद से पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया है। पीड़ित इंस्पेक्टर राम विलास सिंह वर्तमान में पटना एसएसपी कार्यालय में आरटीपीएस (RTPS) पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। घटना के संबंध में उन्होंने स्थानीय रूपसपुर थाने में अज्ञात उच्चकों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। लिखित आवेदन में इंस्पेक्टर राम विलास सिंह ने बताया कि वे किसी कार्य से ऑटो पर सवार होकर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान ही भीड़भाड़ या शातिर अंदाज का फायदा उठाकर उच्चकों ने उनके गले से सोने की चेन पार कर दी। इस बात की जानकारी उन्हें तब हुई जब वे सुरक्षित अपने घर पहुंचे। घर पहुंचने पर जब उन्होंने गले पर हाथ रखा, तो चेन गायब मिली। इसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी और न्याय की गुहार लगाई। घटना की सूचना मिलते ही रूपसपुर थाना की पुलिस हरकत में आ गई है। रूपसपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़ित इंस्पेक्टर के आवेदन पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस फिलहाल इस मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए घटना स्थल और उसके आसपास के रूट पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि उच्चकों की पहचान की जा सके। इसके साथ ही, जिस ऑटो पर इंस्पेक्टर सवार थे, उस ऑटो और उसके चालक के बारे में भी सुराग जुटाए जा रहे हैं ताकि जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सके।